सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 4 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 4, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**न्यायिक अवसंरचना की दक्षता बढ़ाना जरूरी**

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि न्यायपालिका के बुनियादी ढांचे का विकास बेहद जरूरी है ताकि वादों का जल्द निपटान किया जा सके। } 14

**बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत की वंदनीय विरासत का अटूट हिस्सा**

प्रधानमंत्री मोदी ने बुद्ध से जुड़ी वस्तुओं की एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और कहा कि ये केवल वस्तुएं नहीं हैं बल्कि भारत की वंदनीय विरासत का अटूट हिस्सा हैं। } 16

## पौष पूर्णिमा स्नान के साथ माघ मेला शुरू

### प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में 23 लाख श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

जिला संवाददाता



प्रयागराज। पौष पूर्णिमा स्नान के साथ शनिवार से संगम की रेती पर माघ मेला प्रारंभ हो गया। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और युवा सुबह से ही गंगा और संगम की ओर जाते दिखाई दिए। शाम छह बजे तक लगभग 23 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि माघ मेले के प्रथम स्नान पौष पूर्णिमा पर शनिवार शाम चार बजे तक 23 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। इस स्नान पर्व के साथ एक माह का कल्पवास भी आज से शुरू हो गया। त्रिवेणी संगम आरती सेवा समिति के अध्यक्ष आचार्य राजेंद्र मिश्र ने बताया कि माघ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बेहतर कानून व्यवस्था से यूपी बना निवेशकों की पहली पसंद

### सीएम योगी से मिले सीआईआई के प्रतिनिधि, राज्य में व्यापार का बन रहा बेहतर माहौल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बेहतर कानून व्यवस्था और स्थिर प्रशासनिक माहौल के चलते उत्तर प्रदेश अब देशभर के उद्योग जगत की पहली पसंद बनता जा रहा है। सुरक्षा, अनुशासन और निष्पक्ष शासन ने निवेशकों का भरोसा प्रदेश में मजबूत किया है। इसके परिणामस्वरूप बड़े, मध्यम और छोटे तीनों सेगमेंट के उद्योग तेजी से उत्तर प्रदेश की ओर रुख कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान उद्योग प्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी, नई दिल्ली, उमाशंकर भरतिया, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, इण्डिया ग्लाइको लि., दिल्ली / नोएडा व सुनील मिश्रा ने मुलाकात कर निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विस्तार को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश का सिस्टम और गवर्नेंस मॉडल पूरी तरह बदला है।



अब जमीन पर काम करना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हुआ है और परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सीएम योगी ने वाराणसी में की विकास कार्यों की समीक्षा

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को काशी पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने दालमंडी सड़क चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण के कार्यों को शीघ्रता से किये जाने और सड़क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इससे संबंधित न्यायालयों में लंबित मामलों की उचित पैरवी कर शीघ्रता से निस्तारण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में बाढ़ बचाव से सम्बन्धित कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए उनके सुझावों को भी प्रस्तावों में शामिल करें। मुख्यमंत्री ने वरुणा नदी पुनरोद्धार के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### वाराणसी में राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वाराणसी के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। चार से 11 जनवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में पूरे देश से 1,000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों और संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाली 58 टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। यहां जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार इस टूर्नामेंट में भारतीय वॉलीबाल में उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा, खेल भावना और प्रतिभा का प्रदर्शन होने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि वाराणसी में 72वें राष्ट्रीय वॉलीबाल टूर्नामेंट की मेजबानी यह दर्शाता है कि शहर में खेल अवसंरचना को मजबूत करने के साथ खेल विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। बयान के मुताबिक यह शहर को प्रमुख राष्ट्रीय आयोजनों के केंद्र के रूप में और अधिक प्रतिष्ठित बनाता है।

### बच्ची की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

बुलंदशहर। जिले में पुलिस ने पांच साल की बच्ची की हत्या करने के आरोपी दो अभियुक्तों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को देर शाम पुलिस को जानकारी मिली थी कि सिकन्द्राबाद थाना अंतर्गत रजपुरा मोहल्ले में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ी है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व बच्ची के परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। बच्ची के पिता की शिकायत के आधार पर सिकन्द्राबाद थाने में सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया किया गया है।

## वेनेजुएला पर अमेरिका ने की बमबारी

### राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी को बनाया बंधक, कई सैन्य प्रतिष्ठनों को बनाया निशाना

एजेंसी




काराकस (वेनेजुएला)। अमेरिका ने शुक्रवार देर रात को वेनेजुएला पर बड़े पैमाने पर हमला किया। अमेरिका ने कहा है कि देश के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ लिया गया है तथा देश से बाहर ले जाया गया है।

अमेरिका ने इसे एक असाधारण रात्रिकालीन अभियान बताया जिसकी घोषणा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले के कुछ घंटों बाद सोशल मीडिया पर की। वहीं, वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रॉड्रिग्ज ने कहा कि मादुरो, उनकी पत्नी के बारे में कोई जानकारी नहीं हैं। उन्होंने कहा हम उनके जीवित होने का सबूत चाहते हैं। वेनेजुएला की राजधानी काराकस में कम ऊंचाई पर उड़ते कई विमानों और कम से कम सात विस्फोटों की आवाज सुनी गई। शुक्रवार देर रात स्थानीय समयानुसार करीब दो बजे हुई इस घटना को लेकर टिप्पणी करते हुए वेनेजुएला सरकार ने अमेरिका पर कई राज्यों में सैन्य तथा सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने का आरोप लगाया।

वेनेजुएला की सरकार ने इसे साम्राज्यवादी हमला करार दिया और नागरिकों से सड़कों पर उतरने का आह्वान किया। अभी यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि देश का शासन किसके हाथ में है और मादुरो कहां हैं इस बारे में भी तुरंत जानकारी नहीं मिली है। ट्रंप ने 4:30 बजे (ईस्टर्न टाइम) के बाद ट्रुथ सोशल पर इन घटनाक्रमों की घोषणा की। ट्रंप ने कहा मदुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर देश से बाहर भेज दिया गया है। यह अभियान अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग से चलाया गया। विस्तृत जानकारी जल्द दी जाएगी। काराकस में एक सैन्य अड्डे से धुआं उठता देखा गया। राजधानी के एक अन्य सैन्य प्रतिष्ठान में बिजली गुल रही। विभिन्न इलाकों में लोग घरों से निकलकर सड़कों पर आ गए। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि इस हमले में कोई हताहत हुआ है या नहीं। यह हमला 30 मिनट से भी कम समय तक चला, लेकिन यह स्पष्ट नहीं था कि आगे और भी कार्वाई होगी या नहीं। हालांकि ट्रंप ने अपने पोस्ट में कहा कि हमले सफलतापूर्वक अंजाम दिए गए। विस्फोटों से पहले लगातार सैन्य गतिविधि के कारण अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन ने वेनेजुएला के हवाई क्षेत्र में अमेरिकी वाणिज्यिक उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब ट्रंप प्रशासन ने मादुरो पर दबाव बढ़ाया है। ट्रंप ने मादुरो पर अमेरिका में नशीले पदार्थों से जुड़े आतंकवाद का सहारा लेने का आरोप लगाया है। पिछले हफ्ते वेनेजुएला के मादक पदार्थ गिरोहों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एक डॉकिंग (बंदरगाह) क्षेत्र पर अमेरिका खुफिया एजेंसी सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (सीआईए) ने ड्रोन हमला किया था। सितंबर में अमेरिका द्वारा हमले शुरू किए जाने के बाद से वेनेजुएला की धरती पर यह पहला ज्ञात प्रत्यक्ष अभियान था। ट्रंप महीनों से धमकी दे रहे थे कि मादक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## छत्तीसगढ़ : दो मुठभेड़ों में मारे गये 14 नक्सली



एजेंसी

सुकमा/बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों के साथ शनिवार को दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 14 नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सुरक्षाबलों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सटीक रणनीति, सतत दबाव और मजबूत जमीनी पकड़ के चलते यहां माओवादी नेटवर्क तेजी से ढह रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने सुकमा जिले में 12 नक्सलियों तथा पड़ोसी जिले बीजापुर में दो अन्य नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने बताया कि बीजापुर और सुकमा जिलों के दक्षिणी क्षेत्रों में सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने तलाश अभियान शुरू किया। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि शुक्रवार रात जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) ने यह अभियान शुरू किया था और सुबह करीब लगभग आठ बजे किस्टाराम इलाके के जंगल में गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने बताया मुठभेड़ स्थल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## केकेआर ने मुस्तफिजुर को टीम से निकाला

### बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले के चलते हो रहा था विरोध

एजेंसी



गुवाहाटी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र से पहले बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज कर दिया। बीसीसीआई ने भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बढ़ते तनाव के मद्देनजर यह कदम उठाया।

पिछले महीने खिलाड़ियों की नीलामी में केकेआर ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रहमान को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। उनका आधार मूल्य दो करोड रुपए था। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के साथ कड़ी बोली प्रक्रिया के बाद केकेआर इस 30 वर्षीय गेंदबाज को अपनी टीम से जोड़ने में सफल रहा था। बीसीसीआई ने कहा कि 26 मार्च से शुरू होने वाली लीग में जरूरत पड़ने पर केकेआर को उनके स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी का चयन करने की अनुमति होगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने पीटीआई को बताया, बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स से मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने को कहा है। जरूरत पड़ने पर वह उनके स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी के चयन के लिए कह सकते हैं। अगर वह अनुरोध करते हैं तो बीसीसीआई उन्हें किसी अन्य खिलाड़ी को अपनी टीम से जोड़ने की अनुमति देगा। सैकिया से जब पूछा गया कि बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स को ऐसा करने के लिए क्यों कहा है, तो उन्होंने कहा, हाल ही में हुई घटनाओं के कारण। केकेआर ने बाद में कहा कि उसने बीसीसीआई के निर्देश पर कार्वाई ...शेष पृष्ठ 14 पर

### लविवि के कुलपति बने प्रो. जेपी सैनी



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का कुलपति प्रो. जेपी सैनी को बनाया गया है। अभी वह मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति हैं। इस सम्बन्ध में शनिवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि प्रो. जेपी सैनी को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए कुलपति नियुक्त किया है। बीते जुलाई में लविवि कुलपति प्रो. आलोक राय का चयन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) कोलकाता में होने के बाद तत्कालीन प्रति कुलपति व राजनीति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. मनुका खन्ना... शेष पृष्ठ 14 पर

## धामी ने माल्टा महोत्सव का किया शुभारंभ

### उत्तराखंड के पारम्परिक फल 'माल्टा' को राष्ट्रीय फलक पर स्थापित करेगी सरकार

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के पारंपरिक फल माल्टा को राष्ट्रीय फलक पर स्थापित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा राजधानी दिल्ली में भी उत्तराखंड माल्टा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस आशय की घोषणा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजकीय उद्यान, सर्किट हाउस गढ़ीकैंट में आयोजित उत्तराखंड माल्टा महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर की। महोत्सव के शुभारंभ समारोह में मुख्यमंत्री के साथ उनकी धर्मपत्नी गीता पुष्कर धामी भी मौजूद रहीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य में माल्टा की खेती, उसके मूल्य संवर्धन तथा बाजार उपलब्धता को सुदृढ़ करने के लिए एक नई पहल के रूप में माल्टा मिशन शुरू करने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों से आए किसानों द्वारा लगाए गए माल्टा एवं अन्य नींबू वर्गीय फलों के स्टॉलों को देखा। मुख्यमंत्री ने साइट्रस फलों से निर्मित उत्पादों का स्वाद चखा तथा किसानों के नवाचार और परिश्रम की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलती है और किसानों में आत्मविश्वास ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

अधिकतम : 16.06 डिसे.
न्यूनतम : 9.00 डिसे.

**भीतर पढ़ें**


- एआई सिटी यूपी को बनायेगी वैश्विक टेक हब (पृष्ठ-02)
- सिंचाई परियोजनाओं के लिए धनराशि स्वीकृत (पृष्ठ-02)
- दूषित पेयजल पर भिड़े भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता (पृष्ठ-14)
- पारिस्थितिकी जोखिम में अरावली पर्वतमाला (पृष्ठ-14)
- तंबाकू उत्पादों पर शुल्क में बढ़ोतरी से नुकसान (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** राहगीरों को सर्दी से मिली राहत, जगह-जगह अलाव तापते दिखे लोग

## विराज सागर दास ने शहर में जगह-जगह जलवाये अलाव

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से राहत दिलाने के उद्देश्य से बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाए। इससे राहगीरों, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालकों, गरीबों, मजदूरों और ट्रेन, बस या अन्य वाहनों का इंतजार कर रहे लोगों रात काटने और टाइम पास करने में मदद मिली।

गौरतलब है कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। बहुत से गरीब सर्दी की रात में खुले आसमान के नीचे







कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। शहर के हर गली-मोहल्ले चौराहे पर विराजसागर दास द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल ...शेष पृष्ठ 14 पर

# साइबर कमांडो करेंगे अपराधियों का काम तमाम

## आईआईटी कानपुर, नया रायपुर, मद्रास, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) के एक्सपर्ट से ली ट्रेनिंग

विशेष संवाददाता (vol)

- एसपीजी और एनएसजी कमांडो की तर्ज पर तैयार किये गये साइबर कमांडो
- पहले चरण में 15 पुलिस कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण, एनएफएसयू गुजरात और नई दिल्ली से भी ली ट्रेनिंग



**लखनऊ।** योगी सरकार ने साइबर अपराधियों की कमर तोड़ने और साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए साइबर कमांडो की एक विशेष टीम तैयार की है। इन कमांडो को एसपीजी और एनएसजी कमांडो की तर्ज पर देश के विभिन्न उच्च संस्थानों के एक्सपर्ट द्वारा साइबर अपराध और ठगी को रोकने के लिए ट्रेनिंग दी गयी है। जिस तरह से एनएसजी और एसपीजी कमांडो अपने कार्य क्षेत्र में दक्ष होते हैं, यही भी ठीक उसी तरह अपने कार्य क्षेत्र में दक्ष (साइबर अपराध को रोकने) हैं। इसके साथ ही साइबर कमांडो को हाईटेक टेक्नोलॉजी और टूल्स से लैस किया गया है ताकि साइबर ठगों के नेक्सेज को पूरी तरह से नेस्तनाबूद किया जा सके।

**आईआईटी कानपुर, नया रायपुर, मद्रास और आरआरयू के एक्सपर्ट से ली ट्रेनिंग :** साइबर/ सीआईडी डीजी बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये थे। ऐसे में मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरुप अत्याधुनिक तकनीक से लैस करते हुए ह्यसाइबर कमांडो की विशेष टीम तैयार की गई है।

इस टीम में कुल 15 पुलिसकर्मी शामिल हैं। ये साइबर कमांडो न केवल साइबर ठगी और डिजिटल अपराधों पर लगाम लगाएंगे, बल्कि आम नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। इन साइबर कमांडो की संरचना और प्रशिक्षण एसपीजी और एनएसजी कमांडो की तर्ज पर दिया गया है। जिस तरह देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के लिए विशेष बल कार्य करते हैं, उसी प्रकार साइबर कमांडो डिजिटल दुनिया में अपराधियों के खिलाफ मोर्चा संभालेंगे। उन्होंने बताया कि इन 15 साइबर कमांडो को तैयार करने में देश के प्रतिष्ठित तकनीकी और सुरक्षा संस्थानों की विशेषज्ञता ली गई है। इन्हे आईआईटी कानपुर, नया रायपुर, मद्रास और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू), गुजरात के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू), गुजरात और नई दिल्ली से साइबर फॉरेंसिक, डिजिटल ट्रेसिंग और ऑनलाइन अपराध की जांच से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की ट्रेनिंग ली गई।

**साइबर कमांडो जिला और थाने स्तर के पुलिसकर्मियों को दे रहे प्रशिक्षण :** साइबर/ सीआईडी डीजी ने बताया कि पहले चरण में 15 चयनित पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। ये सभी तकनीकी दक्षता, विश्लेषण क्षमता और फील्ड अनुभव के आधार पर चुने गए हैं। यह कमांडो आने वाले समय में अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे, जिससे प्रदेश भर में साइबर अपराध से निपटने की क्षमता कई गुना बढ़ेगी। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद साइबर कमांडो को पुलिस जोन और मुख्यालय स्तर पर तैनात किया गया है। इसका उद्देश्य साइबर अपराध की सूचना मिलते ही त्वरित और तकनीकी रूप से सक्षम कार्रवाई की जा सके। ये कमांडो साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, ऑनलाइन साइबर हमलों, सोशल मीडिया अपराध, डाटा चोरी, फिशिंग और डिजिटल ब्लैकमेलिंग जैसे मामलों में विशेष भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही साइबर कमांडो जिला और थाने स्तर के पुलिसकर्मियों को भी तकनीकी प्रशिक्षण दे रहे हैं, ताकि जमीनी स्तर पर भी साइबर अपराधों की पहचान और जांच बेहतर ढंग से हो सके।

**एडवांस्ड सॉफ्टवेयर, डिजिटल फॉरेंसिक टूल्स आदि से कमांडो लैस**

योगी सरकार ने साइबर कमांडो को हाईटेक उपकरण भी उपलब्ध कराए हैं, जिनमें एडवांस्ड सॉफ्टवेयर, डिजिटल फॉरेंसिक टूल्स, डाटा एनालिटिक्स सिस्टम और रियल-टाइम मॉनिटरिंग तकनीक शामिल है। इन उपकरणों की मदद से साइबर अपराधियों के डिजिटल फुटप्रिंट को ट्रैक करना, लेन-देन का विश्लेषण करना और अपराध के नेटवर्क तक पहुंचना आसान होगा। योगी सरकार का मानना है कि कानून-व्यवस्था केवल पारंपरिक अपराधों तक सीमित नहीं रह गई है। आज अपराधी डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर आम जनता को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में पुलिस को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। इसी को देखते हुए साइबर कमांडो नियुक्त किये गये हैं।

# एआई सिटी यूपी को बनायेगी वैश्विक टेक हब

विशेष संवाददाता (vol)

- एआई सिटी दो हिस्सों में होगी विकसित, लगभग 60 प्रतिशत क्षेत्र को कोर जोन के रूप में किया जायेगा विकसित
- एआई विजन से एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर मजबूती से बढ़ेंगे कदम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश देश के बड़े तकनीकी और डिजिटल केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा जिस दूरदर्शी विकास मॉडल को अपनाया गया है उसका अगला बड़ा गंतव्य लखनऊ में प्रस्तावित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिटी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता के नाम अपने पत्र में भी एआई सिटी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया था। यह प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश की आर्थिक दिशा को नई गति देने के साथ-साथ प्रदेश को वैश्विक टेक मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिलाने का भी काम करेगा। एआई सिटी को दो हिस्सों में विकसित किया जाएगा। लगभग 60 प्रतिशत क्षेत्र को कोर जोन के रूप में विकसित किया जाएगा जहां एआई इनोवेशन सेंटर, टेक पार्क और रिसर्च सुविधाएं होंगी। शेष 40 प्रतिशत क्षेत्र में रेजिडेंशियल, कमर्शियल और सामाजिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

योगी सरकार का लक्ष्य, अगले पांच सालों में उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। इसके लिए आईटी-आईटीईएस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर को ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित और स्थापित करने की दिशा में कदम आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने इसी सोच के अंतर्गत लखनऊ में एआई सिटी को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर विकसित करने की योजना बनाई है, जिससे प्राइवेट इन्वेस्टमेंट और सरकारी सहयोग का संतुलित ढांचा तैयार हो सके। लखनऊ की एआई सिटी को एक समर्पित व आत्मनिर्भर टेक हब के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां पर अत्याधुनिक डेटा सेंटर्स, हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, एआई रिसर्च लैब्स, स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर और ग्लोबल टेक कंपनियों के लिए आधुनिक वर्क प्लेस उपलब्ध कराए जाएंगे। इसका उद्देश्य भारतीय और वैश्विक एआई कंपनियों को एक ही स्थान पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है, जिससे कि वे त्वरित गति से अपनी परियोजनाओं को विकसित और विस्तारित कर सकें। यह परियोजना लखनऊ को टॉप-20 ग्लोबल एआई हब्स में शामिल करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। राजधानी होने के साथ-साथ लखनऊ की शैक्षणिक और तकनीकी क्षमता इस दिशा में एक बड़ी ताकत है। आईआईएम लखनऊ और आईआईआईटी लखनऊ जैसे प्रतिष्ठित संस्थान पहले से ही यहां मौजूद हैं, जो रिसर्च, इनोवेशन और स्किल डेवलपमेंट में विशेष भूमिका निभाने का काम कर रहे हैं। आईटी विशेषज्ञों का कहना है कि एआई सिटी इन संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर एक मजबूत टैलेंट पूल तैयार करेगी।

एआई सिटी के माध्यम से रोजगार के हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन के अवसर बनेंगे। आईटी प्रोफेशनल्स, डेटा साइंटिस्ट्स, इंजीनियर्स, रिसर्चर्स और स्टार्टअप उद्यमियों के लिए यह एक बड़ा प्लेटफॉर्म बनेगा। इसके साथ ही स्थानीय युवाओं को जॉब के लिए प्रदेश से बाहर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें यहीं पर उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार के मार्ग खुलेंगे। एआई सिटी ग्रीन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट मॉडल पर विकसित किया जाएगा।



# अखिलेश ने किया समाजवादी पीडीए पंचांग का विमोचन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को राज्य मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी पीडीए पंचांग-2026 का विमोचन किया। समाजवादी पीडीए पंचांग-2026 का प्रकाशन सपा के प्रदेश सचिव एवं अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय चौरसिया ने किया है, जिसमें विशेष रूप से पीडीए समाज के महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि के साथ राष्ट्रीय एवं ऐतिहासिक दिवसों का भी उल्लेख है। पंचांग में रोजाना की आवश्यकता के भी कालम हैं। इस अवसर पर समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के साथ मो. दिलशाद अहमद, पवन यादव, संजय यादव तथा अभिषेक गुप्ता उपस्थित रहे।

# कन्या सुमंगला योजना से बेटियों को शिक्षा और सुरक्षा का संबल

## सरकार की इस पहल से 27 लाख बेटियों का भविष्य हो रहा सशक्त

विशेष संवाददाता (vol)

- आर्थिक सहायता से बदली सामाजिक सोच, लाखों परिवारों का सरकार पर बढ़ा भरोसा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बालिकाओं के कल्याण और सशक्तिकरण को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गंभीरता से काम कर रही है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से सरकार ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि बेटियां बोझ नहीं बल्कि समाज की ताकत हैं। इस योजना के द्वारा लगभग 27 लाख बेटियों का भविष्य सशक्त हो रहा है। योजना का उद्देश्य प्रदेश में लैंगिक समानता स्थापित करना, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाना और बालिकाओं के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना है।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 27 लाख पात्र बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। इस पर राज्य सरकार द्वारा कुल 647.21 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की गई है। यह आंकड़े बताते हैं कि योजना केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू की जा रही है। बड़ी संख्या में लाभार्थियों तक सहायता पहुंचना सरकार की प्रशासनिक प्रतिबद्धता और पारदर्शी व्यवस्था को दर्शाता है।

सरकार ने योजना के लिए पर्याप्त बजट सुनिश्चित किया है। इस वर्ष 3.28 लाख लाभार्थियों को 130.03 करोड़ रुपये की धनराशि योजना के अंतर्गत दी गई है। यह दर्शाता है कि योगी सरकार बालिकाओं के कल्याण को दीर्घकालिक नीति के रूप में आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आज प्रदेश में बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और शैक्षिक सशक्तिकरण की पहचान बन चुकी है और सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

वर्ष 2019 में शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत ऐसे परिवारों की बालिकाओं को लाभ दिया जा रहा है, जिनके परिवार उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं। पात्रता की शर्तों के अनुसार परिवार की वार्षिक आय 3.00 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए और परिवार में अधिकतम दो बच्चे होने चाहिए। योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक कारणों से किसी भी बालिका की शिक्षा या विकास बाधित न हो और परिवारों को बेटियों के पालन पोषण में सहयोग मिल सके।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश सरकार ने योजना के अंतर्गत दी जाने वाली कुल सहायता राशि को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया। यह सहायता 6 चरणों में प्रदान की जाती है। जन्म के समय 5,000 रुपये, 2 वर्ष की आयु पर टीकाकरण पूर्ण होने पर 2,000 रुपये, कक्षा 1 में प्रवेश पर 3,000 रुपये, कक्षा 6 में प्रवेश पर 3,000 रुपये, कक्षा 9 में प्रवेश पर 5,000 रुपये तथा कक्षा 10 या 12 की परीक्षा उत्तीर्ण कर डिप्लोमा या स्नातक अथवा उससे अधिक अवधि के डिग्री कोर्स में प्रवेश लेने पर 7,000 रुपये की सहायता दी जाती है। यह व्यवस्था बालिकाओं को हर शैक्षिक पड़ाव पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही है।

# वरिष्ठ कांग्रेस एक्टिविस्ट मनरेगा बचाओ अभियान के कोऑर्डिनेटर नामित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय के निर्देश पर और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के अनुमोदन बाद कांग्रेस वर्किंग कमेटी द्वारा निर्देशित मनरेगा बचाओ संग्राम को उत्तर प्रदेश में गति और सशक्त रूप से क्रियान्वित करने के लिए प्रदेश के समस्त जनपदों में जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के सहयोग में वरिष्ठ कांग्रेस एक्टिविस्ट को मनरेगा बचाओ अभियान के कोऑर्डिनेटर के रूप में नामित किया गया है। यह कोऑर्डिनेटर जिला संगठन एवं जनपद के वरिष्ठ जनों के सहयोग से केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दी गई कार्ययोजना को मूर्त रूप चौपालों और अन्य कार्यक्रमों द्वारा संचालित करेंगे।

पार्टी के अनुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कांग्रेस शासनकाल की केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के करोड़ों गरीब परिवारों की जीवनरेखा है। यह योजना भूख, बेरोजगारी और पलायन के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा कवच है। मनरेगा योजना ने देश में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, महिलाओं और भूमिहीन मजदूरों को सम्मान के साथ काम करने का अधिकार दिया है।

भाजपा सरकार के सत्ता में आने बाद योजना में एक नया बदलाव कर इस अधिनियम मनरेगा योजना को पूरी तरह खत्म करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध है भाजपा सरकार को इस मजदूर विरोधी बदलाव को न करने देने के लिए।

# प्रदेश की तीन सिंचाई परियोजनाओं के लिए नाबार्ड ने स्वीकृत की धनराशि

## बुंदेलखंड में अर्जुन नहर, पूर्वांचल के लिए सरयू नहर और पश्चिमी यूपी में मध्यगंगा परियोजना चरण-2 का होगा निर्माण

विशेष संवाददाता (vol)

- उत्तर प्रदेश में सिंचाई क्षमता के पूर्ण विकास के लिए नाबार्ड ने जारी किए 6,431.34 करोड रुपये

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सिंचाई क्षमता का पूर्ण विकास करने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से प्रदेश ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की दीर्घकालिक सिंचाई कोष योजना (एटीआईएफ) के तहत प्रदेश में 3 बड़ी नहर परियोजनाओं के विकास कार्य के लिए नाबार्ड की ओर से 6,431.34 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत बुंदेलखंड क्षेत्र में अर्जुन सहायक नहर, पूवार्चंल के क्षेत्र में सरयू नहर और संभल, मुरादाबाद, अमरोहा जनपद में मध्य गंगा नहर परियोजना के दूसरे चरण का निर्माण किया जाएगा।

ये परियोजनाएं पूर्वी, पश्चिमी यूपी में बाढ़ नियंत्रण के साथ बुंदेलखंड के सूखा प्रभावित क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का विकास करने के साथ कृषि उत्पादन और उत्पादन क्षेत्र दोनों में बढ़ोतरी लाएगीं। साथ ही नदियों के चैनलाइजेशन से ग्लोबल वार्मिंग की चुनौति का समाना करने में भी प्रदेश को सक्षम बनाएगीं।

केंद्र सरकार की दीर्घकालिक सिंचाई कोष योजना के तहत नाबार्ड के सहयोग से देश के 18 राज्यों में 99 मध्यम और प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण और क्षमता विस्तार किया जा रहा है। मुख्य सचिव के साथ नाबार्ड के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि इस क्रम में बुंदेलखंड के सूखा प्रभावित क्षेत्र में अर्जुन सहायक परियोजना के लिए 1,353.86 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया है। ये परियोजना महोबा, हमीरपुर और बांदा जिलों को कवर करती है। बुंदेलखंड की धसान नदी पर बनी परियोजना के कई हिस्सों का काम पूरा हो चुका है, स्वीकृत धनराशि से विशेष रूप से हमीरपुर जिले में शेष कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा। परियोजना के पूरा होने से बुंदेलखंड क्षेत्र के सूखाग्रस्त किसानों की बारिश पर निर्भरता कम होगी ही, उत्पादन और उत्पादन क्षेत्र दोनों में वृद्धि होगी। साथ ही ये परियोजना क्षेत्र में पेयजल संकट और मवेशियों के लिए भी जल उपलब्ध करायेगी, जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी।

जल शक्ति मंत्रालय की एलटीआईएफ योजना के तहत यूपी की दूसरी महत्वपूर्ण परियोजना सरयू नहर के लिए 1,899.35 करोड रुपये स्वीकृत किये गये हैं। ये परियोजना बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, गोण्डा, बस्ती, संत कबीर नगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और गोरखपुर जिलों में फैली हुई है। परियोजना के निर्माण से पूर्वी उत्तर प्रदेश के घनी आबादी वाले इन जिलों को जल संकट से निजात मिलेगी। साथ ही सरयू, राप्ती, बांणगंगा और रोहिनी नदी के अतिरेक पानी का चैनलाईजेशन कर कृषि क्षेत्र और उत्पादन में भी वृद्धि लाएगी। परियोजना पूरा होने से 6,227 गांवों के 30 लाख से अधिक किसानों को लाभ होगा और 15 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सुनियोजित सिंचाई की सुविधा मिलेगी। साथ ही सिंचाई, पेयजल और मत्स्य पालन के अवसर भी बढ़ेंगे।

इस क्रम में तीसरी परियोजना मध्य गंगा चरण-2 को स्वीकृति मिली है, जिसके लिए नाबार्ड ने 3,178.04 करोड रुपये स्वीकृत किए है। मध्य गंगा चरण-2 के तहत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संभल, मुरादाबाद और अमरोहा जिले विशेषतौर पर लाभान्वित होगें। परियोजना के निर्माण से गंगा बेसिन के क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई क्षमता में अभूतपूर्व सुधार होगा। नाबार्ड के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से उत्तर प्रदेश के पूर्वी, पश्चिमी और बुंदेलखंड में सिंचाई व्यवस्था के साथ कृषि और संबद्ध क्षेत्र से जुड़े किसानों की आय बढ़ेगी। साथ ही ही ग्लोबल वार्मिंग के संकट का सामना करने में भी प्रदेश को सक्षम बनाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के मुताबिक इन परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश में न केवल कृषि उत्पादन और उत्पादन क्षेत्र बढ़ेगा, साथ ही पेय जल संकट, मतस्य पालन और संबद्ध कार्यों में भी बढ़ोतरी होगी। प्रदेश के किसानों की आय में बढ़ोतरी के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# सपा कार्यालय पर मनायी गयी सावित्री बाई फुले की जयंती

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ सहित शनिवार को प्रदेश के सभी जिलों में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती सादगी से मनाई गई। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भारत में महिला शिक्षा की ज्योति जलाकर महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त करने वाली सावित्री बाई फुले महान समाज सेविका भी थी। उन्होंने अपने साहस, संघर्ष और दूरदर्शिता से समाज में शिक्षा, समानता और महिला अधिकारों की अलख जगाई। उनका जीवन सामाजिक परिवर्तन एवं मानवीय गरिमा का प्रतीक है। अखिलेश यादव ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने महिलाओं के अधिकारों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# मंत्री संजय निषाद अपने आवास पर लगायेंगे फूलन देवी की प्रतिमा



विशेष संवाददाता (vol)

- 13 जनवरी को लखनऊ में मनेगा निषाद पार्टी का 13वां संकल्प दिवस

**लखनऊ।** नववर्ष के अवसर पर निषाद पार्टी के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने शनिवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि पार्टी आगामी 13 जनवरी को राजधानी लखनऊ डॉ राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय अंतर्गत भारत रत्न संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर सभागार, आशियाना में अपना 13वां संकल्प दिवस भव्य रूप से मनाने जा रही है। यह कार्यक्रम संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होगा, जिसमें पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाज के गणमान्य लोग सहभागी होंगे।

उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से लेकर निषाद समाज के सिरमौर महाराजा गुह्यराज निषाद की जयंती तक स्वयं प्रदेश के सभी जिलों, मछुआ बाहुल्य विधानसभाओं एवं मछुआ बाहुल्य ग्राम सभाओं का निरंतर दौरा एवं पदयात्रा की जाएगी।

विगत चार वर्षों में सरकार में मंत्री बनने के बाद समाज के हित में किए गए सभी कार्यों को सीधे समाज के समक्ष रखा जाएगा। यह समाज के लिए जानना अत्यंत आवश्यक है कि निषाद पार्टी को दिए गए समर्थन के बाद, सरकार में सहभागी बनने के बाद प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में समाज के हित में कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की गईं तथा उनसे समाज को क्या-क्या लाभ प्राप्त हुआ।

उन्होंने बताया कि फूलन देवी की जयंती के अवसर पर, जिस प्रकार आवास परिसर में डॉ राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा स्थापित है, उसी तर्ज पर सरकार एवं संबंधित विभागों से आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के बाद उनके सम्मान में एक अस्थायी प्रतिमा अपने आवास पर स्थापित करेंगे।

उन्होंने बताया कि संकल्प दिवस के अवसर पर पार्टी की कोर कमेटी द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत आरक्षण, शिक्षा एवं आर्थिक सशक्तिकरण जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर एक सामाजिक गोष्ठी के आयोजन का निर्णय लिया जाएगा। इस गोष्ठी में देश की सभी राजनीतिक पार्टियों से जुड़े मछुआ समाज के प्रमुख नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि समाज की भावी दिशा तय की जा सके। यह कार्यक्रम किसी भी पार्टी के बैनर के अंतर्गत नहीं होगा, बल्कि केवल मंथन एवं चिंतन के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा। निषाद, बिंद, कश्यप एवं मछुआ समाज से जुड़े सभी दलों के नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर मछुआ समाज से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर तार्किक, सकारात्मक एवं सार्थक विचार-विमर्श होने का पूर्ण विश्वास व्यक्त किया गया।

# व्यवस्था और पारदर्शी : फर्जी लाभार्थियों पर रोक लगायेगी फैमिली आईडी

विशेष संवाददाता (vol)

उत्तर प्रदेश
फैमिली आई०डी०
एक परिवार एक पहचान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसी दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा फैमिली आईडी कार्ड के माध्यम से डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं के शत-प्रतिशत लाभार्थियों को जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इससे व्यवस्था न सिर्फ और पारदर्शी हुई है, बल्कि फर्जी लाभार्थियों पर भी रोक लगाई जा सकेगी।

प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की कुल 98 जनकल्याणकारी योजनाओं को फैमिली आईडी से जोड़ा जा चुका है। इसका सीधा लाभ प्रदेश के 15 करोड़ 7 लाख से अधिक लाभार्थियों को मिल रहा है। फैमिली आईडी पोर्टल पर 44 लाख नागरिकों ने अब तक आवेदन किया है। शहरी क्षेत्र में लेखपाल और ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत अधिकारी के माध्यम से बनाया जाता है। इस फैमिली आईडी प्रणाली के तहत एक ही पहचान संख्या से पूरे परिवार का विवरण उपलब्ध रहता है, जिससे योजनाओं का लाभ पारदर्शी और त्वरित तरीके से पात्र परिवारों तक पहुंचाया जा रहा है। फैमिली आईडी कार्ड 12 अंकों का विशिष्ट पहचान नंबर होता है, जिसमें परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी दर्ज होती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस व्यवस्था का उद्देश्य एक परिवार-एक पहचान के सिद्धांत को लागू करना है, ताकि पात्रता के आधार पर योजनाओं का स्वतः चयन हो सके और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या दोहराव से बचा जा सके। फैमिली आईडी कार्ड लागू होने से नागरिकों को आय, जाति, निवास सहित अन्य प्रमाण पत्रों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे। एक बार फैमिली आईडी पंजीकरण होने के बाद, विभिन्न योजनाओं के लिए आवश्यक जानकारियां इसी डेटाबेस से स्वतः उपलब्ध हो जा रही हैं। इससे समय, धन और श्रम– तीनों की बचत हो रही है।

**राशन कार्ड से वंचित परिवारों को भी मिलेगा लाभ :** योगी सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि जो परिवार किसी कारणवश राशन कार्ड से वंचित हैं, वे भी फैमिली आईडी के माध्यम से सरकारी योजनाओं से जुड़ सकें। इसके लिए विशेष पंजीकरण व्यवस्था की गई है, ताकि कोई भी पात्र परिवार सरकारी सहायता से बाहर न रहे।

**आधार और मोबाइल लिंक अनिवार्य :** फैमिली आईडी के लिए परिवार के सभी सदस्यों का आधार नंबर होना अनिवार्य है। साथ ही आधार का मोबाइल नंबर से लिंक होना भी जरूरी है, ताकि ओटीपी के माध्यम से सत्यापन किया जा सके। यदि किसी लाभार्थी का मोबाइल नंबर बदल गया है, तो उसे आधार से नया और सही नंबर लिंक कराना आवश्यक होगा।

**गरीब, वंचित और जरूरतमंदों तक सीधी पहुंच :** योगी सरकार का लक्ष्य है कि हर गरीब, श्रमिक, किसान, महिला, बुजुर्ग और दिव्यांग को उसका हक समय पर मिले। फैमिली आईडी के माध्यम से सरकार की योजनाएं अब सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंच रही हैं, जिससे सामाजिक सुरक्षा को मजबूती मिली है।

- फैमिली आईडी प्रणाली के तहत नागरिक आधार आधारित लॉगिन और ई-केवाईसी के माध्यम से स्व-पंजीकरण कर सकते हैं, जिसमें यूआईडीएआई से परिवार के सदस्यों का विवरण स्वतः प्राप्त होता है।
- आवेदक को परिवार के सदस्यों को जोड़ने की सुविधा दी गई है, जबकि लेखपाल और ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाता है।
- फैमिली आईडी डिजीलॉकर पर उपलब्ध कराई जा रही है और अब तक 19 लाख से अधिक भौतिक फैमिली आईडी कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।

**फैमिली आईडीः एक नजर में**

- यह कार्ड पूरी तरह निःशुल्क है, जिस पर प्रति कार्ड लगभग 8 रुपये का खर्च सरकार स्वयं वहन कर रही है।
- वर्तमान में फैमिली आईडी से कुल 98 योजनाएं जोड़ी जा चुकी हैं, जिनमें केंद्र सरकार की 13 और उत्तर प्रदेश सरकार की 85 योजनाएं शामिल हैं।
- फैमिली आईडी डाटाबेस में अब तक 15.7 करोड़ से अधिक नागरिक पंजीकृत हैं, जिनमें 14.7 करोड़ राशन कार्ड आधारित और 1.03 करोड़ स्व-पंजीकरण के माध्यम से जुड़े हैं।
- डाटाबेस में कुल फील्ड सैचुरेशन 70 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जिसमें पता विवरण 100 प्रतिशत, मोबाइल नंबर 85 प्रतिशत, वैवाहिक स्थिति 54 प्रतिशत दर्ज किया गया है।
- फैमिली आईडी को योजनाओं से जोड़ने के लिए पांच-स्तरीय तकनीकी प्रक्रिया अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत आधार अधिसूचना, डाटाबेस डिजिटलीकरण, आधार प्रमाणीकरण, योजना पोर्टल पर फैमिली आईडी फील्ड निर्माण और विभागीय डाटाबेस का एकीकरण शामिल है, जिससे योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगम तरीके से पात्र परिवारों तक पहुंचाया जा रहा है।

संक्षेप

## कुएं में मिला विवाहिता का शव, हड़कंप

**प्रतापगढ़।** विवाहिता का शव कुएं में मिलने से हडकंप मच गया। मृतका के पति ने मृतका को मनोरोगी बताते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर उसे पीएम के लिए भेजवाया। लालगंज कोतवाली के राम सुंदर का पुरवा खजुरी गांव निवासी विपिन पाण्डेय की पत्नी अड़तीस वर्षीया रीता पाण्डेय का शव शनिवार की सुबह घर के समीप स्थित कुएं में मिला। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पति के अनुसार मृतका रीता मनोरोगी थी। उसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार की रात अचानक घर से गायब हो गयी। काफी खोजबीन के बाद अगले दिन कुएं में उसका शव मिला। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है, तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## चालक के खिलाफ लापरवाही का केस

**प्रतापगढ़।** अज्ञात कार की टक्कर से अधेड़ के घायल होने की घटना को लेकर पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे बोधी सिंह अगई गांव निवासी जितेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व0 समर बहादुर सिंह बीती इक्तीस दिसंबर को दोपहर करीब दो बजे स्कूटी से घर लौट रहा था। इसी बीच गांव के सामने हाइवे पर अज्ञात कार ने पीछे से स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते दुर्घटना का केस दर्ज किया गया है।

## घर में युवती का शव मिलने से सनसनी

श्रावस्ती। थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शाहपुर बरगदवा में शुक्रवार को एक युवती का शव उसके ही घर में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की उम्र लगभग 18 वर्ष बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही थाना स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ की। घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन की कार्रवाई कराई गई, ताकि घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा सके। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद से संबंधित प्रतीत हो रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा। थाना स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## माइनर उफनाने से 50 बीघे फसल जलमग्न

**महराजगंज, रायबरेली।** माइनर उफनाने से पाली गांव के किसानों की परेशानी बढ़ गई है। महराजगंज माइनर में अचानक अधिक पानी आ जाने के कारण आसपास के खेतों में पानी भर गया, जिससे करीब एक दर्जन किसानों की 50 बीघे गेहूं की फसल जलमग्न हो गई। शनिवार को सलेथू रजबहा से निकलकर पाली गांव तक जाने वाली महराजगंज माइनर में अचानक पानी का स्तर बढ़ने से दर्जनों किसानों खेत डूब गये।

# अगवा बालिका बरामद, बाल अपचारी समेत दो गिरफ्तार




**इटावा।** 24 घंटे के अन्दर नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले बाल अपचारी सहित 2 अभियुक्त को पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार, नाबालिग पीड़िता, अपहता को सकुशल किया बरामद। एसएसपी के निर्देशन मे थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

थाना ऊसराहार क्षेत्रान्तर्गत निवासी वादी द्वारा थाना ऊसराहार पर तहरीरी सूचना दी गयी कि 31 दिसम्बर को उनकी नाबालिग पुत्री को नामजद विपक्षीगण बहला फुसला कर भगा ले गये। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना ऊसराहार पर मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन मे अपहता की सकुशल बरामदगी एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना ऊसराहार से पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये बाल अपचारी एवं अभियुक्त परवेश पुत्र कल्लू खां निवासी कदमपुर थाना ऊसराहार को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया एवं अपहत, पीडिता को सकुशल बरामद किया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष ऊसराहार बलराज सिंह भाटी, उ.नि. हाकिम सिंह, उ.नि. तरुण प्रताप सिंह रहे।

## परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**बछरावां, रायबरेली।** स्वास्थ्य सुविधाओं को चाक चैबंद करने के लिए आज बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ पवन कुमार अरुण ने औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नवीन चंद्रा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश यादव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डी. एस. अस्थाना मौजूद रहे। परिवार कल्याण महानिदेशक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। औचक निरीक्षण के समय महानिदेशक परिवार कल्याण महानिदेशक में ओपीडी व इमरजेंसी सेवाओं का बारीक से निरीक्षण किया। वहीं इसके साथ ही साथ आवश्यक निर्देश भी अधीक्षक महोदया को दिया। अस्पताल परिसर में साफ सफाई व्यवस्था को लेकर उसमें सुधार करने के निर्देश दिए जिससे अस्पताल की साफ सफाई व्यवस्था में सुधार हो सके। इस मौके पर डॉ. प्रभात मिश्रा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव, एआरओ छत्रसाल मिश्र, बृजेश सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी मौजूद रहे।

## थानाध्यक्ष ने चोरी के हजारों रु. के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जोगिया उदयपुर, सिद्धार्थनगर।** जोगिया उदयपुर थानाध्यक्ष मीरा चौहान के नेतृत्व में पुलिस ने चोरी के हजारों रूपए नगदी बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन व अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कु0 के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव के पर्यवेक्षण में जोगिया उदयपुर थानाध्यक्ष मीरा चौहान के नेतृत्व में थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र जोगिया उदयपुर में हुये नकबजनी की घटना का अनावरण कर 1 अभियुक्त रोशन पुत्र राजदेव निवासी ग्राम कठरी थाना जोगिया उदयपुर को गिरफ्तार कर, चोरी के 3,220/- रूपयो बरामद कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। थाना जोगिया उदयपुर थानाध्यक्ष मीरा चौहान के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत गत 03.01.2026 को थाना जोगिया उदयपुर पुलिस ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 198/2025 धारा 331(4)/305अ बीएनएस से संबंधित प्रकाश में आये उक्त 01 अभियुक्त को बहद ग्राम तनजवा बन्धे से पहले सड़क थाना क्षेत्र जोगिया उदयपुर से गिरफ्तार किया गया व अभियुक्त के कब्जे से चोरी सम्बन्धित माल से 3220/-बरामद किया गया। फर्द गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी किया गया तथा नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त को गिरफ्तार करने में शामिल, थानाध्यक्ष मीरा चौहान थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

## मरीजों ने डॉ. अश्विनी चौधरी को सराहा

**बांसी, सिद्धार्थनगर।** 50 शैयायुक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी में आने वाले मरीजों के लिये बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में अग्रणी भूमिका निभा रहे चिकित्सा अधिकारी डॉ 0 अश्वनी कुमार चौधरी ने जीवन की आशा छोड़ गम्भीर बीमारी से जूझ रहे दर्जनों मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराते हुए नया जीवन प्रदान किया है, जिसकी भूर भूर प्रशंशा करते हुए के मरीज के परिजन अखिलेश कुमार राम प्रकाश सुकन्या देवी राजेश आदि द्वारा बताया गया, उक्त जानकारी देते मरीजों ने बताया कि इसके पूर्व स्वभाव के सरल व दायित्वों के प्रति अग्रणी भूमिका निभाते हुए चिकित्सा अधिकारी डॉ .अश्वनी चौधरी ने दर्जन भर अति गरीब लाचार मरीजों को हजारों रुपए नगद प्रदान कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराते हुए मरीजों को नया जीवन प्रदान किया है।

## पुलिस-एसएसबी की सतर्कता से तीन तस्कर गिरफ्तार



**श्रावस्ती।** जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिरसिया पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त टीम ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए 54 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में की गई। थानाध्यक्ष सिरसिया शैलकांत उपाध्याय के नेतृत्व में दिनांक 02 जनवरी 2026 को भगवानपुर जाने वाली पुलिया, बहादग्राम क्षेत्र में चेकिंग के दौरान अलग-अलग मामलों में अभियुक्त कल्लू उर्फ सुभाष, ननके तथा भोले को गिरफ्तार किया गया। तीनों अभियुक्तों के पास से 18-18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। थाना सिरसिया पर अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत मुकदमे पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के निर्माण व बिक्री के विरुद्ध आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा।

# थानाध्यक्ष अमित कुमार ने मिशन शक्ति चौपाल कार्यक्रम में किया जागरूक

- महिलाओं /बालिकाओं को प्रदेश सरकार की योजनाओं व साइबर अपराध सुरक्षा व नये कानून तथा सभी सुरक्षा हेल्प नम्बरों की दी जानकारी

जिला संवाददाता (vol)




**पथरा बाजार, सिद्धार्थनगर।** जिले के पथरा बाजार थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के क्रम में मिशन शक्ति केंद्र फेज.5 0के तहत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के सम्बन्ध में थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति पुलिस ने थानाक्षेत्र के ग्राम पथरा बाजार की महिलाओं/ बालिकाओं को बहु सम्मेलन, साइबर जागरुकता व नये कानून के बारे मे चौपाल लगाकर जानकारी दिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा 0 अभिषेक द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियानद के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में 03.01.2026 थानाध्यक्ष अमित कुमार थाना पथरा बाजार के निर्देशन मे थाना क्षेत्र के ग्राम पथरा बाजार की बहू जो थाने तक नहीं आ सकती, उनको चौपाल लगाकर बहु सम्मेलन कर साइबर व नये कानून के बारे मे जानकारी देते हुए साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्प नम्बरों के बारे में जानकारी दिया गया, तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के लिए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरो की जानकारी दिया गया।

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी में अभिभावक करें सहयोग : डीएम



**श्रावस्ती।** डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि उप्रमाध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल एवं इण्टर बोर्ड परीक्षाएँ 18 फरवरी, 2026 से प्रारम्भ हो रही हैं। शैक्षिक सत्र 2025-26 में जनपद श्रावस्ती के 41 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के 13,443 तथा इण्टर के 10,013, कुल 23,456 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। ये परीक्षाएँ विद्यार्थियों के शैक्षिक भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि छात्रों के परीक्षा परिणाम में निरंतर सुधार लाना सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, किंतु इसमें अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। बोर्ड परीक्षाओं के प्रारम्भ होने में लगभग 50 दिन शेष हैं, जो विद्यार्थियों की तैयारी को अंतिम रूप देने का अत्यंत महत्वपूर्ण समय है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के अध्ययन पर विशेष ध्यान दें, उन्हें नियमित रूप से पढ़ाई के लिए प्रेरित करें तथा उनकी शैक्षणिक प्रगति पर निरंतर नजर रखें।

जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों की भूमिका भी निर्णायक होती है। अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि बच्चे नियमित रूप से विद्यालय जाएँ और उनकी उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए। मोबाइल फोन, टीवी एवं सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बच्चों को दूर रखें तथा शिक्षकों द्वारा दिए गए गृहकार्य एवं अध्ययन संबंधी सुझावों का पालन कराएँ। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों की तुलना अन्य विद्यार्थियों से न करें, बल्कि यह महसूस कराएँ कि उनके लिए प्रयास परिणाम से अधिक महत्वपूर्ण है।

उन्होंने घर में सकारात्मक, शांतिपूर्ण और सहयोगात्मक वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया, जिससे बच्चे बिना किसी मानसिक दबाव के पढ़ाई कर सकें। परीक्षाओं के दौरान बच्चे तनाव महसूस कर सकते हैं, ऐसे में अभिभावक उनसे नियमित संवाद रखें, उनकी बात सुनें और उन्हें प्रोत्साहित करें। बच्चों के खान-पान, पर्याप्त नींद और समय-समय पर छोटे विश्राम का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि स्वस्थ शरीर से ही एकाग्रता बढ़ती है।

जिलाधिकारी ने अभिभावकों को यह भी सलाह दी कि वे बच्चों का मनोबल बढ़ाएँ और उन्हें समझाएँ कि परीक्षा जीवन का केवल एक हिस्सा है, अंतिम परिणाम नहीं। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों, पेपर लीक या फर्जी सूचनाओं से सावधान रहें और केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। साथ ही बच्चों को ईमानदारी से परीक्षा देने के लिए प्रेरित करें, क्योंकि मेहनत से अर्जित सफलता ही स्थायी होती है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग जनपद में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए पूर्णतः संकल्पित है और विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यदि अभिभावक, शिक्षक और प्रशासन मिलकर समन्वित रूप से कार्य करें, तो निश्चित रूप से जनपद श्रावस्ती के बोर्ड परीक्षा परिणाम और अधिक उत्कृष्ट होंगे। जिलाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के संयुक्त प्रयासों से जनपद के विद्यार्थी उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

## साइबर सेल ने वापस करायी ठगी की राशि

**सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा के नेतृत्व में थाने की पुलिस/ साइबर सेल खेसरहा ने शिकायतकर्ता के खाते से फ्राड हुए धनराशि 7000/- को साइबर सेल खेसरहा ने वापस कराया गया।

एसएसपी सिद्धार्थनगर अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बांसी सुश्री रोहिनी यादव के कुशल नेतृत्व में साइबर सेल थाना खेसरहा की टीम ने श्रीमती सुमन देवी साकिन बेलौहा बाजार, थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के साथ फ्राड हुए धनराशि को कार्यवाही करते हुए श्रीमती सुमन देवी के खाते में रूपया 7000/- वापस कराये गया। जो कि साइबर सेल/ खेसरहा थाना पुलिस की उत्कृष्ट कार्य योगदान माना जा रहा है।

## डीएम-सीडीओ ने रैन बसेरे का किया रात्रि औचक निरीक्षण

**श्रावस्ती।** भीषण ठंड एवं शीतलहर के दृष्टिगत गरीब, बेसहारा एवं असहाय लोगों को रात्रि में सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर में बने रैन बसेरे का रात्रिकालीन औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे में 08 व्यक्ति आवासित पाए गए। जिलाधिकारी ने वहां ठहरे लोगों से भोजन, पानी, ठंड से बचाव एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं रैन बसेरा प्रबंधक को निर्देशित किया कि सर्दी के मौसम में रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अलाव की समुचित व्यवस्था, स्वच्छता तथा सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने परिवारों के लिए अलग एवं अन्य व्यक्तियों के लिए पृथक ठहराव व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सभी रैन बसेरों तक पहुंच के लिए मुख्य मार्गों पर साइन बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।



# काबा टूटकर मौला अली से प्यार करता है

**इटावा।** मौलाए कायनात हजरत अली की पैदाइश के खुशनुमा मौके पर राहत अकील की ओर से शरीफ मंजिल सैदबाड़ा में महफिल का आयोजन किया गया। महफिल में शायरों ने मौला अली की शान में बेहतरीन कलाम पेश किए।

महफिल का शुभारंभ मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने कुरान पाक की तिलावत से करते हुए कहा मौला अली की पैदाइश काबे में हुई यह मर्तबा न किसी और को मिला है और न ही कयामत तक किसी को मिलेगा। इसी तरह खाने काबे पर अली के बाद खुतबा देने का मर्तबा मौला अब्बास को मिला। इसके अलावा काबे में खुतबा देने का किसी को मर्तबा नहीं मिला। सलीम रजा ने कहा रंजो अलम मिटाते हैं मौलाये कायनात, मुश्किल में काम आते हैं मौलाये कायनात। अख्तर अब्बास मोंटू ने कहा निशा दीवार का ये आज भी इकरार करता है, काबा टूटकर मौला अली से प्यार करता है। तनवीर हसन ने कहा अली अली है खुदा नहीं है मगर खुदा से जुदा नहीं है, खुदा नहीं है तुम्हारे दिल मे अगर अली की विला नहीं है। अमीर वारसी ने कलाम पेश करते हुए कहा जो अली का नहीं वो खुदा का नहीं, जो नबी का नहीं वो अली का नहीं। सलमान रिजवी ने कहा अली को




कौन समझेगा कहां पर फैसला होगा, अली क्या हैं अली जाने अली को ही पता होगा। आसिफ रिजवी अश्शू ने कहा मनाओ जश्न कि काबे में आ रहे हैं अली, खुदा के घर का मुकद्दर जगाने आ रहे हैं अली। मोहम्मद सादिक ने कहा नहीं है कोई अली से बेहतर कोई नहीं, सिवा नबी के अली से बेहतर कोई नहीं। तसलीम रजा, सफीर हैदर, ताबिश रिजवी, आबिद रजा, अर्श ने भी कलाम पेश किए। महफिल में हाजी अरशद मरगूब, मो. मियां, शावेज नकवी, राहत हुसैन रिजवी, अयाज हुसैन, आदिल अख़्तर गुडडू, जहूर नकवी, जहीर अब्बास, मो. अब्बास, हसन अब्बास, परवेज हसनैन, शब्बर अकील, राहिल सगीर, शहजादे, मो. जुनैद, मो. जावेद, शानू, अली साबिर, राजा, मो. अहमद, आतिफ एड., अदनान जाफरी, मिनहाज नकवी, सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर मौला अली की पैदाइश का जश्न मनाया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में अधिवक्ता टीम को विजेता खिताब, खुशी



**प्रतापगढ़।** नगर के अझारा वार्ड में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को अधिवक्ता टीम व नगर पंचायत टीम के बीच खेला गया मैच रोमांच से भरपूर रहा। रोमांचक मुकाबले में अधिवक्ता टीम ने नगर पंचायत टीम को शिकस्त दी। मैच में टास जीतने के बाद अधिवक्ता टीम के कप्तान दीपेन्द्र तिवारी ने पहले बैटिंग करने का फैसला किया। निर्धारित सात ओवरों में चार विकेट खो कर अधिवक्ता टीम ने अठठावन रन बनाये। टीम की तरफ से विनोद ने पन्द्रह रन व श्रीश पाण्डेय ने बारह रन का योगदान दिया। जबाब में जीत के लिए उनसठ रन बनाने को मैदान में उतरी नगर पंचायत की टीम सात ओवरो मे नौ विकेट खोकर इक्यावन रन ही बना सकी। अधिवक्ता टीम को छः रनो से विजेता घोषित किया गया। ऑल राउण्डर विनोद को मैन आफ द मैच प्रदान किया गया। अम्पायर के रूप में श्वेत मिश्र, विकास मिश्र, केबिन मार्शल रहे। स्कोरर ललित मलिंगा और कमेंटेन्टर रोशन सिंह एवं दुर्गेश मिश्र रहे। आयोजन समिति के धर्मलाल, श्रीश पाण्डेय, अजय मिश्र, गणेश मिश्र, विद्याशंकर मिश्र, राजू पाण्डेय, राज सिंह, राज नारायण पाण्डेय, अभय दुबे आदि मौजूद रहे।

## आरोपी के खिलाफ छेडछाड़ व धमकी का केस

**प्रतापगढ़।** छेड़छाड़ व धमकी को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो जनवरी को दोपहर करीब एक बजे वह खेत में चारा काटने गयी थी। आरोप है कि इसी बीच गांव का युवक अनुराग पुत्र कुंदन सिंह वहां पहुंचा। पीड़िता के साथ जबरन छेडछाड करते हुए आरोपी ने कहीं शिकायत करने पर जानलेवा धमकी भी दी। शोर सुनकर पीड़िता की चचेरी बहन पहुंची तो आरोपी भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## विद्यालय की संरक्षिका का निधन, जताया गया दुःख

**प्रतापगढ़।** वर्मा नगर के समीप तिकोनिया गांव निवासिनी यमुना प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की संरक्षिका श्यामा देवी 95 का शनिवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वह विद्यालय के संस्थापक यमुना प्रसाद यादव की मां भी थी। श्यामा के निधन पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी ने दुख जताया है। वहीं ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, साहित्यकार लवलेश यदुवंशी, प्रधानाचार्य पारसनाथ वर्मा, शैलेन्द्र मिश्र, छोटे लाल सरोज, राजू यादव आदि ने भी श्यामा देवी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है।

## सांसद प्रमोद तिवारी आज करेंगे जनसमस्याओं की सुनवाई

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रविवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह दिन में डेढ़ बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। इसके पहले वह दिन में एक बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी ननौती, सांगीपुर, रेहुआ लालगंज में भी विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## मुसाफिरखाना में साथियों के उत्पीड़न पर गरजे वकील, किया प्रदर्शन



**प्रतापगढ़।** पड़ोसी जिले अमेठी के मुसाफिरखाना तहसील में एसडीएम तथा वकीलों के बीच हुए विवाद को लेकर शनिवार को यहां वकीलों का पारा भी चढ़ा दिखा। दीवानी न्यायालय गेट पर एकत्रित हुए वकीलों ने नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया। वही अधिवक्ताओ ने न्यायिक कामकाज से विरत रहने का भी प्रस्ताव पारित किया। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में वकीलों ने पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि मुसाफिरखाना में साथी अधिवक्ता एसडीएम की कार्यशैली से नाराज होकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होने कहा कि ऐसे में एसडीएम के इशारे पर वहां लेखपालो ने धरना प्रदर्शन में जबरिया व्यवधान उत्पन्न किया। अधिवक्ताओं ने एसडीएम मुसाफिरखाना अविनाश कनौजिया के शासन से निलंबन की भी मांग उठाई है। आमसभा की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पाण्डेय व संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर उमेश नारायण तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, हरिदत्त तिवारी, शिवकुमार गुप्ता, सूर्यपाल रजक, अजय सिंह, बद्रीविशाल पुष्पाकर, करूणाशंकर मिश्र, प्रदीप तिवारी, आशुतोष सिंह, विभूति शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे।

## मतदेय स्थलों पर अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक व डुप्लीकेट निर्वाचकों की सूची मिलान का चार को

**रायबरेली।** एडीएम (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण- 2025-26 के अन्तर्गत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में जनपद में अवस्थित छः विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में यथा 177-बछरावां (अ.जा.), 179-हरचन्दपुर, 180-रायबरेली, 181-सलोन (अ.जा.), 182-सरेनी एवं 183-ऊँचाहार के मतदेय स्थलों पर 04 जनवरी 2026 को प्रत्येक मतदेय स्थलों के बूथ लेवल अधिकारियों एवं बूथ लेवल एजेण्टों के साथ होने वाली बैठक में अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट निर्वाचकों की सूची के मिलान/पढने का कार्य किया जायेगा। जिसमें किसी भी आम जनमानस एवं बी.एल.ए. को आपत्ति देने हेतु अवसर प्रदान किया जायेगा।

## लेखपालों और एटीएम, बीटीएम सर्वेयर को डिजिटल क्रॉप सर्वे के बारे दिया गया प्रशिक्षण

**रायबरेली।** संयुक्त कृषि निदेशक स्टेट कृषि नोडल ऑफीसर (डिजिटल एग्रीकल्चर) कृषि भवन लखनऊ व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार एग्रीस्टैंक योजनान्तर्गत ई खसरा पडताल हेतु तहसील सदर के सभागार में नायब तहसीलदार शमीम व जनपद में तैनात डीएमटी, वरिष्ठ प्रा०सहा० कृषि विभाग पंकज शुक्ला व ई-डीएम शंकर कुमार द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे (ई खसरा पड़ताल) के बारे में समस्त लेखपाल, कृषि विभाग से समस्त एटीएम/बीटीएम सर्वेयर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि संबंधित फसल के सर्वेक्षण का कार्य किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा की क्षतिपूर्ति एवं फसलों का डिजिटाइजेशन को सफल बनाने हेतु शासन द्वारा 5 जनवरी से पोर्टल के माध्यम से सक्रिय किया जायेगा तथा सर्वेयर को यह भी बताया गया कि शासन द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य 15 फरवरी तक पूर्ण किया जाना है।

संक्षेप

## एसडीएम ने अवैध कब्जे को रुकवाया

**जसवंतनगर, इटावा।** बलरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिजौरा में ग्राम सभा की खाली जमीन पर दबंगों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे को लेकर गांव के ही सुरेंद्र सिंह पुत्र काले सिंह ने उप जिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत से शिकायत की दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया गया कि उक्त गांव के ही बलबीर सिंह, राजु, राजकुमार, रघुनंदन ,जगपाल, सत्यभान, धर्मेंद्र, जितेंद्र के द्वारा कोर्ट द्वारा घोषित ग्राम सभा की जमीन पर मिट्टी का भराव करके उस पर अवैध तरीके से निर्माण कार्य किया जा रहा है एसडीएम तुरंत ही शिकायत को संज्ञान में लेते हुए संबंधित क्षेत्र के लेखपाल और थाना प्रभारी निरीक्षक बलरई दिवाकर सरोज को निर्माण रुकवा कर कार्रवाई के आदेश दिए।

## पीड़ित ने एसएसपी से लगायी गुहार

**इटावा।** एसएसपीको पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पीड़ित रामकुमार शर्मा निवासी फ्रेंडस कालोनी ने बताया कि अड्डा श्यामलाल थाना फ्रेंडस कालोनी निवासी पिता पुत्र जान से मारने की धमकी दे रहा है। इन दोनों पर थाना इकदिल व फ्रेंडस कालोनी में कई मामले दर्ज है। मुझ पर यह लोग कभी कभी हमला कर सकते है। मुझ पर कोई हमला होता है तो दोनों लोग जिम्मेदार होंगे। यह लोगों पर बिना नम्बर की कार है। पीड़ित ने एसएसपी से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## सावित्रीबाई फुले की जयंती मनी

**इटावा।** देश की पहली महिला, शिक्षिका महान समाजसेविका और नारी मुक्ति आंदोलन की अग्रदूत माता सावित्रीबाई फुले की जयंती सद्भावना इंटर कॉलेज में मनाई गई। अध्यक्षता बाल बालभ्यासी शाक्य और संचालन के.पी. शाक्य ने किया। मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने बाल विवाह, सती प्रथा और जातिवाद का विरोध, विधवाओं के लिए आश्रय गृह, छुआछूत के खिलाफ आंदोलन, महिलाओं को आत्म सम्मान और शिक्षा के लिए प्रेरित किया उन जैसा भाव हम लोगों को भी ग्रहण करना चाहिए। बालभ्यासी शाक्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि माता सावित्रीबाई आखरी सांस तक मानव सेवा में लगी रही प्लेग जैसी महामारी के दौरान रोगियों की सेवा करते हुए अंतिम सांस ली युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। गोष्ठी में भजनलाल, इकरार अहमद आप जिला महासचिव, अंकुर कुमार, मनोज कुमार यादव, अशोक यादव, गिरजेश कुमार, अवनीश कुमार, ऐेजाज मुहम्मद, जबर सिंह आदि मौजूद रहे।

# सनातन की रक्षा होगी तभी भारत बनेगा विश्व गुरु

## 500 वर्षो के संघर्षो के बाद रामलला सरकार भव्य मंदिर में हुए विराजमान : महंत रामशरण दास

- छोटी अयोध्या गोला में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित
- भारत जगेगा तभी विश्व भी जगेगा : मनोजजी




**गोला, गोरखपुर।** छोटी अयोध्या के नाम से विख्यात उपनगर गोला के वीएसएवी इंटर कालेज के सामने स्थित अतरौरा खेल मैदान पर शनिवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य वक्ता हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास जी महाराज ने कहा कि सनातन ही सनातनी होने पर हर हिन्दू को गर्व होना चाहिए। जब सनातन की रक्षा होगी तभी भारत विश्व गुरु बनेगा। महंत राजू दास ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दू में संस्कृति का आत्मसात कराता है। हिन्दू बचेगा तभी देश बचेगा। आज देश के लिए मरने वालों से ज्यादा जीने वालों की जरूरत है।

भारत को सुरक्षित होने के लिए हिंदुओं को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि ईरान से लेकर अफगानिस्तान तक कभी हिंदू समाज फैला हुआ था, लेकिन आज बंग्लादेश देश को छोड़िए अपने देश के अंदर पश्चिम बंगाल, केरल, कश्मीर समेत कई प्रांतों में एकजुटता व जागरूकता के अभाव में हिन्दू अल्पसंख्यक हो गए। जहां आए दिन हत्याएं, अत्याचार व बहू-बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं सामने आ रही हैं। और यदि अब भी हिंदू समाज नहीं जागा तो एक दिन जय सिया राम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सनातन, भारत वर्ष और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एक है। क्योंकि तीनो का उद्घोष सर्वे भवन्तु सुखिनः है। वसुधैव कुटुम्बकम है। तीनो का उद्देश्य व्यक्ति व राष्ट्र निर्माण है। उन्होंने गीत 'व्यक्ति व्यक्ति में जगे, स्वदेश भक्ति भावना, व्यक्ति को समाज से जोड़ने की साधना' ही संघ का मार्ग है। संघ का लक्ष्य राष्ट्र सर्वोपरि है। सनातनी अपने ग्रंथो से बड़ा राष्ट्र को मानता है। सनातन धर्म ही सभी को जोड़ता है। एक अरब सनातन प्रेमियों में हिन्दू धर्म के प्रति जोश और उत्साह है। हिन्दू सम्मेलन कोई पूजा पद्धति नहीं बल्कि एक संस्कार है। हिन्दुतान के अंदर रहकर जो भारत माता की जय नहीं बोलता वह राष्ट्रवादी हो ही नहीं सकता। वह राष्ट्र विरोधी होता है। वंदेमातरम और भारत माता की जय ही राष्ट्रीयता का प्रतीक है।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि अयोध्या रंगमहल के पीठाधीश्वर रामशरण दास जी ने कहा कि हिंदुओं में एकता के अभाव के कारण ही देश को लंबे समय तक गुलामी झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा कि 500 वर्षो के संघर्ष के बाद अपने आराध्य प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर उनकी जन्मभूमि अयोध्या में बनकर तैयार हुआ है और आज वहां धर्मध्वजा लहरा रही है। यह हिंदू एकता की शक्ति का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज देश के कोने-कोने में भगवा लहरा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख मनोज जी ने कहा कि जब हिंदू जगेगा, तब विश्व जगेगा। उन्होंने कहा कि जिन शासकों ने तलवार के बल पर भारत पर शासन किया, मंदिरों को लूटा और बहू-बेटियों की अस्मिता पर आघात किया, उनकी पहचान के प्रतीकों को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुगलों द्वारा बदले गए नामों और पहचान को पुनः अपने मूल स्वरूप में लौटाना समय की आवश्यकता है, क्योंकि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय आत्मसम्मान से जुड़ा विषय है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भारत माता के चित्र पर पुष्प वर्षा कर शंखनाद से हुआ। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने हिंदुत्व से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शमा बांध दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुलाब जी और संचालन संगीता गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों द्वारा भारत माता की सामूहिक आरती उतारी गई, जिसके साथ पूरा परिसर भारत माता की जय और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

इस अवसर पर चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कसौधन, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, रत्ना सिंह, करिश्मा कसौधन, अखिलेश तिवारी, नित्यानंद मिश्र, मनोज उमर, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, पूर्व चेयरमैन गिरधारीलाल स्वर्णकार, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा नवनीत राय, मुराली प्रसाद, देवेश निषाद, अरूण श्रीवास्तव, विद्याधर पांडेय, रतन प्रकाश दुबे, शांतिदास, सुरेन्द्र यादव, भागीरथी स्वर्णकार, राजेश उमर, आकाश जायसवाल, कस्तूरी जायसवाल, आलोक, तिवारी, संजय गुप्ता, पंकज सोनकर, श्रवण वर्मा, दिनेश सिंह, सच्चिदानंद राय, देवानंद कन्नौजिया, किशन तिवारी, रामलोचन कसौधन, पंकज गुप्ता, भानु प्रताप सिंह, उपेन्द्र जायसवाल, पंकज सोनकर, मनोज सिंह, रजनीश पांडेय व दिलीप गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## बच्चो के विवाद में उलाहना देने गयी युवती को मारपीट कर किया घायल

**सरहरी,गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा परमेश्वरपुर टोला बढ़नी में बच्चो के बिवाद के बाद उलाहना देने गये युवती को दूसरे पक्ष के लोगो ने मारपीट कर घायल कर दिया। युवती की माँ की तहरीर पर चिलुआताल पुलिस आरोपियो के खिलाफ सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। ग्राम सभा परमेश्वरपुर टोला बढ़नी निवासी देवन्ता पत्नी फेकू निषाद ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि बच्चो के बिवाद को लेकर मेरी बेटी सिताबी बीरे पुत्र रामसवार के घर उलाहना देने गयी, इसी बात पर नाराज है होकर बीरे , रामसावरे, , रेखा , झिनकी देबी मेरी बेटी को गाली देने लगे। जब उसने उसका बिरोध किया तो उक्त लोग उसे मारने पीटने लगे, बीच वचाव करने गयी सोहावती व मेरी बहू आशा देबी को भी मार पीट कर घायल कर दिये। जिससे तीनो को काफी चोटे आई है। तहरीर के आधार पर पुलिस सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## घर जा रहे युवक को मारपीट कर किया घायल

**सरहरी,गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा परमेश्वरपुर में शहर से घर जा रहे युवक को मनबढ़ो ने पुरानी रंजिस में मारपीट कर घायल कर दिया। घायल के लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। ग्राम सभा परमेश्वरपुर टोला दरघाट निवासी हिमांशू पासवान पुत्र स्व० शुबास चन्द्र द्वारा चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया गया कि एक जनवरी को शायं पांच बजे के आस पास मै गोरखपुर से घर आ रहा था, अभी गाँव के प्रा० विद्यालय के पास पहुचा ही था कि गाँव के ही आलोक , आदित्य व मोनू देख कर गाली देने लगे मना करने पर लाठी डंडा पंच से मारपीट कर गम्भीर रूप से घापल कर दिये मारपीट में शर पर गम्भीर चोटे आई है तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल कर रही है।

# विधि विरुद्ध समायोजन के विरोध में शिक्षक संघ का ज्ञापन



जिला संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ने शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए), गोरखपुर को ज्ञापन सौंपकर विधि विरुद्ध समायोजन व स्थानांतरण आदेशों को निरस्त करने की मांग की। संगठन के जिलाध्यक्ष बाल विनोद शुक्ल एवं मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पाण्डेय के नेतृत्व में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल बीएसए कार्यालय पहुंचा और समायोजन प्रक्रिया पर गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई।

ज्ञापन में कहा गया कि जारी किए गए स्थानांतरण व समायोजन आदेश उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा अध्यापक तैनाती नियमावली के विपरीत हैं। संघ का आरोप है कि समायोजन से पूर्व न तो विद्यालयों की रिक्तियों की सूची सार्वजनिक की गई और न ही चिन्हित शिक्षकों की सूची जारी की गई। इसके साथ ही शिक्षकों एवं विद्यालयों से संबंधित आपत्तियां आमंत्रित नहीं की गई और न ही उनका विधिवत निस्तारण किया गया। शिक्षक संघ ने यह भी आरोप लगाया कि कई मामलों में कनिष्ठ शिक्षकों को वरिष्ठ शिक्षकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों के स्थान पर समायोजन में शामिल किया गया है। महिला शिक्षिकाओं को दूर-दराज के विद्यालयों में भेजे जाने तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में विषय शिक्षकों की उपेक्षा किए जाने का मुद्दा भी ज्ञापन में उठाया गया।

संघ ने मांग की कि वर्तमान समायोजन सूची को तत्काल निरस्त कर नियमों के अनुरूप पारदर्शी ढंग से पुनः समायोजन की प्रक्रिया कराई जाए। प्रतिनिधिमंडल में महामंत्री राजीव मिश्रा, नीता यादव, गंगेश्वर तिवारी, मुन्नालाल राय और चंद्रकांती गुप्ता सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे।

# कल से देशभर में चलेगा मनरेगा बचाओ अभियान



**इटावा।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने प्रेसवार्ता की में बताया कि मनरेगा पर आरपार की लड़ाई 5 जनवरी से कांग्रेस का देशव्यापी मनरेगा बचाओ अभियान मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर किए जाने के खिलाफ कांग्रेस ने बड़ा फैसला लिया है। 5 जनवरी से देशभर में मनरेगा बचाओ अभियान शुरू होगा। जिलाध्यक्ष ने कहा मोदी सरकार को गरीबों की नहीं, सिर्फ अपने अमीर दोस्तों की चिंता है। उन्होंने साफ कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं, संविधान से मिला काम का अधिकार है, और कांग्रेस इसकी हर कीमत पर रक्षा करेगी। पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी ने कहा देश में वन मैन शो चल रहा है। उन्होंने चेताया कि मनरेगा खत्म करने से दलित, आदिवासी, ओबीसी, गरीब और अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। यह संघीय ढांचे पर हमला और पैसा सत्ता का केन्द्रीकरण है। अधिकार आधारित ढांचा टूटा तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था कमजोर होगी और लाभ चंद पूंजीपतियों को मिलेगा। बैठक में मलखान सिंह यादव, पल्लव दुबे, प्रमोद शंखवार, कोमल सिंह कुशवाह, प्रेरणा जुवेरी, सरवर अली रहे।

## जैन मंदिर में शांतिनाथ विधान हर्षोल्लास से संपन्न



इटावा। शहर के प्राचीन एवं भव्य दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, पंसारी टोला में पूर्णिमा के पावन अवसर पर शांतिनाथ विधान का श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकाल विधि-विधान के साथ श्रीजी के केसर जल से अभिषेक एवं शांतिधारा से हुई, जिसे पुजारियों ने मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। प्रतिष्ठाचार्य पंडित सतेंद्र जैन के निर्देशन में विधान का शुभारंभ किया गया। अभिषेक के उपरांत श्रद्धालुओं ने सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। विधान के दौरान महिलाओं ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। हवन कुंड में आहुतियों के साथ विधान का समापन किया गया। सायंकालीन सत्र में भगवान की भक्ति में भक्ति नृत्य एवं भव्य महाआरती का आयोजन हुआ। महाआरती के समय दीपों की जगमगाहट और भक्ति संगीत से पूरा मंदिर परिसर भावविभोर हो उठा। श्रद्धालुओं ने तालियों और जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर महिला मंडल की सभी महिलाएं विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## रजवाह अचानक फट जाने से क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरायी

जसवंतनगर, इटावा। नगरिया पुल गाँव के समीप रजवाह अचानक फट जाने से क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। नहर से छोड़ा गया पानी बम्बा में आगे बढ़ने के बजाय नहर और बम्बा के बीच स्थित पेड़ों की डिग्गी में भर गया। इसके चलते बम्बा के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच सका और दर्जनों गांवों के खेतों में सिंचाई पूरी तरह ठप हो गई। समय पर पानी न मिलने से रबी की फसल पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में आक्रोश फैल गया। भूर सिंह, सतबीर, भानु प्रताप, अजीत सिंह, रामदयाल, सुनील कुमार, संतोष और दलवीर सहित बड़ी संख्या में किसानों ने आरोप लगाया कि रजवाह के निर्माण और मरम्मत कार्य में लगे ठेकेदारों की घोर लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। किसानों का कहना है कि रजवाह के किनारों से मानकों के विपरीत अत्यधिक गहराई तक मिट्टी उठा ली गई, जिससे पानी का दबाव बढ़ गया और कमजोर किनारे फट गए। किसानों ने बताया कि रबी की फसल के लिए यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। सिंचाई न होने से गेहूं, सरसों और अन्य फसलें सूखने लगी हैं, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। किसानों ने प्रशासन से रजवाह की तत्काल मरम्मत कराकर पानी की आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। साथ ही दोषी ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और फसल क्षति का मुआवजा दिए जाने की मांग भी उठाई गई है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### सूचना

मेरे पॉलिसी 214000622 में मेरा नाम हिकमतअली उर्फ चिड़ढे है। अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम नजर मोहम्मद है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है। नजर मोहम्मद पुत्र अजीम निवासीगददीपुरवाए हरिहरपुर रानी जनपद श्रावस्ती।

### सूचना

मेरी पॉलिसी 219363636 में मेरा नाम नूरजहां है। अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम रइसा है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है। रइसा पत्नी बरसाती निवासी-डमरा, चहलवा, भिनगा जनपद श्रावस्ती।

### सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र समीम व पुत्रवधु सकरून को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **छेद्दू पुत्र असगर नि.- ग्राम कोडरी पो. चहलुअ थाना तम्बौर तहसील लहरपुर जिला सीतापुर।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अधिकांश गुप्ता ने रेडिएन्ट एकेडमी, करमसेपुर, मिश्रिख, जिला सीतापुर से कक्षा 4 की परीक्षा वर्ष 2024-25 में उत्तीर्ण की है। जिसकी विद्यालय से प्रथम टीसी प्राप्त कर चुका है, जो कहीं खो गई है। दूसरी प्रति विद्यालय से दिलवाने की कृपा करें। **प्रदीप गुप्ता पुत्र स्व. रामचंद्र गुप्ता, कुतुबनगर, मिश्रिख, सीतापुर।**

# भैंसहा ने नगवा को हराकर ट्राफी पर किया कब्जा

## बेस्ट आफ थ्री वालीवाल प्रतियोगिता



गगहा,गोरखपुर। लीलावती सिंह स्मारक इण्टर मीडिएट कालेज भैंसहा गगहा के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय वालीवाल प्रतियोगिता का पहला फाइनल मैच भैंसहा व नगवा के बीच खेला गया।मैच का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव सुधाकर तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया उन्होंने कहा कि गगहा क्षेत्र में वालीबाल के अच्छे खिलाड़ी रहें हैं और आज भी हैं यहां की मिट्टी पूजनीय है जो इतने खिलाड़ियों की जन्मदात्री है लोग इसी खेल की बदौलत सरकारी नौकरियों में अपना योगदान दे रहे हैं। विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी के साथ ही नगद पुरस्कार मुख्य अतिथि द्वारा दिया गया। फाइनल मुकाबले का पहला मैच भैसहा ने नगवा को 21-15 से हराया दुसरे सेट में नगवा की टीम ने वापसी करते हुए 21-18 से जीत दर्ज कर तीसरे सेट को खेलने के लिए मजबूर कर दिया लेकिन भैसहा की टीम ने तीसरा सेट 21-18 से जीतकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया।

सेमीफाइनल मैच नगवा व चांवरिया व भैसहा व तेजपुर के बीच खेला गया जिसमें नगवा व भैसहा की टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

विशिष्ट अतिथि मदन पाण्डेय ने कहा की वालीवाल खेल उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अपने क्षेत्र के अनेकों खिलाड़ी सरकारी नौकरी में कार्यरत हैं गगहा क्षेत्र में एक खेल का मैदान होना चाहिए जिससे यहां के बच्चे प्रेक्टिस कर सकें।मैच के रेफरी अंकित कुमार व विपिन कुमार रहे तथा उद्घोषक सुजीत पाण्डेय व इंद्रजीत रहे। विद्यालय के प्रबंधक राधामोहन सिंह ने कहा कि अगले वर्ष और बड़े पैमाने पर खेलकूद का आयोजन किया जाएगा जिससे स्थानीय खिलाड़ी अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकें उन्होंने आए हुए सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार,उप प्रधानाचार्य संजीव श्रीवास्तव, संयोजक रिहांश ठाकुर, दीनानाथ,मोनू, रामसिंह, दीपचंद,किरन सिंह,महिमा,नेहा, अश्वनी, किशोर यादव सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# सर्द ने बढ़ायी ठिठुरन, लोगों ने अलाव जलवाने की मांग की

- नगर के पचास जगहों व प्रमुख चौराहों पर जल रहा अलाव : चेयरमैन सन्नी जायसवाल

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** शनिवार को सुबह से ही सर्द भरी ठिठुरन बढ़ गई। जिससे लोगों का जनजीवन गत दिनों की भांति अस्त व्यस्त हो गया।सर्द भरी हवाएं लोगों को और भी ज्यादा कष्ट पहुंचा रही थी। ठंड से राहत पाने के लिए अलाव की व्यवस्था नाकाफी थी । क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर कहीं भी अलाव की व्यवस्था नहीं देखी गई। फुटहवाइनार , फुलवरिया चौराहा, सरैया आदि जगहों पर अलाव के अभाव में लोग चौराहों पर ठिठुरते देखें गये। वहीं नगर पंचायत चौरीचौरा के बस स्टेशन पर अलाव जल रहा था।जो ठंड से राहत देने के लिए नाकाफी था।नगर के बाल बुजुर्ग, बाल खुर्द तथा मुण्डेरा बाजार आदि जगहों पर कहीं भी अलाव की चिंगारी नहीं देखी गई।मुण्डेरा बाजार, बाल बुजुर्ग व चौरा निवासी कुछ नागरिकों का कहना है कि ठंड काफी बढ़ गई है।सर्द भरी ठिठुरन से लोगों की जान भी जा सकती है।ठंड से बचाव के लिए नगर के प्रमुख चौराहों पर अलाव की व्यवस्था होनी चाहिए।जो भरपूर मात्रा में नहीं दिखाई दे रही है।लोगों ने प्रशासन से ठंड को देखते हुए भारी मात्रा में जगह जगह अलाव जलवाने की मांग किया है। उक्त के संबंध में नगर पंचायत चौरीचौरा अध्यक्ष सन्नी जायसवाल ने कहा कि नगर पंचायत चौरीचौरा के लगभग पचास जगहों तथा नगर के प्रमुख चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।जो ठंड के समय जारी रहेगी।

## नाबालिग किशोरी का अपहरण, केस दर्ज

**जसवन्तनगर, इटावा।** बलरई थाना क्षेत्र के एक गाँव से 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी को अज्ञात युवक द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी बेटी को एक अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर ले गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 01/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं.1:–कार्य का विवरण:** इज्जतनगर मंडल के सोरों सूकर क्षेत्र स्टेशन पर प्लेटफार्म–1 का विस्तार। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹5,46,31,777.37, बयाना राशि रूपयों में: ₹4,23,200/– निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।

1. ई– निविदा दिनांक 27.01.2026 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू–397

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## एडवोकेट अजहरउद्दीन फिर उतरेंगे चुनाव में

**इटावा।** मोहल्ला कटरा साहब खां वार्ड नंबर 27 के निवासी मानव हिन्द एकता समिति के अध्यक्ष एडवोकेट अजहरउददीन का मोहल्ले वासियों से काफी अच्छा लगाव व जुड़ाव रहा है मोहल्ले वासियों की हर वक्त सेवा में तत्पर रहने वाले अजहरउददीन को मोहल्ले वासियों ने फिर से चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है मोहल्ला वासियों के सहयोग से मानव हिन्द एकता समिति के अध्यक्ष एडवोकेट अजहरउददीन चुनाव मैदान में उतरेंगे। वार्डवासियों का कहना है अजहरउददीन 15 वर्षों से वार्डवासियों का पूरा ख्याल रखते चले आ रहे हैं और सभी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाते हैं। अजहरउददीन मोहल्ले में सफाई, के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना:ओटी-13-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं.-1,** निविदा सं.: ओटी-13-2025, कार्य का विवरण: एटा–कासगंज नई बीजी लाइन परियोजना के अंतर्गत न्यू बीजी ट्रैक के एलाइनमेंट में आने वाले 33 केवी अदद, 11 केवी के 41 अदद और 0.4 केवी के 24 अदद (कुल 81 अदद) ओवर हेड लाइन का अंडर ग्राउन्ड केबल में परिवर्तन। अनुमानित लागतः ₹ 4,07,11,422.25, बयाना राशिः ₹3,53,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ निल, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह, निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः 24-01-2026 को 12:00 बजे।

**नोटः** • इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, लखनऊ

मुजाधि/विद्युत-233

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# बूढ़े मां बाप को भगाकर लोग कुत्ते पाल लेते हैं

- प्रदर्शनी पंडाल में हुआ आल इंडिया मुशायरे का आयोजन



**इटावा।** प्रदर्शनी पंडाल में आल इंडिया मुशायरे का शानदार आयोजन किया गया। मुशायरे का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव ने मंच पर शमा रोशन करते हुए कहा मुशायरे में देश के मशहूर शायरों ने आकर चार चांद लगा दिए। मुशायरा सुबह चार बजे कामयाबी के साथ सम्पन्न हुआ।

मुशायरे के संयोजक फुरकान अहमद पूर्व चेयरमैन नगर पालिका ने जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव, सांसद जितेंद्र दोहरे, विधायक भरथना राघवेंद्र गौतम व सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य का बैज लगाकर स्वागत किया। सह संयोजक नफीसुल अंसारी व डा. कुश चतुर्वेदी ने शायरों का स्वागत किया। पूर्व चेयरमैन नोशाबा खानम ने शायरा अंजुम रहबर का स्वागत किया। मुशायरे में देश के नामचीन शायरों अंजुम रहबर, मंजर भोपाली, जौहर कानपुरी बेहतरीन शायरी कर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। मुशायरे का संचालन करते हुए शायर नदीम फर्रुख ने कहा हिन्दू मुस्लिम आपके माथे पर चाहे जो भी हो, आपके सीने में हिंदुस्तान होना चाहिए। देवबंद से आये शायर डा. नदीम शाद ने नात पाक पेश करते हुए कहा आपके बस की बात नहीं है आप नहीं कर पाएंगे, जालिम को जालिम कहने में हिम्मत करनी पड़ती है। शायरा शबीना अदीब ने कहा सारे गम वहीं पर हैं हर खुशी वहीं पर है, हम जहां बिछड़े थे जिंदगी वहीं पर है। शायर राहुल शर्मा मुरादाबादी ने कहा कलमकारों सियासत से बनाकर रखना दूरी, ये तुमसे ले तो सकती है कुछ दे नहीं सकती। डा. ओम शर्मा लखनऊ ने कहा जिस्म से जान निकल लेते कैसे वो खुद को ढाल लेते हैं, बूढ़े मां बाप को भगाकर लोग कुत्ते पाल लेते हैं। शायर बिलाल सहारनपुरी ने कहा छोड़के घर को किसी दौर नही जाएंगे जिनको जाना था गए और नहीं जाएंगे, इश्क करते हैं अपने वतन से हम लखनऊ छोड़कर लाहौर नहीं जाएंगे। युवा शायरा हिमांशी बाबरा मेरठ ने कहा साथ देने का दिलाया था भरोसा तूने, और फिर छोड़ दिया अकेला तूने। हास्य शायर जहाज देवबंदी ने कहा फासले सबके सब मिटा डालूं उस कदर दिल नवाज हो जाऊं, लेके उड़ जाऊं सब हसीनों को काश ऐसा जहाज हो जाऊं। शायर हाशिम फीरोजाबादी ने कहा जिनकी जुल्फों से खेलता था मैं वो मेरी जिंदगी से खेलें हैं, आज पहुंचे हैं इस नतीजे पर इश्क में किस कदर झमेले हैं। मुशायरे की परंपरा के अनुसार आमिर अंसारी ने निसार सीमावी और समी उद्दीन जुबैरी ने बेदम शाह वारसी की गजल पेश की। इसके अलावा खुर्शीद हैदर, अमीर इमाम, अली बाराबंकी, आयशा खुशनसीब, शाहबाज तालिब लखनऊ ने भी कलाम पेश किए। आल इंडिया मुशायरे की सफलता में में इंतखाब आलम रौनक इटावी, नदीम अहमद एड., आरिफ सिद्दीकी नूर, ताबिश खान, शावेज नकवी, निहाल खान, असलम अंसारी, शफी अहमद बालक, शाहिद हुसैन, रफत खान, सलमान खान, अंकित दीक्षित, मो. सुल्तान आदि का सराहनीय योगदान रहा। शांति स्वरूप पाठक एड., रमा शंकर चैधरी एड., सुरेश त्रिपाठी एड., अनिल मिश्रा, राजीव शर्मा, प्रवीन तिवारी, राम जी, पूर्व मंत्री राम प्रसाद सविता, प्रधानाचार्य गुफरान अहमद, आशीष राजपूत, विक्की गुप्ता, हाजी गुडडू मंसूरी, धीरेंद्र, फरहान शकील, एड.काशिफा नाज, जैनुल आबेदीन, कामरान खान, रिजवान कुरैशी सहित बड़ी संख्या में दर्शकों ने मुशायरे का आनन्द लिया। संयोजक फुरकान अहमद ने मुश्सयरे की कामयाबी के लिए अतिथियों, शायरों सहित श्रोताओं के शुक्रिया अदा किया।

संक्षेप

## सावित्रीबाई फुले की मनी जयंती

अयोध्या। साकेत बुद्ध विहार चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में नारी शिक्षा और सामाजिक न्याय की महान अग्रदूत सावित्रीबाई फुले की जयंती श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक सेवाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य वासुदेव मौर्य व विशिष्ट अतिथि यस एल सोनकर की उपस्थिति रही। दोनों अतिथियों द्वारा महिलाओं को कंबल वितरण किया गया, जो समाज के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भावना का प्रतीक रहा। कार्यक्रम के दौरान सहभोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने समानता और भाईचारे के साथ सहभागिता की। यह आयोजन सावित्रीबाई फुले के विचारों, शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए साकेत बुद्ध विहार चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने अपमान और कठिनाइयों के बावजूद नारी शिक्षा, सम्मान और समानता के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने 1848 में पुणे में पहला बालिका विद्यालय स्थापित कर सामाजिक चेतना का दीप प्रज्वलित किया। जाति-भेद, छुआछूत, बाल- विवाह और महिला असमानता के विरुद्ध उनका संघर्ष ऐतिहासिक रहा। वे वास्तव में नारी चेतना की अग्रदूत थीं। अरविंद यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकताओं व सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और नारी सम्मान, शिक्षा और सामाजिक न्याय के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## विदाई समारोह का आयोजन

सोहावल-अयोध्या। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ सोहावल के पदाधिकारियों एवं राजस्व निरीक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा सोहावल तहसील में कार्यरत राजस्व निरीक्षक संतोष दूबे राधे श्याम चैरसिया व जिला मुख्यालय पर कार्यरत एलआरसी डा0 पृथ्वी राज पांडेय के सेवानिवृत्त होने तथा तहसील सोहावल में कार्यरत रहे लेखपाल अब्दुल हक अंसारी के राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नति होने के बाद विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सोहावल तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप जिलाधिकारी शुश्री सविता देवी, तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, नायब तहसीलदार रौनाही रेशू जैन, राजस्व निरीक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जयनारायण तिवारी, मंत्री बृजनाथ द्विवेदी, लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष विनोद पांडेय व सोहावल तहसील अध्यक्ष सुशील कुमार की मौजूदगी में सेवा निवृत्त राजस्व निरीक्षकों को अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान लेखपाल संघ अध्यक्ष ने कहा कि रिटायर्ड तीनों अधिकारियों के मार्ग दर्शन में कार्य करने का एक अलग अनुभव प्राप्त हुआ। जिसे भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर जिला मंत्री नंदलाल वर्मा, रुदौली के अध्यक्ष कुलदीप सिंह, सौरभ सिंह, शोभा राम यादव, उदयराज, ध्रुव राज यादव, अनिल मौर्या, मो.इरफान, बलदेव तिवारी, अखिलेश पांडेय, गंगाराम पांडेय, राज्य कर्मचारी सयुक्त परिषद अयोध्या के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सोहावल तहसील अध्यक्ष सुशील कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश सिंह, मंत्री राहुल यादव, उपमंत्री तरुण मिश्रा, आडिटर प्राची मिश्रा सहित कई लेखपाल और राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।

# श्रीराम कथा में सीता हरण और शबरी भक्ति प्रसंग का किया वर्णन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वामी विवेकानन्द बाल उद्यान में चल रही श्रीराम कथा में आज कथा व्यास अजयानंद महाराज ने सीता हरण और भक्त शबरी की पावन कथा का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथा के दौरान श्रोतागण प्रभु श्रीराम की करुणा और शबरी की निष्काम भक्ति में भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि माता सीता के हरण के बाद प्रभु श्रीराम व्याकुल होकर उनकी खोज में वन-वन भटकते हैं और जीव-जंतु, पक्षी, मृग व स्थावर से सीता का पता पूछते हैं। हे खग हे मृग, मधुकर श्रेनी। कहहुं देखी सीता मृगनैनी। यह प्रसंग प्रभु श्रीराम की करुणा और मानव मात्र के प्रति उनके भाव को दशार्ता है। सीता की खोज करते हुए प्रभु श्रीराम भक्त शबरी के आश्रम पहुंचते हैं। कथा व्यास ने बताया कि दीन-हीन, पतित कही जाने वाली शबरी जन्म-जन्म से प्रभु श्रीराम के दर्शन की प्रतीक्षा कर रही थी। उन्होंने शबरी की भक्ति का मार्मिक चित्रण करते हुए कहा कि शबरी प्रतिदिन मार्ग बुहारती थी, बेर चख-चख कर तोड़ती थी, ताकि प्रभु को मीठे फल अर्पित कर सके। वनवासी उसका उपहास उड़ाते थे, लेकिन शबरी की भक्ति अडिग रही। कथा व्यास ने शबरी भक्ति पर आधारित सुंदर काव्य रचना के माध्यम से बताया कि जब कृपा के सागर प्रभु श्रीराम शबरी के आश्रम पहुंचे तो उसकी जन्म-जन्म की साधना पूर्ण हुई और हृदय की जिज्ञासा शांत हुई। यह प्रसंग निष्काम भक्ति और प्रभु कृपा की जीवंत मिसाल है।

इस अवसर पर वनबारी लाल जायसवाल, गेंदन लाल कनौजिया, के.के. शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, संतोष कुमार, मनोज मिश्र, दुर्गा प्रसाद मिश्र, शशिबाला राबड़ा, आदर्श शुक्ला, नीलम बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब गोला मुस्कान ने किया सांस्कृतिक पारिवारिक आयोजन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नववर्ष के अवसर पर रोटरी क्लब गोला मुस्कान के सदस्यों द्वारा रो. मीनाक्षी अग्रवाल के निवास स्थित सत्संग भवन में सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष अरविन्द गुप्त रामजी ने सभी सदस्यों और आगंतुकों का स्वागत किया।

क्लब सचिव अनुराधा पुरवार ने उपस्थित अतिथियों का अभिनन्दन करते हुए सभी सदस्यों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम के दौरान कई रोचक और मनोरंजक खेल आयोजित किए गए, जिनमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। खेलों के संचालन में महिलाओं की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के संयोजन और व्यवस्था में क्लब कोषाध्यक्ष ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर रोटरेक्ट सर्वेंद्र अनुराग और आनंद अर्कवंशी भी मौजूद रहे। वहीं, गीत-संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियों ने आयोजन को और भी जीवंत बना दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नीलू भारती, मिली गुप्ता, अनुराधा पुरवार, बंदना गुप्ता, मंजू, मीनाक्षी अग्रवाल, अतुल राजपूत, राजीव राजपूत, राजीव गुप्ता, संदीप मित्तल, शिवगोपाल गुप्ता और राखी गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

अंत में सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई और आयोजकों ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत चलाया गया जन जागरूकता अभियान

सीतापुर। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शनिवार को शहर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत लालबाग, रोडवेज बस स्टॉप एवं रेलवे स्टेशन जैसे प्रमुख और भीड़भाड़ वाले चैराहों पर परिवहन विभाग ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और सड़क सुरक्षा के महत्व को प्रभावी ढंग से समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने कहा कि सड़क हादसों को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय यातायात नियमों के प्रति जागरूकता और उनका पालन है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की। यातायात निरीक्षक फरीद अहमद ने कहा कि नशा नींद तेज रफ्तार सड़क हादसों की प्रमुख वजह है। वाहन चलाते समय इससे बचना चाहिए। इस अवसर पर पीटीओ एम.ए. आब्दीन, आर.आई. संजय कुमार ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़े हादसों का कारण बन जाती हैं। यदि सभी नागरिक यातायात नियमों को अपनी आदत में शामिल कर लें तो दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लखनऊ से आए कलाकारों ने बिना हेलमेट वाहन चलाने से होने वाले सड़क हादसों, गंभीर चोटों एवं मृत्यु जैसी घटनाओं का मार्मिक मंचन किया। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुति ने लोगों को गहराई से सोचने पर मजबूर किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

# अ.भा. प्रगतिशील महिला संगठन ने मनायी सावित्रीबाई फुले व फातिमा शेख की जयंती



पलियाकलां खीरी। महान समाज सुधारक, नारी शिक्षा की अग्रदूत एवं सामाजिक न्याय की प्रतीक सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख की जयंती के साप्ताहिक अभियान के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम कृष्णा अधिकारी (ऐपवा प्रदेश अध्यक्ष) की अध्यक्षता में तथा आरती राय (ऐपवा जिला अध्यक्ष) के नेतृत्व में पलिया, घोला तथा नया गाँव पटिहन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने माता सावित्रीबाई फुले के संघर्षमय जीवन और उनके द्वारा स्त्री शिक्षा एवं सामाजिक समानता के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया गया कि उन्होंने उस समय शिक्षा की अलख जगाई, जब समाज में महिलाओं को पढ़ने का अधिकार तक नहीं था। इस अवसर पर कृष्णा अधिकारी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले जी के विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही एक समान, न्यायपूर्ण और शिक्षित समाज का निर्माण संभव है। वहीं आरती राय ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए जागरूक होना होगा तथा शिक्षा को सामाजिक बदलाव का सबसे सशक्त माध्यम बनाना होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित महिलाओं ने (जिला उपाध्यक्ष नीलम वर्मा, सुधा सुनीता शर्मा मंजू मेहरा रेखा सिंह संगीता देवी फूलों देवी शांति देवी सुनीता सिंह आदि) महिलाओं ने सावित्रीबाई फुले के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने और सामाजिक न्याय के संघर्ष को और मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएँ उपस्थित रहीं।

# 20 हजार श्रद्धालुओं ने दीं गायत्री मंत्र से आहुति, ग्रहण किया प्रसाद



निघासन-खीरी। कस्बे में आयोजित राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 251 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ का तृतीय दिवस अत्यंत भव्य और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं और सैकड़ों यजमानों ने यज्ञ कुंडों में आहुतियां समर्पित कीं।

पूरे यज्ञ स्थल पर आस्था का सैलाब उमड़ता नजर आया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः प्रज्ञायोग ध्यान प्रशिक्षण से हुई। इसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत गायत्री महायज्ञ अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। चार पालियों में आयोजित यज्ञ में लगभग 20 हजार श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

यज्ञ परिसर में यज्ञोपवीत, नामकरण, मुंडन सहित विभिन्न वैदिक संस्कार संपन्न कराए गए। प्रथम पाली में 40 यज्ञोपवीत संस्कार कराए गए। महायज्ञ संपन्न होने के बाद प्रवचन पंडाल में 13 पुंसवन, 15 नामकरण, दो मुंडन और 20 विद्यारंभ संस्कार विधि-विधान से कराए गए। प्रतिदिन सायंकालीन प्रवचन बेला में संगीत प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर गुरुवाणी का श्रवण कर रहे हैं। सायंकालीन सत्र में आयोजित भजन संध्या और प्रवचन ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

यज्ञ स्थल पर संचालित मां भगवती भोजनालय में सेवा कार्य निरंतर जारी रहा। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु यहां भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इसके साथ ही सेवा कार्यों के तहत सार्थक चैरिटेबल ट्रस्ट लखनऊ द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया है, जिसमें बीते दो दिनों में कई श्रद्धालुओं ने रक्तदान किया। मोहन आई केयर सेंटर लखीमपुर की ओर से निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर तथा हरिओम हॉस्पिटल लखनऊ की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जहां प्रतिदिन 70 से 80 लोगों को निशुल्क दवाएं वितरित की जा रही हैं। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारी गायत्री शक्तिपीठ की टोली ने समस्त पूजन एवं हवन कार्यक्रम वैदिक विधि-विधान से संपन्न कराए। टोली का नेतृत्व टोली नायक आदरणीय परमानंद द्विवेदी ने किया। उनके साथ जितेंद्र मिश्री, ओईद्र सिंह, युग गायक रमेश तिवारी, हेम तत्त्वदर्शी, ऑर्गन वादक सोमेश्वर तांडी, छबि लाल, पैड वादक जनक, सहयोगी शिवम राजपूत और सारथी जयप्रकाश उपस्थित रहे।

# रामगोपाल राणा की मौत के बाद हंगामा



लखीमपुर खीरी। शनिवार को गढ़ी पावर हाउस में तैनात टीजीझ2 कर्मचारी रामगोपाल राणा की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

राम गोपाल राणा की मौत के बाद शनिवार को विद्युत कर्मचारियों ने हंगामा शुरू कर दिया। विद्युत कर्मचारियों ने आरोप लगाते हुवे बताया कि खीरी में तैनात ब्रह्मपाल अधीक्षण अभियंता विधुत बकाया बिल वसूली को लेकर लगातार दबाव बनाकर काम करवा रहे है। रात तक मीटिंग ली गई। विधुत विभाग के अधीक्षण अभियंता के प्रताड़ना से सदमे में आने के बाद राम गोपाल राणा विधुत कर्मी की मौत हो गई । साथी कर्मचारी की मौत के बाद भड़के कर्मचारियों ने कोतवाली सदर और डीएम कार्यालय का घेराव किया। अधीक्षण अभियंता के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की जिद पर अड़े रहे। घटना की जानकरी लेने सीओ सदर डीएम कार्यालय पहुंचे। विद्युत कर्मचारियों ने सीओ सदर विवेक तिवारी से कहा जब तक एसी ब्रह्मपाल पर कार्रवाई नहीं होगी, हम लोग अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। सीओ ने कहा पहले जांच हो जाए फिर मुकदमा लिखवाया जाएगा। अधिकारियों के आश्वाशन पर विधुत कर्मचारियों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। उधर मृतक के भाई ने कोतवाली सदर में लिखकर दे दिया हम पोस्टमार्टम करना नहीं चाहते ना ही कोई कार्रवाई चाहते। मृतक के परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए विद्युत कर्मी रामगोपाल का अंतिम संस्कार कर दिया। इस सन्दर्भ में कोतवाल सदर राजेश कुमार सिंह ने बताया विद्युत कर्मी के भाई ने लिख कर दिया है कि वह पोस्टमार्टम करना नहीं चाहते न वह करवाई चाहते हैं।

# सदर कोतवाल ने दिया गरीब को दिया कंबल



लखीमपुर खीरी। भीषण ठंड को देखते हुए सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने गरीब को कंबल उड़ाकर मानवता की मिसाल पेश की है। शनिवार को कल्लू निवासी ग्राम त्रिकोलिया कोतवाली सदर कंबल पाने की आस में पहुंच गया। कई दरोगा चौकी इंचार्ज वहां से निकले किसी ने गरीब का हाल नहीं पूछा। अपने चैंबर से सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह बाहर निकले उन्हें एक व्यक्ति ठंड से कांपता हुआ दिखाई दिया। गरीब के पास कोतवाल सदर पहुंचे बोले क्या बात है क्या नाम है तुम्हारा गरीब डरते हुए बोला साहब हमरा नाव कल्लू है, हम का एक कंबल दय देव कोतवाल ने मार्केट से नया कंबल मंगा कर कल्लू को दिया सदर कोतवाल ने गरीब को कंबल उड़ाकर मानवता की मिसाल पेश की है। इस मोके पर मिश्राना चौकी इन्जार्ज अजीत कुमार सिंह मौजूद रहे।

## कोहरे में बाइक सवार को वाहन ने मारी ठोकर, इलाज के दौरान मौत

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र की मुरावन पुरवा पुलिस पिकेट के तहत पड़ोसी जिला बहराइच निवासी 26 वर्षीय युवक बाईक पर सवार होकर रिस्तेदारी हसनपुर कटौती जाते वक्त शनिवार अल सुबह करीब 7.30 बजे कोहरे के कारण किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे हल्का प्रभारी ने घायल को सी एच सी धौरहरा भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी मुरावनपुरवा के अधीन सिसैया चौराहे के निकट ओवरब्रिज के पास दुर्गेश 26 पुत्र शुकई निवासी ग्राम झाला थाना मिहींपुरवा शनिवार सुबह बाइक पर सवार होकर रिस्तेदारी हसनपुर कटौली जाते वक्त सिसैया चौराहा निकट ओवरब्रिज किसी अज्ञात वाहन ने कोहरे के कारण जोरदार टक्कर मारी टक्कर लगने से दुर्गेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक रुद्र प्रकाश पाण्डेय व अंकित भाटी ने गंभीर हालत में सी एच सी धौरहरा भेजा जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## देवकली तीर्थ में एक माह का अखण्ड सुंदरकांड पाठ शुरू

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। देवकली तीर्थ स्थित श्रीमती चन्द्र कला आश्रम एवं संस्कृति विद्या पीठ में महंत प्रमोद जी महाराज के मार्गदर्शन में अखण्ड श्री सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। पाठ का आरंभ विधिविधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। पाठ प्रारंभ होने से पूर्व भगवान गणपति, माता गौरी, वरुण देव, नवग्रह देवता, षोडशी भुवनेश्वरी महाविद्या, श्री लक्ष्मीनारायण भगवान तथा श्री हनुमान जी महाराज का पूजन-अर्चन किया गया। पूजन उपरांत एक माह की अवधि के लिए अखण्ड श्री सुंदरकांड पाठ प्रारंभ किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से पाठ में सहभागिता करते हुए विश्व कल्याण, क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर आचार्य सुधीर मिश्र, आचार्य सत्यम मिश्र, आचार्य प्रमोद अवस्थी एवं आचार्य अनिल शुक्ल सहित गुरुकुल के वटुक ब्रह्मचारी, आश्रमवासी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अवैध अस्पतालों पर शिकंजा, डीएम के निर्देश पर गठित हुई जांच टीम

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर में संचालित अवैध अस्पतालों के खिलाफ जिला प्रशासन सख्त हो गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी द्वारा एक संयुक्त जांच टीम का गठन किया गया है, जो शहर में संचालित निजी अस्पतालों की रेंडम और औचक जांच करेगी। गठित टीम में तहसीलदार भीम चंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी तथा पुलिस विभाग के एक अधिकारी को शामिल किया गया है। तहसीलदार भीम चंद्र ने बताया कि जिला प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि गोला शहर में बिना पंजीकरण, मानकों और आवश्यक संसाधनों के कई निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं, जहां लापरवाही के चलते मरीजों की जान जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में मोहल्ला मुन्नूगंज स्थित एक निजी अवैध अस्पताल में प्रसव के दौरान एक विवाहिता की मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि महिला को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया और वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद जब परिजन वापस उक्त अस्पताल पहुंचे तो मेडिकल स्टाफ मौके से गायब मिला और अस्पताल का शटर बंद था। जांच में यह भी सामने आया कि अस्पताल भवन पर कहीं भी अस्पताल का नाम या पंजीकरण से संबंधित कोई बोर्ड नहीं लगा था। तहसीलदार ने बताया कि इससे पहले भी शहर के कई निजी अस्पतालों में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले सामने आ चुके हैं। इन्हीं गंभीर घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान यदि कोई अस्पताल बिना मानक और पंजीकरण के संचालित पाया गया, तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मरीजों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## सपा की मासिक बैठक संपन्न

सीतापुर। शनिवार समय 11 बजे समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय टाउन हाल सीतापुर में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव इकबाल हुसैन अंसारी ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव ने सर्वप्रथम सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई और उनके जीवन पर प्रकश डाला। सावित्रीबाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं। महात्मा ज्योतिराव को महाराष्ट्र और भारत में सामाजिक सुधार आंदोलन में एक सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में माना जाता है। उनको महिलाओं और अनाथ, दीन-दुखी, गरीब लोगों को शिक्षित करने के प्रयासों के लिए जाना जाता है। ज्योतिराव जो बाद में ज्योतिबा के नाम से जाने गए सावित्रीबाई के संरक्षक, गुरु और समर्थक थे। सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जिया जिसका उद्देश्य था। विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और महिलाओं को शिक्षित बनाना। इसके साथ संगठन की समीक्षा करते हुए विधानसभा अध्यक्षों को निर्देश दिया कि बूथवार बनाये गये बीएलए के साथ एसआईआर में जो गणना पत्र वोटरों बीएलओ द्वारा वितरित किये गये थे। उनको घर घर जाकर चेक कर ले कि सभी फॉर्म भरवाकर जमा करें। साथ ही साथ जिनके घरो में 18 वर्ष पूर्ण हो चुके लड़का लड़की उसका फर्म न० 6 भर दिए है की नहीं और ध्यान रखे कि एक भी वोटर का गणना पत्र भरने से वंचित न रह जाए और उनके द्वारा वोटर लिस्ट भी दुरुस्त कराते रहे। विधानसभा में अपने कार्यकताओं के सुख दुःख में भी शामिल होकर उनके साथ खड़े रहने का काम करें। बैठक में मुख्य रूप से विधायक अनिल वर्मा, पूर्व मंत्री रामहेत भारती पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, पूर्व मंत्री कमलेश यादव, प्रवक्ता दिग्विजय सिंह देव, महासचिव रोबिन सिंह यादव, अंकित त्रिवेदी, विधानसभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला, विधानसभा अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, विधानसभा अध्यक्ष सीताराम यादव, संदीप कश्यप प्रदेश सचिव शब्बीर खां, प्रदीप सिंह पन्नू, एड० शिवेंद्र यादव, विजय वर्मा, चंद्रशेखर यादव, शिवमोहन यादव, मूलचंद्र यादव, जयकरन राजवंशी, राजकिशोर गौतम, योगेन्द्र तिवारी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अटल स्मृति सम्मेलन में याद किया गया राष्ट्रनिर्माण का दौर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला के जय शंकर बारात घर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह के तहत अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी, जिला भाजपा अध्यक्ष सुनील सिंह और विधायक अमन अरविंद ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक अमन गिरि ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी कालजयी पुरुष थे, जिन्होंने अपने विचार, आचरण और कार्यों से राष्ट्र को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि अटल ने अखंड भारत की अवधारणा को मजबूत किया और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ सशक्त शासन की मिसाल पेश की। अटल सरकार के कार्यकाल में देश ने संचार व्यवस्था का विस्तार देखा, एक्सप्रेस-वे की नींव पड़ी, भारतीय रेल का आधुनिकीकरण हुआ और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की सशक्त पहचान बनी। परमाणु शक्ति राष्ट्र के रूप में भारत की स्थापना भी उनके निर्णायक नेतृत्व का परिणाम रही। विधायक ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी न केवल प्रखर राजनेता थे, बल्कि संवेदनशील कवि, पत्रकार और दूरदर्शी विचारक भी थे, जिनकी नीतियां आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने एसआईआर फॉर्म से संबंधित विषयों पर भी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और सिद्धांतों का प्रतीक है। उनके विचार आज भी कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक हैं। जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि अटल जी की राजनीति सेवा और सुशासन की राजनीति थी, जिसे भाजपा आगे बढ़ा रही है। अंत में आयोजकों ने सम्मेलन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री विमल सिंह, विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू शुक्ला, नगर अध्यक्ष स्त्रोहन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, संजीव वर्मा, रविंद्र कटियार, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, जिला कार्यसमिति सदस्य महिपाल सिंह, प्रवीण गिरी, सोवरन राजवंशी, महेंद्र गिरी, गन्ना समिति चेयरमैन आशीष सिंह, पूर्व अध्यक्ष अपना दल राजीव वर्मा, अवधेश वाजपेयी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन



मोहम्मदी खीरी। कस्बा के एक रिसॉर्ट में अटल स्मृति को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि मंत्री शंकर लाल लोधी विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे संचालन मनोज वर्मा ने किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य और विशिष्ट अतिथियों ने अटल के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया है।

मुख्य अतिथि ने अटल बिहारी वाजपेई की स्मृतियों का खाका खींचते हुए उनके विचारों के साथ चलने का संकल्प लिया विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अटल जी की स्मृतियों पर प्रकाश डालते हुए कहां मोहम्मदी उनकी कर्म भूमि रही है। उनके जीवन के 100 वर्ष पूर्ण हुए यहां से उन्होंने प्रचारक की भूमिका में रहकर जन-जन तक पहुंच कर संघर्ष करते हुए प्रधानमंत्री का पद सुशोभित किया था उनके कार्य करने के पद चिन्ह आज भी स्मरणीय हैं। अपने परिवार से नाता जोड़ते हुए उनके विचारों पर प्रकाश डाला है। कार्यक्रम को सुनील सिंह, ज्योतिर्मय बरतरिया ,पूर्व बार संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, आनंद गुप्ता, संदीप मेहरोत्रा, महेंद्र बाजपेई, राम जी रस्तोगी, सुशीला वर्मा और वैभव प्रताप सिंह ने संबोधित किया है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कमलेश वर्मा, रंजीत वर्मा, मिथुन ढाली, सर्वेश पाल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे हैं।

## पूर्णेश व जिज्ञांश ने बढ़ाया जिले का मान

मिल्कीपुर-अयोध्या। डॉ. दिवाकर सिंह (सह प्राध्यापक-जीव रसायन एवं योग के नोडल अधिकारी, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या) एवं इनकी पत्नी डॉ. ऋतु मेहता (फैकेल्टी-अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, उदयपुर) ने 50वीं सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के कोच एवं राष्ट्रीय योगासन रेफरी के रूप में रांची, झारखंड में 27 से 30 दिसंबर 2025 तक प्रतिभाग किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 34 राज्यों से 900 योग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान डॉ. दिवाकर सिंह एवं डॉ. ऋतु मेहता को उनके योग के क्षेत्र में योगदान के लिए योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सम्मानित किया गया। अयोध्या जिले से दो छात्रों पूर्णेश सिंह एवं जिज्ञांश सिंह, जो राज्य स्तर पर रजत पदक विजेता रहे, ने उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय योग स्पर्धा में भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें भी सम्मानित किया गया।

संक्षेप

## वांछित गिरफ्तार

आजमगढ़। वादी पप्पू सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह, निवासी बिन्द्राबाजार, थाना गम्भीरपुर, द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि बिन्द्राबाजार स्थित उनकी सराफी दुकान पर अभियुक्तों फरदीन पुत्र फिरोज अहमद, निवासी दाउदपुर, थाना रानी की सराय, और हेसाम पुत्र रफीक, निवासी सिरसाल, थाना रानी की सराय, द्वारा दुकान से सामान मांगने पर मना किए जाने के कारण जान से मारने की नीयत से कट्टे से फायर किया गया, जिससे वादी गोली लगने से घायल हो गया। धारा 109 बीएनएस पंजीकृत किया गया। तत्कालीन थानाध्यक्ष थाना गम्भीरपुर बसन्त लाल द्वारा उक्त अभियुक्त के कब्जे से एक देशी पिस्टल 32 बोर, 03 जिन्दा कारतूस, 01 खोखा कारतूस तथा मोटरसाइकिल गिरफ्तार किया गया था, इस संबंध में थाना गम्भीरपुर पर धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष गम्भीरपुर की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी आजमगढ़ द्वारा दिनांक 16.12.2025 को गैंग चार्ट का अनुमोदन किया गया। तदनुसार दिनांक 01.01.2026 को थाना गम्भीरपुर पर मु0अ0सं0 01/2026 धारा 2(ख)(१)/3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाजविरोधी क्रियाकलाप अधिनियम, 1986 पंजीकृत किया गया। ग्राम राजीपुर रजमों से गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त फरदीन पुत्र फिरोज अहमद को गिरफ्तार किया गया। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

जौनपुर। जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के भुईली गांव में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थिति में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही मायके वालों ने ससुराल पक्ष को शव का अंतिम संस्कार करने से रोक दिया। आजमगढ जनपद के बरदह थानाक्षेत्र के चैकी गांव निवासी लक्ष्मी चैरसिया का विवाह गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के भुईल गांव निवासी हरिओम चैरसिया से दस वर्ष पूर्व हुआ। दंपति के एक पांच वर्षीय तथा दूसरा तीन वर्षीय दो पुत्र है। हरिओम गांव में ही मोबाईल की दुकान चलाता है। रोज की भांति लक्ष्मी सुबह उठकर परिवार के लोगों का चाय बनाकर देने के बाद अपने कमरे में चली गयी। लगभग साढे सात बजे किसी परिजन की नजर कमरे के खुले दरवाजे पर पडी तो लक्ष्मी छत में लगे पंखे के सहारे साडी के फंदे पर झूल रही थी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को पंखे से उतारकर कब्जे में ले लिया और मायके पक्ष को सूचना दी गयी। मायके वालों ने खुद के पंहुचने तक शव को पोस्टमार्टम या अंतिम संस्कार करने से रोक दिया है। पुलिस का कहना है कि मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## अपराध का समाधान करेगा साइबर क्लब

जौनपुर। डिजिटल दुनिया तेजी से बदल रही है और इस बदलाव के बीच बढ़ते साइबर अपराध चुनौती बन चुके है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सुरक्षित डिजिटल वातावरण के लिए कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने विश्वविद्यालय के साइबर क्लब का विस्तार किया है। यह क्लब साइबर जागरूकता के साथ ही साइबर अपराध होने पर तकनीकी, विधिक और मनोवैज्ञानिक परामर्श भी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को निःशुल्क मुहैया करा रहा है विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति में डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर को पुनः नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डॉ. अन्नू त्यागी सह नोडल अधिकारी एवं काउंसलर, डॉ. राहुल राय विधि परामर्शदाता और सत्यम उपाध्याय तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में शामिल हैं। यह टीम मिलकर साइबर अपराध की रोकथाम और डिजिटल सुरक्षा के लिए काम करेगी। साइबर क्लब जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही मनोवैज्ञानिक परामर्श, विधिक और तकनीकी सहायता भी देगा, ताकि कोई भी विद्यार्थी या कर्मचारी अकेला महसूस न करे। समिति ने ऑनलाइन बैठक कर विभागवार साइबर वॉलिंटियर्स नेटवर्क के जरिए नियमित डिजिटल संदेश भेजकर सभी विद्यार्थियों को निरंतर साइबर जागरूक करने का निर्णय लिया है। नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने बताया कि साइबर अपराध से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए साइबर क्लब द्वारा त्रि-स्तरीय सहायता मॉडल पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया गया है। इस मॉडल के अंतर्गत तकनीकी स्तर पर साइबर अपराध से संबंधित तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान, कानूनी स्तर पर पीड़ितों को शिकायत दर्ज करने में सहायता तथा विधिक मार्गदर्शन एवं मानसिक स्तर पर साइबर अपराध से उत्पन्न तनाव, भय एवं मानसिक आघात से उबरने हेतु निःशुल्क मनोवैज्ञानिक परामर्श की व्यवस्था है।

# न्याय प्रक्रिया में अधिवक्ता की भूमिका अहम : न्यायमूर्ति




जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। न्यायमूर्ति वाणी रंजन अग्रवाल ने कहा कि त्वरित न्याय प्रक्रिया में अधिवक्ता की भूमिका महत्वपूर्ण रही है और आजादी के बाद संविधान निर्माण में डॉ राजेन्द्र प्रसाद, पंडित जवाहर लाल नेहरू, डॉ भीमराव अंबेडकर जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं और ये सभी महान पुरुष अधिवक्ता भी थे।

जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व संतोष कुमार श्रीवास्तव संतोषी बाबू जी की 20 वी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं सेमिनार त्वरित न्याय प्रक्रिया में न्याय पालिका कार्य पालिका विधायिका एवं अधिवक्ता की भूमिका पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए प्रयागराज उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल जी ने कहा कि त्वरित न्याय प्रक्रिया में न्याय पालिका का जो सम्मान आम आदमी में है उसे और बढ़ाने की जरूरत है अधिवक्ता वादकारी व न्यायाधीश के बीच सेतु बनकर कार्य करता हैं और विधि और न्याय को समय के साथ परिवर्तित होते रहना चाहिए और कहा कि संतोषी बाबू एक अच्छे और विद्वान अधिवक्ता थे जो सदैव न्याय हित में कार्य करते थे। जिला जज सुशील कुमार शशि जी ने कहा कि न्याय सिर्फ जज से नहीं होता है दोनों पक्षों को सुनने के बाद जो फैसला होता हैं वहीं न्याय होता हैं अधिवक्ता जिस वादकारी के लिए कार्य कर रहा हैं उसके प्रति ईमानदार होना चाहिए कहा कि अधिवक्ता ही जनमानस का मस्तिष्क है और अधिवक्ता कर्मयोगी होता हैं।स्वागत भाषण अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव ने करते हुए कहा है अधिवक्ता सदैव न्याय हित में कार्य करता हैं ।इसके पूर्व सेमिनार का उद्घाटन अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। संचालन मंत्री रण बहादुर यादव ने किया।आभार कार्यकम संयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट ने किया। उसके बाद न्यायमूर्ति वाणी रंजन अग्रवाल ने चैकियां धाम में मत्था टेका और दर्शन पूजन कर प्रयागराज प्रस्थान किया।

## स्वास्थ्य शिविर में जरूरतमंदों को कम्बल वितरित

जौनपुर। बदलापुर में स्थित अवध हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर में शनिवार को एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षक डॉ. संजय दूबे ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया।

इस दौरान सैकड़ों दिव्यांगों, विकलांगों और जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए गए। शिविर के उद्घाटन अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षक डॉ. संजय दूबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि वैभव सिंह और विधायक प्रतिनिधि गंगा प्रसाद सिंह विशिष्ट अतिथि थे। अस्पताल प्रबंधन ने पुष्प वर्षा और आरती उतारकर अतिथियों का स्वागत किया।इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श के साथ निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श के साथ निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं।अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. खुशबू यादव, डॉ. बिनोद यादव और डॉ. मनोज यादव सहित अन्य अनुभवी चिकित्सकों ने मरीजों का इलाज किया। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण पर ध्यान दिया गया। सामाजिक सरोकार निभाते हुए अवध हॉस्पिटल ने शिविर के दौरान एक सराहनीय पहल की। डॉ. खुशबू यादव और डॉ. बिनोद यादव ने सैकड़ों दिव्यांगों, विकलांगों और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए, जिससे उन्हें ठंड के मौसम में राहत मिल सके।

## आम आदमी पार्टी ने बच्चों को किताबें बांटी



जौनपुर। सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी द्वारा जिलामहासचिव विनोद प्रजापति के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों को किताब, कॉपी व पेंसिल इत्यादि शिक्षा सामग्री वितरित की गई।

प्रजापति ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के माध्यम से समाज में समानता और जागरूकता का संदेश दिया। उनके विचारों से प्रेरणा लेते हुए आम आदमी पार्टी का उद्देश्य है कि ग्रामीण व वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाए और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिलें। शिक्षा ही समाज को मजबूत बनाती है और आम आदमी पार्टी सदैव शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे जुड़े सामाजिक कार्य करती है। मुमताज अहमद, शशि रजक, आशीष यादव, अविनाश आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता

जौनपुर। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के जिला कार्यालय में शनिवार को देश की पहली महिला शिक्षिका और समाज सुधारक माता सावित्री बाई फुले की 195वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकतोओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने माता सावित्री बाई फुले के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सावित्री बाई फुले ने महिलाओं के लिए देश का पहला विद्यालय स्थापित किया था, जिससे शिक्षा के द्वार खुले। उन्होंने महिलाओं को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने जोर दिया कि आज समाज की महिलाओं को उनके दिखाए मार्ग पर चलकर खुद को सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा के जिला अध्यक्ष संग्राम भारती ने की। इस दौरान जिला महासचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, जिला सचिव चंद्रेश भारती, विधानसभा प्रभारी भजनलाल माली, विधानसभा अध्यक्ष सदर अजय गौतम, सोनू बौद्ध, इरफान अहमद, बुटाई राम सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा और जागरूकता का संदेश चलाने का संकल्प लिया।

## 20 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

मीरजापुर। जिगना पुलिस टीम ने 20 हजार के इनामिया अनुराग शर्मा (21) पुत्र प्रभात शर्मा निवासी खैरा थाना जिगना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उक्त गिरफ्तारी थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम खैरा हरगढ़ मिश्रपुर रोड के पास से गिरफ्तार किया। जिस पर मु अ सं 02/2026 धारा-3(1) उप्र. गैंगस्टर दर्ज था। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह सफलता उपनिरीक्षक जिगना, संजय सिंह, थानाध्यक्ष जिगना, व मुख्य आरक्षी चन्द्रशेखर सिंह व मनोज कुमार शुक्ला को मिली।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

प्रतापगढ़। जिले के कंधई क्षेत्र में शनिवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि कंधई के लोहांगपुर गांव के पास हुए हादसे में मरने वाले की पहचान कंधई के दीवान का पुरवा निवासी शनि हरिजन के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल रोहित कुमार की हालत नाजुक देखते हुए उसे प्रयागराज के लिए रेफर किया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

## जंगल बचाने निकली वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों का हमला

मीरजापुर। जिले के लालगूथाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह में जंगल बचाने निकली वन विभाग की टीम पर ही जानलेवा हमला हो गया। वन भूमि पर अतिक्रमण हटाने गई टीम पर ग्रामीणों ने पथराव कर धावा बोल दिया।

इस हमले में आठ वनकर्मी घायल हो गए। सभी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया। वन विभाग द्वारा आठ लोगों को नामजद और दो दर्जन अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई है। फारेस्टर विनयेंद्र कुमार यादव ने बताया कि 12 हेक्टेयर वन भूमि पर ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था, वह आरक्षित वनभूमि है। उस वन भूमि पर वन विभाग द्वारा प्लांटेशन के लिए गड्ढे की खुदाई कराने जेसीबी के साथ पहुंची थी। इसके पहले से वन भूमि पर कब्जा जमाए ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम पर पत्थरबाजी करते हुए हमला बोल दिया। जिसमें मौके पर मौजूद रेंजर केके सिंह, फारेस्टर आदि किसी तरह बचकर निकल पाए, पत्थरबाजी के जद में आए आठ वन कर्मी (वाचर) घायल हो गए जिसमें दीनानाथ, ओमप्रकाश, पप्पू, उमाशंकर, भगवानदास, रामबाबू, जयप्रकाश, बलराम सभी वाचर शामिल हैं। जवाबी कार्रवाई में कुछ ग्रामीण भी चोटिल हुए है। वन विभाग के एसडीओ शेख मोज्जिम मौके पर पहुंचे थे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने बताया कि वन विभाग की तरफ से मिले तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है छः लोगों को पुलिस हिरासत में लिया गया है।

## सावित्री बाई फुले का जन्म दिवस मनाया

जौनपुर। माता सावित्रीबाई फुले का जन्म दिवस हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा में मनाया गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति और विशिष्ट अतिथि बीजेपी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता रहे। साथ में प्रजापति समाज के जिला अध्यक्ष राहुल प्रजापति, प्रबंधक विनोद कुमार माली, रहे मुख्य अतिथि द्वारा माता सावित्रीबाई फुले व महात्मा ज्योतिबा फुले जी के चित्र पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्वलन किया गया।

प्रबंधक विनोद कुमार माली संचालक डॉक्टर प्रमोद कुमार सैनी द्वारा माला व अंग वस्त्र भेंट किया गया मुख्य अतिथि ने बताया कि माता सावित्रीबाई फुले ने उस समय शिक्षा का ज्योति जलाई जिस समय बालिकाओं को शिक्षा का अधिकार




नहीं था महात्मा ज्योतिबा फुले ने माता सावित्रीबाई फुले को शिक्षा दी और माता सावित्रीबाई फुले शिक्षित होकर बालिकाओं के लिए प्रथम स्कूल की स्थापना की इस कार्य के लिए उनको बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा लेकिन माता जी की दृढ़ संकल्प था की बालिकाओं को भी पुरुषों की तरह शिक्षित होना चाहिए और बालिकाओं को शिक्षा की मुख्य धारा में लाना चाहिए आज बालिकाएं शिक्षित होकर सभी कार्यों में पुरुषों के बराबर भागीदारी दे रही है। दुर्गा मौर्य अजय निषाद , विनय माली, जिला अध्यक्ष राष्ट्रवादी माली सैनी महासभा प्रमोद दुबे मनोज माली प्रदीप यादव संदीप यादव अमित श्रीवास्तव,सोनम यादव मंजू प्रजापति नंदनी विश्वकर्मा, हरी लाल यादव, दिव्यांग बच्चे उनके अभिभावक उपस्थित रहे संचालन आयोजक डॉ प्रमोद कुमार सैनी ने किया।

## चुनाव में एकता का परिचय दें: सर्वेश



जिला संवाददाता

जौनपुर। कूर्मी क्षत्रिय महासभा का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से एमपी इंटरमीडिएट कॉलेज रज्जुपुर, सरायबीका में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इं.आरबी सिंह , प्रांतीय उपाध्यक्ष बृजराज पटेल, प्रांतीय नेत्री डॉ0 श्रीमती सुनीता वर्मा एवं अन्य साथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर महासभा के संस्थापक बाबू रामाधीन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए समाज के अन्य मनीषी महामना गौतम बुद्ध, छत्रपति शिवाजी महाराज, जीजा माता ,छत्रपति शाहूजी जी महाराज, सरदार वल्लभ भाई पटेल, महामना रामस्वरूप वर्मा ,डॉक्टर सोनेलाल पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कूर्मीक्षत्रिय कुलध्वज फहराने के उपरांत कूर्मि कुलगीत का वाचन करते हुए किया गया। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए जिला अध्यक्ष तथा प्रतिनिधियों ने बाबू रामाधीन सिंह 22 वर्ष में नौकरी से मुक्त होकर समाज के लिए संघर्ष को स्मरण किया गया। प्रांतीय नेत्री डॉ श्रीमती सुनीता वर्मा, श्रीमती सोनी पटेल और श्रीमती वंदना पटेल ने नारी शिक्षा और बेटियों के संस्कार,राजनीति, सरकारी सेवा, खेल कूद तथा दहेज प्रथा से मुक्त होने की बात पर जोर दिया, हम बेटियां कड़ी मेहनत करते हुए शिक्षा और नौकरी हासिल करते है उसके बाद भी माता पिता से दहेज की बात किया जाता है। कार्यक्रम अध्यक्ष छोटेलाल पटेल ने समाज सुधार व रचनात्मक कार्यों से लोगो को अवगत कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष कटियार ने सदस्यता बढ़ाने ,चुनाव में अपनी एकता का परिचय तथा प्रदेश भर में कुर्मी समाज के ऊपर होने वाले अभद्र भाषा का प्रयोग सभी प्रकार के घटना की निंदा किये ।सरकार से अनुरोध किया कि इस तरह के घटना को समय रहते ही रोक कार जांचोपरांत दोषियों को दण्ड तथा पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाया जाए। संचालन प्रोफेसर डॉ विजय वर्मा ने किया।

## डिवाइडर से टकराने पर बाइक चालक और महिला की मौत

जिला संवाददाता(vol)

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहुरियादह गांव में शुक्रवार की कोहरे के कारण बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना में गंभीर रूप से घायल बाइक चालक व बाइक पर पीछे बैठी महिला को अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव निवासी 25 वर्षीय विनोद कुमार कोल मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के राजाधौ गांव निवासी 40 वषीर्या सेम्मू देवी पत्नी सुखलाल के साथ ड्रमंडगंज बाजार दुकान का सामान लेने गए थे ।देर रात ग्यारह बजे के करीब घर वापस लौटते समय जैसे ही लहुरियादह गांव स्थित एचपी पेट्रोल पंप व जायसवाल ढाबा से सौ मीटर आगे पहुंचे तो घना कोहरा होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

बाइक चालक व पीछे बैठी महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे एसआई सुभाष यादव हेड कांस्टेबल बिजेंद्र राय ने गंभीर रूप से घायल बाइक चालक व महिला को उपचार हेतु एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेजवाया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव निवासी शैलेन्द्र कुमार केसरवानी ने बताया कि सेम्मू देवी पिछले छह महीने से अपने पति के साथ भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में नेशनल हाईवे के किनारे चाय पान की दुकान चलाती थी ।ड्रमंडगंज बाजार में सामान लेने के लिए गई थी कि घर वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गई ।इस संबंध में थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि लहुरियादह गांव में डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप घायल बाइक चालक व पीछे बैठी महिला की मौत हो गई है ।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## सड़क हादसों में दो बाइक सवार युवकों की मौत

आजमगढ़। जिले के बिलरियागंज थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात हुए सड़क हादसों में दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। अलग-अलग स्थानों पर हुए इन हादसों से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक जांच-पड़ताल कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पहली घटना बिलरियागंज थाना क्षेत्र के जैगहा गांव निवासी 25 वर्षीय संजय पासवान की है। संजय दिल्ली में रहकर एक कंपनी में काम करते थे और दस दिन पूर्व अपने माता-पिता से मिलने गांव आए थे। गुरुवार को वह दिन में गद्दोपुर स्थित अपने ननिहाल गए थे और रात में बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रामपुर गांव के समीप अंबेडकर बाजार में सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। हादसे में संजय गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस उन्हें बिलरियागंज सीएचसी ले गई, जहां से हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। दूसरी घटना भी गुरुवार की रात की है। अहरौला थाना क्षेत्र के पूरब पट्टी गांव निवासी 19 वर्षीय विकास मौर्य, जो क्षेत्र के एक विद्यालय में 12वीं के छात्र थे, बाइक से अपने मामा से मिलने सिधारी थाना क्षेत्र के चकनेवाल गांव जा रहे थे। जब वह कंधरापुर क्षेत्र के मुजफ्फपुर स्थित चंद्रमा ऋषि आश्रम के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल विकास को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## हाइवे पर युवक का शव का मिलने से सनसनी

आजमगढ़। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोजरापुर गांव स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच-पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान मोजरापुर गांव निवासी 26 वर्षीय सत्यम यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सत्यम घर पर रहकर अपने भाइयों के साथ रेलवे भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहा था। रोज की तरह शुक्रवार की भोर करीब चार बजे वह शौच के लिए घर से निकला था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। करीब छह बजे किसी राहगीर ने सत्यम को सड़क किनारे अचेत अवस्था में पड़े देखा और इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि सत्यम के सिर और पीठ पर चोट के निशान थे, साथ ही उसका एक पैर भी टूटा हुआ था, जिससे उन्हें हत्या की आशंका है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस बावत शहर कोतवाली प्रभारी यजुवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि प्रथमदृष्टया घटना मार्ग दुर्घटना प्रतीत हो रही है, परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं प्राप्त हुई है, शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले को दी श्रद्धांजलि

जौनपुर। दीवानी न्यायालय जौनपुर केप्रांगण में हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी एवं लक्ष्मी बाई ब्रिगेड के बैनर तले प्रथम महिला



शिक्षका, समाजसुधारक, राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले के जन्मदिन पर माला फूल व मोमबत्ती जला कर दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलिअर्पित किया, । ब्रिगेड की अध्यक्ष मंजीत कौर ने सावित्री बाई फुले के व्यक्तित्व ,व कृतित्त्व पर प्रकाश डाला, उनके जीवन संघर्ष के बारे में बताया और कहा कि उनका कहना था कि स्वाभिमान से जीने के लिए पढाई करो, पाठशाला ही इंसान की तीर्थ है और शिक्षा ही सच्चा गहना है इस अवसर पर अधिवक्ता, पुष्पा ,मधु,बिन्दु ,उषा ,खुसबू, रीता ,निधि ,मंजू जय ,बिजय बहादुर ,मुद्रावती, बीना तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना का उठायें लाभ

आजमगढ़। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी दीपक मिश्रा ने बताया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य प्राप्त हो गया है। इस योजना में अधिकतम परियोजना लागत रू0 10.00 लाख तक बैंक ऋण हेतु कक्षा 8 उत्तीर्ण, पॉलीटेक्निक / आईटीआई उत्तीर्ण एवं पूर्व से कार्यरत परम्परागत कारीगर / अनुभवी व्यक्तियों, जो ग्रामीण क्षेत्र के मूल निवासी हो एवं ग्रामीण क्षेत्र में ही बैंक के माध्यम से ऋण लेकर स्वउद्यम स्थापित करने के इच्छुक हो तथा जिनकी उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच हो, आवेदन कर सकते है। योजना में सामान्य वर्ग के पुरूष लाभार्थी को कुल परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग (अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विकलांग, भूतपूर्व सैनिक एवं महिलाओं) को 05 प्रतिशत स्वयं का अंशदान लगाना अनिवार्य है। बैंक से प्राप्त पूँजीगत ऋण पर (कार्यशील पूँजी को छोड़कर) सामान्य वर्ग के पुरुष लाभार्थी को 04 प्रतिशत ब्याज के अलावा शेष ब्याज भुगतान जबकि आरक्षित वर्ग के सभी लाभार्थियों को पूँजीगत ऋण पर (कार्यशील पूंजी को छोडकर) सम्पूर्ण ब्याज भुगतान लगातार 05 वर्षों तक राज्य सरकार / विभाग द्वारा किया जायेगा। जो उद्यमी पूर्व में किसी अन्य सरकारी योजना में ऋण/अनुदान प्राप्त कर चुके है, पात्र नहीं है। ऐसे इच्छुक नये उद्यमी/लाभार्थी जो योजना की उपरोक्त पात्रता रखते हो और स्वउद्यम करना चाहते हो, वे पोर्टल पर विभिन्न वांछित दस्तावेजों की अपलोडिंग सहित आनलाईन आवेदन कर सकते हैं एवं आवेदन फार्म की प्रिंटेड प्रति के साथ ही अपना फोटो, निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक / प्राविधिक योग्यता प्रमाण-पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं इकाई लगाने के स्थान की ग्राम प्रधान द्वारा प्रमाणित चैहद्दी आदि की प्रति संलग्न करते हुए हार्ड कापी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, सिधारी आजमगढ़ में जमा करना अनिवार्य है। लाभार्थी का चयन स्कोर कार्ड की आधार पर किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु निम्न नम्बरों-7408410762, 9935753655, पर सम्पर्क कर सकते है।

## तहसील एकादश ने शानदार खेल दिखाया ब्लॉक एकादश को हराया

लालगंज, मीरजापुर। मिलिट्री ग्राउंड में शनिवार को तहसील बनाम ब्लॉक एकादश के बीच आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में रोमांच की पराकाष्ठा देखने को मिली। रनों की बारिश के बीच तहसील एकादश ने शानदार खेल दिखाते हुए ब्लॉक एकादश को करारी शिकस्त दी। जीत के हीरो तहसील टीम के राहुल रहे। जिन्होंने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 78 रन ठोक दिए। ब्लॉक एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। कप्तान संजय पटेल व अनिरुद्ध तिवारी के रणनीति की धुआंधार पारी की बदौलत टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 115 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी तहसील एकादश की टीम ने सधी हुई शुरूआत की। राहुल के तूफानी 78 रनों और कप्तान आशीष यादव की सधी हुई रणनीति के आगे ब्लॉक के गेंदबाज बेबस नजर आए ।बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर चौके-छक्के जड़ते हुए महज 9.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। मैच के दौरान नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझा व कानूनगो ओमप्रकाश उपाध्याय अंपायर की भूमिका में रहे, जबकि संजीव कुमार उपाध्याय ने थर्ड अंपायर की जिम्मेदारी निभाई। जयप्रकाश उपाध्याय ने अपनी कमेंट्री से खिलाड़ियों में जोश भरा। विजेता टीम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, सचिन मिश्रा, कृष्णचंद मिश्रा व अनूप पांडे शामिल रहे। ब्लॉक टीम की ओर से कप्तान संजय पटेल, आईएएस अंशुल हिंदल, अनिरुद्ध तिवारी व जितेंद्र बिंद ने कौशल दिखाया। अंत में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने खेलकूद के महत्व को बताया।

संक्षेप

## रेलवे कर्मियों को ड्यूटी से बुलाकर शराब पिलाने का आरोप

ललितपुर। झांसी दीनदयाल नगर निवासी मनोज खरे पुत्र स्व.बाबूराम खरे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह एसएसई पी.वे. इंचार्ज (उत्तर) ललितपुर में तैनात हैं।

बताया कि बाहरी व्यक्ति द्वारा रेलवे आवास में घुसकर अभद्रता करते हुये गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी है।

पुलिस को बताया कि इकराम खां पुत्र नवाब खां, रविन्द्र सिंह यादव पुत्र जाहर सिंह रेलवे में चाबीमैन के पद पर यूनिट नं. 9 ललितपुर में किमी 1037/0 से 1041/0 एवं किमी 1041/0 से 1045/0 तक तीसरी लाइन में कार्यरत हैं।

31 दिसम्बर को निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दोनों कर्मचारी इकराम खां व रविन्द्र सिंह यादव अपने सेक्शन में अनुपस्थित थे। इकराम खां को फोन लगाने पर उसने बताया कि वह प्रदीप कुमार उर्फ पप्पू साहू के साथ बैठकर शराब पी रहा है।

# कुढ़ा सादात में एक करोड़ की लागत से बनेगा अम्बेडकर पार्क

अयोध्या। रूदौली विधायक राम चन्द्र यादव के द्वारा जनहित मे अति महत्वाकांक्षी परियोजना का प्रस्ताव उ.प्र. सरकार के पर्यटन विभाग को अयोध्या क्षेत्रान्तर्गत पर्यटकीय सुविधाओं के दृष्टिगत जनपद अयोध्या के विधान सभा क्षेत्र रुदौली के ग्राम कुढ़ासादात में अम्बेडकर पार्क के पर्यटन विकास कार्य किये जाने हेतु भेजा गया था। पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण परियोजना ग्राम कुढ़ासादात में अम्बेडकर पार्क के पर्यटन विकास कार्य किये जाने को वित्तीय वर्ष 2025--26 की प्रेषित परियोजनाओं की सूची में सम्मिलित किया गया है। निदेशालय स्तर पर विचार-विमर्श उपरान्त जनपद अयोध्या के विधान सभा क्षेत्र रुदौली के ग्राम कुढ़ासादात मे अम्बेडकर पार्क के विकास कार्य की परियोजना की लागत 100.00 लाख रुपए से कराये जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद ,अयोध्या के संयुक्त



मुख्य कार्य पालक अधिकारी ने विधायक रामचन्द्र यादव को पत्र भेजकर अम्बेडकर पार्क में पर्यटन विकास कार्य किये जाने की स्वीकृति सम्बन्धी जानकारी दी है। कुढ़ा सादात मे अम्बेडकर पार्क के पर्यटन विकास कार्य होने से रुदौली वासियों को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त जन उपयोगी बहु उद्देशीय पार्क की सौगात होगी। रुदौली वासियों को बहु उद्देशीय अम्बेडकर पार्क के विकास कार्य किये जाने की स्वीकृति प्रदान होने पर क्षेत्र की जानते रुदौली विधायक रामचंद्र यादव की मांग और पैरवी पर बाबा साहब डॉ. बी.आर.अम्बेडकर के नाम पर बनने वाला यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट स्वीकृति मिलने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ.राम भवन रावत, गन्ना डायरेक्टर राजेश कुमार गौतम डॉ सत्तन लाल गौतम, अजय गौतम, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रेस यादव,किशोरी लाल यादव,पूर्व प्रधान अरविंद वर्मा, संतोष कुमार रावत और मुन्ना लाल रावत ने रुदौली विधायक का स्वागत और अभिनंदन करने की बात कही।

# देवरिया के सन्तोष मद्धेशिया और प्रतीक मद्धेशिया को मिलेगा राष्ट्रीय युवा सम्मान 2026

बरहज,देवरिया। बाबा गणिनाथ भक्त मंडल ने स्वर्गीय रतन कुमार गुप्ता की स्मृति में स्थापित 'रतन कुमार गुप्ता राष्ट्रीय युवा सम्मान 2026' की औपचारिक घोषणा कर दी है। भारत और नेपाल में मध्यदेशीय वैश्य समाज के युवाओं को समर्पित यह सम्मान उन प्रतिभाशाली युवाओं को प्रदान किया जाता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं और समाज में सकारात्मक प्रभाव डाला है। आयोजकों के अनुसार यह सम्मान प्रतिवर्ष स्वर्गीय रतन कुमार गुप्ता के जन्मदिवस 30 जनवरी के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है।

इस वर्ष भी युवा उद्यमिता, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और सामाजिक कार्य इन पाँच श्रेणियों में नामांकन आमंत्रित किए गए थे। देश भर से प्राप्त प्रविष्टियों का परीक्षण कर चयन समिति द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर जिले के दो युवाओं का चयन किया गया जिसमें रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नगर पंचायत भलुअनी निवासी 24 बार रक्तदान कर चुके सन्तोष मद्धेशिया वैश्य एवं फुटबाल खेल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमक बिखेर चुके बरहज निवासी प्रतीक मद्धेशिया को 15 मार्च 2026 को वाराणसी में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन के दौरान सम्मानित किया जाएगा इसके साथ ही रक्तदान क्षेत्र में 115 बार रक्तदान कर चुके वाराणसी के राजेश गुप्ता मद्धेशिया, 60 बार रक्तदान कर चुके गाजीपुर के राकेश मद्धेशिया, 51 बार रक्तदान कर चुके कसया के अंगद मद्धेशिया, 49 बार रक्तदान कर चुके महाराष्ट्र के मनोज गुप्ता मद्धेशिया सहित अन्य क्षेत्रों में चयनित युवाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।चयनकर्ताओं का मानना है कि यह सम्मान न केवल युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता है।

## सावित्री बाई फुले की जयंती राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनायी गयी

बरहज,देवरिया। टेकुआ चौराहा पर सावित्री बाई फुले की 195 वीं जयंती राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में पुष्प अर्पित कर मनाया गया। सामाजिक कार्यकर्ता रामकिशोर चौहान ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने 6 लड़कियों के साथ 14 जनवरी 1848 में पुणे के बुधवार पेठ निवासी तात्यासाहब भिंडे नामक ब्राह्मण के मकान में एक कन्या पाठशाला का शुभारंभ किया। इसकी शुरूआत एक लम्बे संघर्ष के बाद हो सका। फुले के महान कार्यों से भारतीय नारी के पैरों में अनादिकाल से डाली गई परतंत्रता की बेड़ियां खण्ड -खण्ड हो गई। आज भारतीय नारी सम्मान के साथ और पुरुषों के साथ मिलकर हर क्षेत्रों में प्रगति के पथ पर स्पर्धा हासिल कर आसमान के बुलंदियों को छू रही है। सेवा निवृत्त शिक्षक रामनक्षत्र प्रसाद ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने देश में अपने क्रांतिकारी समाज सुधार के कार्यों से नारी जगत के लिए एक महान आदर्श स्थापित किया। उनका योगदान समाज के लिए मिशाल है। जिसके दिव्य प्रकाश में स्वतन्त्र होकर खुली हवा में सांस लेने में शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति का सौभाग्य मिला है। कार्यक्रम में राजेंद्र प्रसाद,हरिशरण पासवान, डॉ मुकेश चौहान, शंभु खरवार, रामनरेश यादव, बैरिस्टर शर्मा, राजेश चौहान, शत्रुघ्न चौहान, दयालु, जोखू, रामहित यादव, मुन्नीलाल, शिवानंद चौहान, शिवचन्द चौहान, भीम कुमार भारती मौजूद रहे।

## कांग्रेस बैठक में एसआईआर और संगठन सृजन को लेकर हुई समीक्षा



देवरिया। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक शनिवार को टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' की सदारत में हुई। जिसमें एसआईआर एवं संगठन सृजन को लेकर समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा लागू किए गये एसआईआर पर सतत निगरानी जरूरी है और साथ ही साथ संगठन को और मजबूत करने की आवश्यकता है। क्योंकि पंचायती चुनाव नजदीक आ रहा है। जिससे संगठन की जिम्मेदारियां काफी बढ़ेगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अरविन्द शाही, सुनील कुमार तिवारी, डॉ. धर्मेंद्र पाण्डेय, जुलेखा खातून, भरत मणि त्रिपाठी, जयप्रकाश चमार, राम अशीष सहानी, प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष चन्दन वर्मा, जिला महासचिव मार्कण्डेय मिश्रा, शिव शंकर सिंह, मनोज मणि, रत्नेश मल्ल पिंटू, आलोक त्रिपाठी राजन, कुलदीप यादव, सच्चिदानंद मिश्रा, शहनाज जफर, रीता देवी, राकेश तिवारी, रजनीश प्रसाद, विनोद दुबे, परमानंद प्रसाद, ध्रुव प्रसाद आर्य, प्रेमचन्द प्रजापति, बृजभान सिंह आदि मौजूद रहे।

# सांसद ने मृतक निशांत के परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस

कुशीनगर। जिले के कसया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नैका छपरा टोला अम्मरपुर निवासी निशांत सिंह उर्फ शक्तिमान सिंह की हत्या की घटना को लेकर क्षेत्र में शोक व आक्रोश का माहौल है। इस जघन्य हत्या को अत्यंत दुःखद, निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शनिवार को कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे एवं हाटा विधायक मोहन वर्मा मृतक के परिजनों से मिले और उन्हें ढांढस बंधाया।सांसद श्री दूबे ने शोकाकुल परिजनों को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस जघन्य अपराध में संलिप्त सभी दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सांसद ने क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह, थाना अध्यक्ष कसया अभिनव मिश्रा से वार्ता कर अभियुक्तों पर एनएसए सहित अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए। दूरभाष पर जिला अधिकारी कुशीनगर से वार्ता कर हर संभव मदद दिलाने के लिए निर्देशित किया। सांसद श्री दूबे ने कहा कि यह स्वयं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर पूरे घटना के बारे अवगत कराएगे। कहा कि यह कार्रवाई केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि दंडात्मक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि जनपद की शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था को भंग करने वालों को कड़ा संदेश दिया जा सके। उन्होंने कहा कि कुशीनगर की शांतिपूर्ण सामाजिक



परंपरा को बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अराजकता को कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हाटा सुधीर राव, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि कुशीनगर राकेश जायसवाल, चमन यादव, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मद्धेशिया, विनोद कुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राजेश राव, मुकेश कुमार राव, सांसद मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय, रामानुज मिश्रा, राणा विजय सिंह, रामबचन सिंह, उदयभान सिंह, डॉ. रविश सिंह, आशुतोष पाण्डेय, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा पांडेय, सुमित त्रिपाठी, सीता गुप्ता, रूपम सिंह, पवन दुबे, विकास पांडेय, अजय पाण्डेय, अजय गुप्ता, विनोद गिरी, आदित्य मिश्रा, अविनाश पांडे, गोपाल राव, सूरज वर्मा, चन्दन शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता जगदम्बा प्रसाद सिंह की मनायी गयी द्वितीय पुण्यतिथि

कसया, कुशीनगर। नगपा कुशीनगर अन्तर्गत महन्थ अवैद्यनाथ नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मठ परिसर में अधिवक्ता, वरिष्ठ कांग्रेसी स्व0 जगदम्बा प्रसाद सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि शिद्दत के साथ मनाई गई।

शनिवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में गणमान्य जनों और लोगों ने स्व0 सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। स्व0 सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किसान नेता गोवर्द्धन प्रसाद गोंड ने स्व0 सिंह के जीवन से जुड़े संस्मरण सुनाते हुए कहा कि स्व0 सिंह वंचित, कमजोर व शोषित तबके के लोगों की मदद में हमेशा आगे रहते थे।

विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता बालिस्टर भारती ने कहा कि वह न्याय के लिए आजीवन लड़ते रहे। सभासदसंघ के अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह ने कहा कि जगदम्बा सिंह मृदुभाषी, मिलनसार, हँसमुख व्यक्तित्व के धनी थे। इसी क्रम में ग्राम प्रधान मोहनलाल



गुप्ता, सभासद रितेश सिंह, अजेंद्र सिंह, एडवोकेट जितेंद पटेल, रौनक सिंह, गणेश सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्व0 सिंह को महान नायक बताया और कहा कि वह दलितों व पिछड़ों की आवाज थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभासद विजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह ने कहा कि जगदम्बा सिंह जनता के सच्चे हिमायती थे। इस अवसर पर ठंड से बचाव को लेकर ग्राम बटेसरा, सेमरा उर्फ झुंगवा, खोहिया, माधवापुर, चकदे इया में जरूरत मन्दों में कम्बल वितरित किया गया। पूर्व महामंत्री छात्र संघ और जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी कसया दक्षिणी अशोक कुमार सिंह ने सबका स्वागत, आभार स्व0 सिंह के पौत्र गण शौर्य प्रताप सिंह, धैर्य प्रताप सिंह, ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने व्यक्त किये। इस अवसर पर कपिलदेव प्रसाद, पूर्व जिपंस आनन्द उर्फ सुरेश सिंह, गेंदा सिंह, केदार सिंह, महेश पासवान, संजय सिंह, अभिषेक शर्मा, दिव्यांशु ओझा, सुनील पटेल, हीरालाल सिंह, शुभम विश्वकर्मासहित भारी संख्या में आये लोगों ने स्व0 सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की।

## शीतलहर से कांपा जनजीवन , घरों में दुबके लोग

देवरिया। नववर्ष के पहले और दूसरे दिन निकली धूप के बाद अचानक चली शीतलहर , आसमान में बदली छाने से ठंड ने जनजीवन को चपेट में ले लिया है। सुबह से शाम तक छाई बदली,हाड़ कपं देने वाली शीतलहर ने कहर सा ढा दिया है। गला देने वाली ठंड के चलते बाजारों,चौराहों की भीड़ गायब हो गयी है। लोगों की गतिविधियां पर ब्रेक सा लग गया है। शहरी क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था जहां नाकाफी साबित हो रही है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगबाग अलाव के लिए परेशान हैं ।कई जगहों पर सड़क किनारे लगाए गए पेड़ो की डालिया तोड़ काटकर, प्लास्टिक टायर जलाकर यहनफ से बच रहे हैं ।इसबीच हीटर, ब्लोवर का उपयोग भी बढ़ गया जिससे लाइनों में फाल्ट, ट्रांसफॉर्मरों के जलने की बराबर शिकायतें मिल रही हैं।

# खेल मैदान की नीलामी रोकने को पूर्व मंत्री ने योगी को लिखा पत्र

बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने शहर के मध्य स्थित खेल मैदान राइफल क्लब को बेचे जाने को लेकर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री को जानकारी दी थी। जिलाध्यक्ष के पत्र

**विकास प्राधिकरण 21 जनवरी 2026 को नीलामी की प्रक्रिया करने जा रही है**

का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष, अजय राय पूर्व मंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पुरजोर मांग की है कि बांदा शहर के अंदर स्थित राइफल क्लब अपनी राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति लिए हुए है।

यहां से जाने कितने खिलाड़ी जिन्होंने देश ही नहीं वरन विदेश में अपना परचम लहराया और जिले का नाम रोशन किया है आज ऐसे खेल के मैदान को कुछ सत्तासीन लालची नेताओं के इशारे पर बाँदा विकास प्राधिकरण 21 जनवरी 2026 को नीलामी की प्रक्रिया करने जा रही है। इसकी नीलामी पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाया जाना नितांत आवश्यक है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के पत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि जनपद बांदा के बुद्धिजीवी अनेक राजनीतिक दल, खेल प्रेमी ,पत्रकार, इसका लगातार विरोध काफी दिनों से कर रहे हैं।

अध्यक्ष ने मांग की, कि इस खेल के मैदान को मेजर ध्यानचंद के नाम पर किया जाए और साथ ही इसका चतुर्मुखी विकास कराया जाए। इसकी नीलामी को तत्काल प्रभाव से रोका जाए।

यदि इसकी नीलामी पर रोक नहीं लगाई गयी तो कांग्रेस पार्टी इसे बचाने के लिए उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# एसपी के कुशल निर्देशन में अपराध नियंत्रण कानून व्यवस्था सुरक्षा के लिए उल्लेखनीय उपलब्धियां

बहराइच। जनपद बहराइचमें सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध संचालित विशेष अभियान, मिशन शक्ति व साइबर जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए लंबित विवेचनाओं के निष्पादन में पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है।

अभियानों के माध्यम से जनपद में अपराधियों के मनोबल को तोड़ते हुए आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ किया गया।

कानून-व्यवस्था एवं शांति-व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास वर्ष भर में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक आयोजनों, पर्वों एवं त्यौहारों के अवसर पर व्यापक पुलिस प्रबंध कर कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण व निर्विघ्न सम्पन्न कराया गया।

सीमा क्षेत्रीय जनपद होने के कारण अंतरराज्यीय एवं अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए गश्त, चेकिंग एवं इंटेलिजेंस संकलन को और अधिक मजबूत किया गया।1.

शस्त्र अधिनियम के तहत कुल 149 अभियोग पंजीकृत किये गये जिसमें 178 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया व इस दौरान 03 शस्त्र कारखाने/अवैध तमंचा फैक्ट्री, 69 तमंचे, 02 रिवॉल्वर, 01 एइफ्ल, 100 कारतूस व 102 चाकू बरामद की गईं।2. जुआ अधिनियम के तहत कुल 38 अभियोग पंजीकृत किये गये जबकि इस दौरान 160 अभियुक्त गिरफ्तार करते हुये 1,39,030 रुपये बरामद किये गये।3.

एनडीपीएस अधिनियम के तहत कुल 84 अभियोग पंजीकृत करते हुये 101 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये व इस दौरान 27.039 किलोग्राम चरस, 4.699 किलोग्राम स्मैक, 58.111 किलोग्राम गांजा, 21.469 किलोग्राम भांग व 51,905 नशीली गोलियाँ बरामद की गईं।4. आबकारी अधिनियम के तहत 490 अभियोग पंजीकृत करते हुये 517 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई जबकि इस दौरान 10 आबकारी कारखाने व 6,089 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई।5.

जनपद में गुण्डा एक्ट के तहत 138 अभियोग पंजीकृत करते हुये 04 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई।6. रासुका के तहत 13 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई।7. गैंगेस्टर अधिनियम के तहत 09 प्रकरणों में कुल 32 व्यक्तियों के विरुद्ध गैंगेस्टर अधिनियम की कार्यवाही की गई जिसमें 01 प्रकरण में 9,31,500 रुपये की सम्पत्ति जब्त की गई।8.

गोवध अधिनियम के 11 प्रकरणों में 43 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 06 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई तथा 01 प्रकरण में 9,31,500 रुपये की सम्पत्ति जब्त की गई।9. ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी करते हुये कुल 835 अभियोगों से सम्बन्धित 1543 अभियुक्तों को दोषसिद्ध कराया गया व विशेष रूप से जनपद के थाना सुजौली में नाबालिग बच्चियों का अपहरण कर लैंगिक उत्पीड़न करने वाले 01 अभियुक्त को 20 कार्यदिवस के भीतर सम्पूर्ण प्राकृतिक जीवन तक आजीवन कारावास तथा कुल 2,40,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

ऑपरेशन कन्विक्शन में प्रभावी पैरवी के तहत ही वर्ष 2024 में थाना हरदी क्षेत्रान्तर्गत महराजगंज कस्बा में साम्प्रदायिक हिंसा कारित कर 01 व्यक्ति को गोली अभियुक्तगण को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक अभियुक्त को 1,00,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## नारी शिक्षा के लिए अपमान का घूंट पी थीं सावित्री बाई फुले: चंद्रभूषण सिंह यादव

देवरिया। शिक्षा की वास्तविक देवी सावित्री बाई फुले ने नारी शिक्षा के लिए अपमान का घूंट पिया था, उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित सावित्री बाई फुले जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि सावित्री बाई फुले का कहना था कि स्त्रियों को न देवी मानने की जरूरत है और न पूजने की, बल्कि स्त्री का सम्मान करना और बराबरी का अधिकार देना जरूरी है। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने देश की स्त्रियों के मान -सम्मान के लिए,खुद के ऊपर कीचड़ और कूड़ा फेंकवाना कबूल किया लेकिन स्त्री सम्मान हेतु स्त्री शिक्षा की मुहिम से अपना कदम पीछे नहीं हटाया।हम अपनी इस वास्तविक शिक्षा की देवी को सादर नमन करते हैं। उक्त अवसर पर सावित्री बाई फुले को नमन करने वाले प्रमुख लोगों में रामप्यारे यादव,मोतीलाल सिंह,व्यास यादव,दयानंद यादव,सुरेश नारायण सिंह यादव, अनिल कुमार गिरी,लोरिक यादव,विनोद यादव, नाजिर अंसारी,मिथिला वर्मा, नारायण प्रसाद आदि के नाम शामिल हैं।

## बाल विवाह रोकथाम व महिला सुरक्षा के लिए चलाया गया जागरूकता



कुशीनगर। जनपद में बाल विवाह रोकथाम एवं महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (ए.एच.टी.) के थाना प्रभारी निरीक्षक विद्याधर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना को0 हाटा पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें पुलिस टीम ने ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों और सामाजिक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। ग्रामवासियों, विशेष रूप से अभिभावकों, को बताया गया कि बाल विवाह न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षिक विकास को भी बाधित करता है। लोगों से अपील की गई कि वे बाल विवाह को रोकने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला संबंधी अपराधों, जैसे घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और मानव तस्करी, के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। साथ ही, आपात स्थिति में सहायता के लिए विभिन्न टोल-फ्री नंबरों जैसे महिला हेल्पलाइनः 1090, पुलिस आपातकालीन नंबरः 112, महिला शक्ति हेल्पलाइनः 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइनः 1076, चाइल्ड हेल्पलाइनः 1098, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइनः 102, आपातकालीन चिकित्सा सेवाः 108, साइबर क्राइम हेल्पलाइनः 1930 आदि के बारे में जागरुक किया गया।

# पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की सीजेएम न्यायालय में हुई पेशी

जिला संवाददाता

देवरिया। जेल में बंद पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की शनिवार को देवरिया सीजेएम न्यायालय में पेशी हुई। इस दौरान अमिताभ ठाकुर ने कहा कि कफ सिरप मामले में मेरे पास तमाम सबूत हैं। सरकार असली मुलजिमों को बचाना चाहती है। इसीलिए मेरी गिरफ्तारी हुई है। ताकि मैं इस मामले में आगे न बढ़

**कफ सिरप मामले में मेरे पास तमाम सबूतः ठाकुर**

सकूं। शुभम जायसवाल इस कांड का एक मामूली प्यादा है। इस मामले में बड़े माफिया शामिल हैं। धनंजय सिंह को लेकर तमाम आरोप लगे मगर अभी तक उनसे कोई पूछताछ नहीं हुई। उनके अधिवक्ता ने बताया कि हमारी बेल एप्लीकेशन अभी पेंडिंग में है। हमने इस मामले में हुई ज्यूडिशियल रिमांड को चैलेंज किया है।


अगली तारीख 6 जनवरी को है।धोखाधड़ी के मामले में देवरिया जेल में बंद है पूर्व आईपीएस अधिकारी साल 1999 में देवरिया जिले में पुलिस अधीक्षक रहते हुए





अमिताभ ठाकुर ने अपनी पत्नी नूतन ठाकुर के नाम देवरिया औद्योगिक क्षेत्र में एक प्लाट का आवंटन कराया था। जिसमें नूतन ठाकुर की जगह नूतन देवी और अमिताभ ठाकुर की जगह अजिताभ ठाकुर दर्ज हो गया था। बीते सितंबर माह में लखनऊ के तालकटोरा थाने में अमिताभ ठाकुर के ऊपर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ। बीते 8 दिसंबर को दिल्ली जाते समय पुलिस ने अमिताभ ठाकुर को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से ही गिरफ्तार कर लिया। वहां से उन्हें देवरिया लाया गया। इस मामले में अमिताभ ठाकुर की देवरिया सीजेएम कोर्ट में सुनवाई हुई जहां से न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया। शुभम जायसवाल तो मामूली प्यादा, बड़े बड़े नाम हैं शामिल

शनिवार को देवरिया सीजीएम न्यायालय में अमिताभ ठाकुर की पेशी हुई। इस दौरान कोर्ट से बाहर आने के बाद अमिताभ ठाकुर ने पत्रकारों से कहा कि कफ सिरप मामले में आज भी मेरे पास तमाम सबूत है। मैं इस मामले में पीआईएल दाखिल करने सुप्रीम कोर्ट जा रहा था। मगर रास्ते में मेरा सामान छीन लिया गया और मुझे



गिरफ्तार कर लिया गया। ताकि कफ सिरप मामले को लेकर मैं आगे न बढ़ सकूं। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि कफ सिरप मामले में शामिल असली मुल्जिमों को बचाया जा रहा है। शुभम जायसवाल इस कांड का सिर्फ एक प्यादा है। इसकी जड़े बहुत ही गहरी हैं और इसमें बहुत बड़े-बड़े नाम सामने आ रहे है।

धनंजय सिंह पर भी लगे हैं आरोप, मगर नहीं हुई पूछताछ अमिताभ ठाकुर ने कहा कि दो-तीन नाम तो मैंने खुद बताए हैं। इस मामले में धनंजय सिंह को लेकर लगातार गंभीर आरोप लगे। मगर अभी तक धनंजय सिंह से इस बारे में कोई पूछताछ तक नहीं हुई। किसी ने उनकी तरफ देखा भी नहीं है। ठाकुर ने यह भी कहा कि इस कांड में पूर्वांचल के एक बड़े माफिया का नाम भी लगातार आ रहा है। उन्होंने बताया कि कोर्ट के आश्वासन पर मैंने अपना अनशन 15 जनवरी तक स्थगित कर दिया है। देवरिया में जो जहां मुझे रखा गया है वहां के सभी रिकॉर्ड मुझे मिल गये हैं। बाकी सीसीटीवी फुटेज और अन्य सभी रिकॉर्ड भी मुझे शीघ्र ही मिल जाएगा। न्यायालय से मुझे ऐसा आश्वासन मिला है। 6 जनवरी को पड़ी है अगली तारीख अमिताभ ठाकुर के अधिवक्ता ने बताया कि बेल एप्लीकेशन में सुनवाई थी। हमारी बेल एप्लीकेशन अभी पेंडिंग है। जो ज्यूडिशियल रिमांड हुआ है उसमें कोई भी कारण नहीं दिया गया है कि किस वजह से ज्यूडिशियल रिमांड हुआ है। ऐसे में हमने उसे चैलेंज किया है। बेल एप्लीकेशन, ज्यूडिशियल रिमांड और सारे दस्तावेज जांच अधिकारी को दिया जा रहा है। कोर्ट ने जांच अधिकारी से लिखित मांगा है कि इन सारे दस्तावेजों के संदर्भ में अपने क्या कार्यवाही की है। पूर्व में जो भी जांच हुई थी वह सारी रिपोर्ट जमानत की आख्या के साथ लगाई गई है। उसकी कॉपी विवेचक को दिया गया है।

## संगठनात्मक, जनसंपर्क और सरकार की उपलब्धियों को लेकर बैठक

कुशीनगर। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने शनिवार को कसया में कुशीनगर विधानसभा के पदाधिकारियों की अहम बैठक किया। बैठक में एसआईआर समेत कई अहम विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। संगठनात्मक कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखने की रणनीति पर भी विचार किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका बेहद जरूरी है। पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर जनता से सीधा संवाद बनाए रखें।साथ ही यह भी कहा गया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे, इसके लिए संगठन को जमीनी स्तर पर निगरानी करनी होगी। जिला उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने पदाधिकारियों को संगठनात्मक जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## राज्य सूचना आयुक्त का कुशीनगर भ्रमण 04 जनवरी को

कुशीनगर। राज्य सूचना आयुक्त, उत्तर प्रदेश पदुम नारायण द्विवेदी 04 जनवरी 2026 को प्रातः 08.00 बजे लखनऊ से प्रस्थान कर लगभग अपराह्न 12.30 बजे सर्किट हाउस, कुशीनगर पहुंचेंगे। आगमन के उपरान्त राज्य सूचना आयुक्त द्वारा जनपद मुख्यालय स्थित बुद्धा पार्क में आयोजित दिव्यांगजनों के उपकरण वितरण, कम्बल वितरण एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया जाएगा।

संक्षेप

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

महोली (सीतापुर)। नगर पंचायत के अढौरा गांव निवासी गौरीशंकर की पत्नी सीमा 32 ने घरेलू आपसी कहासुनी के कारण घर के कमरे में साड़ी के किनारे से गले में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक विवाहिता की मौत फांसी लगाकर हुई है। पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की देर शाम विवाहिता ने फांसी लगा ली। ससुराल पक्ष में घर के लोगों को जब इस घटना की जानकारी मिली तो वह लोग उसे उतार कर सीएचसी ले गये। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ससुरालीजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी और मायके के परिजनों को सूचित किया। गांव में पहुंचे मायके के लोगों ने विवाहिता को मारकर लटकाने का आरोप लगाया और थाने पर पहुंचे। पुलिस द्वारा परिजनों को समझाकर मामले में विधिक कार्यवाही कर जांच शुरू कर दी गई है।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामशंकर का निधन

उन्नाव। जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामशंकर त्रिपाठी पुत्र स्व. गोविन्द प्रसाद, निवासी 326/335 ए.बी. नगर, थाना कोतवाली सदर, उन्नाव (मूल निवासी ग्राम रावतपुर सरउआ, थाना माखी) का शुक्रवार 3 जनवरी को लगभग 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। स्वतंत्रता संग्राम में उनके अमूल्य योगदान को दृष्टिगत रखते हुए उनके पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई, इस दौरान गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में विधायक सफीपुर बम्बा लाल दिवाकर, उपजिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सफीपुर सोनम सिंह, थाना प्रभारी माखी योगेश कुमार सिंह सहित पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मंदिर से दानपात्र चोरी पुलिस कर रही जांच

उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र में स्थित पौराणिक मां चंद्रिका देवी मंदिर, बक्सर में चोरी की घटना सामने आई है। शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि बीती रात लगभग 1:40 बजे दो अज्ञात चोर मंदिर परिसर से दान पात्र चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। सूचना पर क्षेत्राधिकारी बीघापुर मधुपनाथ मिश्र और बारासगवर थाना पुलिस तत्काल मंदिर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र का बारीकी से जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चोरों ने रात के सन्नाटे का फायदा उठाकर मंदिर में प्रवेश किया और दानपात्र लेकर फरार हो गए। दानपात्र में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई नकदी और चढ़ावे की रकम होने की बात सामने आयी है।

## संजय सिंह के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन मामले की सुनवाई 16 को

सुलतानपुर। जिले की सांसद-विधायक अदालत में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े मामले की शनिवार को सुनवाई हुई, जिसमें गवाह से जिरह की गई। एक अधिवक्ता ने यह जानकारी दी संजय सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि शनिवार को मामले में साक्ष्य दर्ज करने की प्रक्रिया के तहत तत्कालीन उप निरीक्षक अजय पाल की गवाही हुई और उनसे जिरह पूरी की गई जिसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 16 जनवरी तय की। उन्होंने बताया कि यह मामला 13 अप्रैल 2021 का है। आरोप है कि पंचायत चुनाव के दौरान बंधुआकलां थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में जिला पंचायत सदस्य सलमा बेगम के समर्थन में बिना अनुमति एक सभा आयोजित की गई थी। पुलिस ने इस संबंध में संजय सिंह सहित 12 नामजद और 45 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच के बाद मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी और जगदीश यादव सहित कुल 11 लोगों को आरोपी बनाया गया। इस मामले में अन्य सभी आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है संजय सिंह के लगातार गैरहाजिर रहने के कारण अदालत ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। जुलाई 2024 में उन्होंने अदालत में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद 20 हजार रुपये के दो जमानत मुचलके और एक निजी मुचलका दाखिल करने पर उन्हें रिहा कर दिया गया।

# डीएम ने नगर पालिका लहरपुर का किया औचक निरीक्षण

## अधिशासी अधिकारी लहरपुर को स्पष्टीकरण व पटल बाबू को भी नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने नगर पालिका परिषद लहरपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लेखा अनुभाग, निर्माण अधिष्ठान कक्ष, जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, आईजीआरएस कक्ष, जल कल विभाग आदि को देखा। उन्होंने लेखा अनुभाग में कैशबुक का अवलोकन करते हुये वार्डों एवं वार्डों में करायी जा रही साफ-सफाई के बारे में जानकारी ली। अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लहरपुर को दिये। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप संचालित सभी योजनाओं का लाभ आमजनमानस को दिया जाये।

निर्माण अधिष्ठान कक्ष में नाली निर्माण के कार्यों एवं अन्य निर्माण पत्रावलियों का अवलोकन करते हुये कमियां मिलनें पर अधिशासी अधिकारी लहरपुर का स्पष्टीकरण एवं जल निकासी योजना की पत्रावलियों को देखते हुये कमियां होने तथा कार्य पूर्ण न होने पर अधिशासी अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं पटल बाबू मुशीर अहमद को चेतावनी पत्र जारी किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

जिलाधिकारी ने नगरीय झील एवं तालाब आदि की पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। जिसमें कमियां मिलने पर कार्य ससमय पूर्ण न होने पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश संबंधित को दिये। जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं आई0जी0आर0एस0 कक्ष को देखते हुये मृत्यु प्रमाण-पत्र के आवेदनकर्ता से वार्ता करते हुये उसका फीडबैक प्राप्त किया। प्रमाण-पत्र के कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सुधार के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिये। दाखिल खारिज कक्ष में पहुंचकर दाखिल खारिज की पत्रावलियों का अवलोकन किया। जिसमें दो साल से दाखिल खारिज फाइलें लम्बित होने पर एवं कार्यों में रूचि न लेने पर पटल बाबू मो0 हानिश को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को दिये। जल कल विभाग कक्ष में पत्रावलियों का अवलोकन किया, जिसमें कमियां मिलने पर पटल बाबू मुजफ्फर हुसैन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

साथ ही उन्होंने मालिन बस्तियों एवं काशीराम कालोनी की जानकारी ली। काशीराम कालोनी में लगभग 380 कालोनी हैं, जिसमें से 60 का आवंटन अभी नहीं हुआ है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि डूडा से समन्वय स्थापित करते हुये काशीराम कालोनी का सर्वे करें एवं आवंटित हुये लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त करें। शेष जो भी कालोनी आवंटित नही हुयी हैं, उनको पात्रता के अनुसार आवंटित किया जाये। पानी की टंकी की साफ-सफाई की जानकारी करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पानी की टंकी की सफाई समय-समय पर करायी जाये। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद लहरपुर के मो0 ठठेरी टोला पश्चिमी में राजू बर्तन वाले की दुकान से सुनीता शू सेन्टर तक आर0सी0सी0 व इंटरलाकिंग के कार्यों एवं कान्हा गौशाला के निर्माण कार्यों को देखते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये।

## सावित्रीबाई फुले जयंती के साथ सपा की मासिक बैठक संपन्न



फतेहपुर। फतेहपुर में महानसमाज सुधारक, क्रांतिकारी, शिक्षाविद देश में शिक्षा की अलख जगाने वाली माता सावित्री बाई फुले जी की जयंती के साथ पूर्व से निर्धारित सपा की मासिक बैठक अपने निश्चित समय से शुरू हुई, सर्व प्रथम सावित्री बाई फुले जी के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात आए हुए सभी नेताओं कार्यकर्ताओं ने अपने अपने संबोधन में सावित्री बाई फुले जी के जीवन पर उनके समाज सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए तमाम कार्यों का विस्तार से वर्णन करते हुए उनके द्वारा और महा पुरुषों द्वारा दिख गए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया गया, बैठक की अध्यक्षता सपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने करते हुए एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य को कैसे पूरा किया जाए निर्देश दिए।

जिसका संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया बैठक में मुख्यरूप से पूर्व सांसद डॉ अशोक पटेल, चेयरमैन नगर पालिका एड राज कुमार मौर्या, दलजीत निषाद, वीरेंद्र यादव, प्रवक्ता एड जगदीश सिंह, शमीम अहमद, डॉ राम नरेश पटेल, डीजी कुशवाहा, अमरदीप सिंह पप्पू, आजम खान, संगीता राज पासवान, रत्नेश रत्ना, कमलेश निषाद, आशीष नामदेव, एड संदीप श्रीमाली, जयकरन यादव, सुनील कोरी, दीपक डब्लू, हीरालाल साहू, राम बाबू यादव, चंद्रशेखर बेदी, गागीदीन बाजपेई, रईस अहमद, शिव सिंह यादव, सुमित साहू, मनोज यादव, एड सुघर लाल यादव, जेपी यादव, सुहैल खान हेमू, अय्यूब खान, नागेंद्र यादव, सुनील उमराव, कालिका प्रसाद, वसीम अहमद, अजब सिंह, इंद्रसेन पास, देवेंद्र गौतम, रुक्कू सिंह, धीरेन्द्र मौर्या रोहित निषाद, तस्लीम उद्दीन, दिनेश यादव, विकास कुमार, पवन द्विवेदी, लक्ष्मी शंकर यादव, पवन सिंह यादव, राम संजीवन यादव, प्रदीप शुक्ला, मयंक विश्वकर्मा, विष्णु दयाल पाल, राज करन, एड मनोज लोधी, अर्जुन पाल, गगन प्रकाश, नयन सिंह यादव, शिव गोपाल पाल, कमलेश कुमार, रामराज, अंकित पायलट, आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरुद्ध बजरंग दल ने निकाली रैली

पहला (सीतापुर)। बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के लिए एक अपने हिंदू भाई को मार कर पेड़ से लटका कर जला दिया गया था। जिसके विरोध में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ब्लॉक पहला के सरैंया चौराहा पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक हिन्दू हृदय सम्राट डॉ0 प्रवीण भाई तोगड़िया के आवाहन पर राष्ट्रीय बजरंग दल बिसवां जिलाध्यक्ष आशुतोष वर्मा की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं के द्वारा बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया और मुदार्बाद के नारों से यह भारत प्रभु श्री राम का है। यहाँ बाबर का कुछ भी नहीं, तेल लगावों डाबर का, नाम मिटा दो बाबर का जैसे नारों से पूरा सरैया गुंजायमान हो गया। एक रैली सरैंया स्टेशन से चलकर सरैया चौराहा पर पहुंची और वहां बांग्लादेश के



प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया और हनुमान चालीसा पाठ करने के उपरांत राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष आशुतोष वर्मा के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष आशुतोष वर्मा, जिला कार्य अध्यक्ष सीनू मिश्रा, पहला से हेल्पलाइन मंत्री विकास राजभर, नीरज बजरंगी, कृपा बजरंगी, रिंकू बजरंगी, नरेंद्र बजरंगी, सर्वेश बजरंगी, अवधेश बजरंगी उपस्थित रहे।

## लापता बालक सकुशल बरामद

उन्नाव। थाना सोहरामऊ पुलिस ने गुमशुदा 14 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 नवंबर 2025 को अनंत कुमार पुत्र रामसुमेर निवासी ग्राम ओगरापुर, थाना सोहरामऊ द्वारा अपने नाबालिग पुत्र के बिना बताए घर से चले जाने की सूचना पर थाना सोहरामऊ में धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए प्रयासों के क्रम में 3 जनवरी 2026 को थाना सोहरामऊ पुलिस टीम ने बालक को सकुशल बरामद कर वादी के सुपुर्द किया। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अरविंद पाण्डेय, उप निरीक्षक लक्ष्मी प्रसाद, हेड कांस्टेबल जयवीर सिंह एवं कांस्टेबल अवधेश सिंह शामिल रहे।

# नकदी आभूषण संग तीन अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

पहला (सीतापुर)। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट, चोरी, नकबजनी, धोखाधड़ी ठगी आदि जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार के नेतृत्व में थाना रामपुरकलां पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 03 शातिर अभियुक्तों रामनाथ पुत्र रघुवीर पासी निवासी ग्राम अशोधन थाना



सिधौली, राकेश पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम शिवपुरी मजरा अशोधन थाना सिधौली, सुजीत पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम सिंहपुर थाना कमलापुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिनसे चोरी का माल कुल 7,700 रुपये नकदी, चार जोड़ी पायल सफेद धातु, तीन जोड़ी बिछिया सफेद धातु बरामद हुआ है। पूछताछ में चोरों ने बताया कि एक साथ मिलकर रैकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते हैं। जिनके द्वारा मिलकर 10 अक्टूबर 25 को ग्राम मुनौना तथा 11जून 2025 को सिधौली के मोहल्ला प्रेम नगर व 2 नवंबर 25 ग्राम रतनापुर तथा 24 दिसम्बर 25 को थाना संदना क्षेत्र चोरी की थी। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त सुजीत पर तीन मुकदमे थाना अतरौली जनपद हरदोई में भी पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अभ्यस्त अपराधी हैं। इनके विरुद्ध पूर्व में भी जनपद सीतापुर, जनपद लखनऊ, हरदोई के विभिन्न थानों में चोरी नकबजनी आदि जैसी घटनाओं के संबंध में कई मुकदमें पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों चालान न्यायालय किया जा रहा है।

## शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर किया चिन्हीकरण



जिला संवाददाता(vol)

सेउता (सीतापुर)। जिलाधिकारी राजा गणपति आर के निर्देशों के क्रम में जनपद में ग्रामीण विकास एवं सौंदर्यीकरण को गति देने के उद्देश्य से लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में तहसील बिसवां विकासखंड रेउसा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चंद्रसेनी में महत्वपूर्ण पहल की गई। तहसीलदार बिसवां उमाशंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रेउसा ओमेंद्र पाल सिंह एवं क्षेत्रीय लेखपाल नीरज कुमार द्वारा ग्राम चंद्रसेनी चैराहे के पास बंजर भूमि पर प्रस्तावित सेल्फी प्वाइंट एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण हेतु भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर भूमि चिन्हीकरण किया गया।

अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर भूमि की स्थिति, पहुंच मार्ग, सार्वजनिक उपयोगिता एवं विकास की संभावनाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि प्रस्तावित सेल्फी प्वाइंट से जहां ग्राम पंचायत की पहचान और सौंदर्य बढ़ेगा, वहीं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और बाजार व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ शासन के दिशा-निदेर्शों के अनुसार कराया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अखिल प्रताप सिंह, ईरापुर सुतौली ग्राम प्रधान नटनागर यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कई दर्जन की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि चैराहे के विकसित होने से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि गांव की तस्वीर भी बदलेगी। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि विकास कार्यों में जनभागीदारी से ही योजनाओं को सफल बनाया जा सकता है। प्रस्ताव को शीघ्र ही उच्च स्तर पर भेजकर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## डीएम ने जीरो पॉवर्टी वाले परिवारों से मिलकर स्वयं सत्यापन किया



उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विकास खण्ड पुरवा की ग्राम पंचायत असहेरु में शीतकालीन भ्रमण के अवसर पर ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत असहेरु के जीरो पावरटी के परिवारों से मौके पर जाकर मुलाकात की। जीरो पावर्टी के इंडिकेटर प्रधानमंत्री आवास शौचालय उज्ज्वला मनरेगा जॉब कार्ड श्रम कार्ड आयुष्मान कार्ड पेंशन मिल रही है या नहीं जानकारी ली आच्छादित हुए हैं या नहीं मौके पर जाकर सत्यापन किया और लाभार्थियों से संवाद किया। जिलाधिकारी ने जीरो पॉवर्टी के तहत योजनाओं से लाभ दिए जाने से वंचित परिवारों का प्राथमिकता से चयन कर सरकार की कल्याण कारी योजनाओं से शतप्रतिशत लाभान्वित किए जाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे परिवारों को गंभीरता से सत्यापन किया जाए सभी सम्बन्धित योजनाओं का लाभ जीरो पॉवर्टी वाले परिवारों को प्राथमिकता से मिलना चाहिए। इस अवसर पर आईसीडीएस स्वयं सहायता समूह आयुष्मान पेंशन पेंशन प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि मिशन शक्ति पंचायती राज बेसिक शिक्षा सहित अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की उपस्थिति ग्रामीण जनो को जानकारी दी गयी और मौके पर ही पंजीकरण किया गया।

## सड़क सुरक्षा माह का किया उद्घाटन

फतेहपुर, । जनवरी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत 'परवाह के शुभारंभ के मौके पर सड़क सुरक्षा शपथ' का आयोजन बड़ौरी टोल प्लाजा पर किया गया। यह कार्यक्रम त्रिवेणी संगम हाइवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव और पीआईयू कानपुर के निदेर्शानुसार आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी यातायात प्रमोद शुक्ला उपस्थित रहे, जिन्होंने




सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी फतेहपुर रविंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के संदेशों के साथ ट्रैफिक इंस्पेक्टर लाल जी सविता, धर्मेंद्र सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर राकेश भारद्वाज, अतुल यादव और अविनाश द्विवेदी भी शरीक हुए। प्रमोद शुक्ला ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशों पर 'परवाह' थीम के अंतर्गत पूरे माह विभिन्न जागरूकता गतिविधियां चलेंगी। इनमें सड़क सुरक्षा प्रदर्शनियां, स्कूलों में स्लोगन लेखन, प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग प्रतियोगिताएं, रैलियां, नुक्कड़ नाटक, वाहन चालकों के लिए नेत्र परीक्षण और टोल से गुजरने वाले वाहनों पर उच्च गुणवत्ता वाले रेडियम रिफ्लेक्टर टेप लगाना शामिल है। इस अवसर पर सैकड़ों वाहन चालकों को पंपलेट वितरित किए गए और उनके वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर स्टीकर लगाए गए। साथ ही, सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। विशेष रूप से दुपहिया वाहन चालकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि घर से निकलने वाले व्यक्ति के माता-पिता, पत्नी-बच्चे, भाई-बहन उनका इंतजार करते हैं, लेकिन बिना हेलमेट के लापरवाही से दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। दिन-प्रतिदिन बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं, जहां लोग जानते हुए भी अनजान बन रहे हैं। राकेश भारद्वाज ने बताया कि दुर्घटनाओं में कमी लाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। सड़क सुरक्षा माह के बाद भी पूरे वर्ष हाइवे से सटे ग्राम पंचायतों, स्कूलों, कॉलेजों, होटलों, ढाबों और वाहन चालकों को पंपलेट के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश को सड़क दुर्घटना मुक्त बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाया जाएगा। कार्यक्रम में त्रिवेणी संगम हाइवे प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी अतुल यादव, अविनाश द्विवेदी, संदीप पांडे, पुष्पेंद्र, अजीत सिंह, फैय्याज आलम, फिरोज सहित बड़ी संख्या में वाहन चालक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि सड़क सुरक्षा को जन-जन तक पहुंचाने की दृढ़ प्रतिबद्धता भी दशार्ता है।

## छूलाघाट पर पुल निर्माण की मांग को लेकर आधा सैकड़ा ग्रामीण पहुंचे एसडीएम कार्यालय

सिधौली (सीतापुर)। गोमती नदी के छूलाघाट पर पुल निर्माण की मांग को लेकर शुक्रवार को दर्जनों गांवों के लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीण उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और अपनी समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि छूलाघाट से नारायणपुर, गोरिया मड़िया, टोकलपुर, रसूलपुर, बहैरवा, खाले कोड़वा, नगखेडा, पकरा श्यामदासपुर सहित लगभग 500 गांवों के सैकड़ों लोगों का प्रतिदिन आवागमन इसी मार्ग से होता है। धार्मिक आस्था का प्रतीक नैमिषारण्य धाम जाने वाले श्रद्धालु भी इसी रास्ते से नाव द्वारा नदी पार करते हैं। नाव पर चढ़ते-उतरते समय कई बार बच्चे और बुजुर्ग नदी में गिरकर घायल हो चुके हैं, कुछ की मौत भी हो चुकी है। बरसात में जलस्तर बढ़ने से परेशानी और बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार शासन-प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं तथा विधायक मनीष रावत से भी मुलाकात हुई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिलाधिकारी राखी वर्मा ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## श्रद्धांजलि समारोह में आचार्य, शिक्षक समाजसेवी व पत्रकार हुए सम्मानित



हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। मौरावा क्षेत्र के लच्छीखेड़ा गांव में स्मृति शेष ठाकुर वंश बहादुर सिंह की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्य, शिक्षक, समाजसेवी एवं पत्रकारों का सम्मान समारोह, विशाल भंडारे तथा रात्रि में जवाबी कीर्तन का आयोजन हुआ। कीर्तन में प्रसिद्ध कीर्तनकार क्रांतिमाला (कानपुर) एवं रंजीत राज (प्रयागराज) के मध्य पूरी रात मुकाबला हुआ। कार्यक्रम के आयोजक पुष्पराज सिंह, ऋतुराज सिंह, संजय सिंह व धनंजय सिंह द्वारा मुख्य अतिथि माननीय विधायक अनिल सिंह का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र एवं प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अनिल सिंह ने ठाकुर वंश बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आयोजन को प्रेरणादायक बताया तथा चारों भाइयों की प्रशंसा की। उन्होंने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मवई सहित सभी गांवों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और शेष स्थानों पर शीघ्र ही बिजली तथा हर घर जल योजना का लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने ग्राम प्रधान के चयन के माध्यम से विकास को और गति देने की अपील भी की। सम्मानित पत्रकारों में विनोद दीक्षित, रामराज सिंह, दिनेश साहू, रामबाबू लोधी, मदन चैरसिया, सुनील मिश्रा, वीरेन्द्र शुक्ला, संजय पाल, राजेश पाण्डेय, गौरी सिंह, साहित्य शुक्ला, विनीत अवस्थी, अचल तिवारी सहित अन्य शामिल रहे, वहीं आचार्य, शिक्षक एवं समाजसेवियों में टी.एन. दीक्षित, शिवकंठ त्रिपाठी, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, हृदय नारायण बाजपेई, रामनरेश रावत, शीतलदीन, भगवान कुमार अवस्थी, रामबाबू शुक्ला, संजय त्रिपाठी, सुबेदार गोस्वामी, भाजपा जिला मंत्री डॉ. रजनीश वर्मा, जिला कार्यालय प्रभारी संदीप शुक्ला, भाजपा नेता विनोद लोधी, मोहन सिंह, काका, ब्रजेश शुक्ला सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों को प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र, पेन-डायरी एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन भगवान कुमार अवस्थी ने किया।

## अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ 40 पिस्तौल बरामद, दो गिरफ्तार

शामली। जिले के झिंझाना थाना क्षेत्र की बावरिया कॉलोनी में पुलिस ने गन्ने के खेतों के बीच स्थित हथियार निर्माण के एक अवैध कारखाने का भंडाफोड़ कर 40 पिस्तौल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने उस स्थान पर छापा मारा, जहां अवैध हथियार बनाए जा रहे थे। छापेमारी के दौरान 40 पिस्तौल और भारी मात्रा में कारतूस जब्त किए गए। इस संबंध में सन्नी और रामकुमार नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि आगामी पंचायत चुनावों के लिए अवैध हथियार तैयार किए जा रहे थे। आरोपी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, दिल्ली और उत्तराखंड में भी अवैध हथियारों की तस्करी करते थे। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास है।

संक्षेप

## बाइक की टक्कर से युवक घायल

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम गैदोरा निवासी साकूलाल पुत्र दिल्ले कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका 25 वर्षीय पुत्र अमर सिंह साकूलाल बोरिंग मशीन पर काम करता था।

7 दिसम्बर को रात करीब 7.45 बजे ललितपुर-झांसी हाईवे स्थित ग्राम महरां के पास सड़क पर बने पेट्रोल पम्प के सामने सड़क किनारे-किनारे पैदल टोल बैरियर की ओर जा रहा था।

तभी ललितपुर की ओर से आ रही मोटर साइकिल अपाचे नं. यू.पी.94 ए.के. 9447 के चालक ने नशे की हालत में उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र बाइक के साथ काफी दूर तक घिसटता गया और घायल हो गया। भीड़ एकत्र होने पर बाइक चालक मौके से मोटर साइकिल लेकर भाग निकला। मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस के जरिए घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसके पुत्र की हालत नाजुक देखते हुये उसे झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मकान के बाहर खड़ी बुलेरो कार चोरी

ललितपुर। मकान के सामने खड़ी बुलेरो कार को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। हाई-वे स्थित पटेल नगर निवासी वीर सिंह निरंजन पुत्र तिजूलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी जय अम्बे कृषि यंत्र के नाम से दुकान पटेलनगर में है। 31 दिसम्बर को रात करीब 8 बजे वह अपने मकान पर आया और उसकी चार पहिया कार बुलेरो नं. यू.पी. 94 एच 9528 को खड़ा कर दिया, जिसकी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। बताया कि 1 जनवरी 2026 की सुबह 6 बजे जब उसने मकान के बाहर आकर देखा तो उसकी बुलेरो कार गायब थी। उसने कार की काफी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## शराबी ने युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के खैरेई गांव निवासी सोहित पुत्र कल्लू ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शराबी ने दरवाजे पे पहुंचकर पिटाई की।

पीड़ित ने बताया कि वह बीती 1 जनवरी को रात लगभग 9 बजे दरवाजे के पास खड़ा था। तभी मोहल्ले का विजय निषाद पुत्र बैजू शराब के नशे में आया और गाली-गलौज करते हुए घसीटने लगा तथा लाठी, लात घूसों से मारने लगा। उसके शोर मचाने पर पिता बचाने आए। इसके बाद विजय निषाद ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अभी एक लाठी मारी है अभी और मारूंगा, यह कहकर वह चला गया। थाना प्रभारी ने शिकायत के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया है।

## दहेज हत्या में पति को 10 वर्ष की कैद, जुर्माना

बांदा। दहेज हत्या के आरोपी पति को दोषी पाते हुए सत्र न्यायाधीश ने 10 वर्ष का कारावास तथा 4 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। थाना बदौसा क्षेत्र के तुर्रा गांव निवासी उमाकांत ने 12 सितम्बर 2021 को थाना बिसंडा में तहरीर देकर बताया कि पुत्री अनीता की शादी थाना बिसंडा के पल्हरी गांव में की थी। ससुरालीजनों ने पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित कर 6 सितम्बर 2021 को हत्या कर दी। तहरीर मिलने पर थाना बिसंडा में दहेज हत्या समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी। मामले की विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी बबेरू सियाराम ने की। उन्होंने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेसित कर दिया। अदालत में चली सुनवाई के दौरान लोक अभियोजक सुशील कुमार तिवारी ने प्रभावी पैरवी की। न्यायाधीश ने दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी मान सिंह पुत्र शिवभवन निवासी पल्हरी थाना बिसंडा को पत्नी की प्रताड़ना और हत्या का दोषी पाते हुए 10 वर्ष के कारावास व 4 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

# दुष्कर्म और ब्लैकमेल का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र में शनिवार की सुबह पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म और ब्लैकमेल करने वाले आरोपी अमजद खान को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए ललितपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इस दौरान आरोपी की तरफ से चलाई गई गोली से पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गए। थानाध्यक्ष बानपुर अरुण तिवारी अपने हमराहों के साथ सुबह चार बजे बानपुर-महरौनी मार्ग पर गश्त कर रहे थे, इसी दौरान अमजद खान दिखाई दिया।

जब पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो वह भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में अमजद के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तत्काल गिरफ्तार कर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। अमजद के पास से एक तमंचा, दो खाली खोखे और एक जिंदा कारतूस बरामद हुए। अमजद खान कस्बा बानपुर की 15 वर्षीय छात्रा को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया था और उसके साथ रेप किया। इसके बाद उसने उसका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करना शुरू किया। परेशान होकर छात्रा ने 22 दिसंबर को जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उसे टीकमगढ़ और बाद में झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराना पड़ा। पुलिस ने आरोपी अमजद खान के खिलाफ पीड़िता के पिता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की थी। 24 दिसंबर को हिंदूवादी संगठनों ने आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया था। अमजद खान 22 दिसंबर को टीकमगढ़ जिले के एक होटल में छात्रा के साथ था। तभी बजरंग दल के कार्यकताओं ने उसे पकड़ कर पुलिस को सौंपा। और लड़की को सुरक्षित छोड़ा। टीकमगढ़ पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा था। आरोपी हाल ही में जमानत पर रिहा हुआ था और कुछ ही दिन बाद उसने बानपुर में घटना को अंजाम दिया।

## कविता पाठ कर किया नये साल का स्वागत

ललितपुर। नव वर्ष के अवसर पर कौमी एकता की प्रतिक साहित्यिक संस्था हिंदी उर्दू अदबी के तत्वाधान में समाजसेवी राम प्रकाश शर्मा के निवास पर साहित्य सदन में पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डा.खेमचंद्र वर्मा की अध्यक्षता में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम का सफल संचालन संस्थाध्यक्ष रामकृष्ण कुशवाहा एड. किशन ने किया। श्रोताओं द्वारा तालियां बजाकर कभी कवियों का हौंसला अफजाई किया। गीतों बुंदेली हास्य व्यंग्य पर श्रोता झूम उठे। रामकृष्ण कुशवाहा ने संचालन करते हुए नववर्ष की। शुरूआत में समस्त देशवासियों को एवं नगर वासियों को शुभकामनाएं देते हुए खूबसूरत शेर पढ़ते हुए कहा कि बद्दुआ दे कोई तुम उसको दुआएं देना, मुसाफिर को उसकी मंजिल का पता बता देना, गर्दिशों हम ही तुम्हारे काम आएंगे, नए दोस्त मिल जाएं तो हमें भूल न देना। महिला शक्ति की एक मात्र कवियत्री सुमनलता शर्मा ने शेर पढ़ते हुए कहा कि गमों पर भारी है खुशियों का साया हैं, अपने सभी हो न कोई पराया। राधेश्याम ताम्रकार ने गजल पेश करते हुए कहा कि किसी दुश्मनी क्या है किसी से दोस्ती क्या है। समझते ही नहीं लोग सजे जिंदगी क्या है। बुन्देली कवि शीलचंद्र शास्त्री ने हास्य व्यंग से पाठ कर खूब हंसाया, भूख बढ गई।

# पीएम किसान फसल बीमा और कृषि ऋण के लिए किसानों को परेशान न करें: डीएम




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि किसानों के फार्मर रजिस्ट्री बनाने के कार्य में अपेक्षक तेजी लाए यदि किसी को कोई समस्या उत्पन्न हो रही हो तो प्रयुक्त प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बीती शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का प्रमाणिक डाटा तैयार किया जाता है जिससे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पारदर्शी एवं सुगमता के साथ पहुँचाया जाता है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री के बनने से किसानों को पीएम-किसान, फसल बीमा और कृषि ऋण जैसी सुविधाओं के लिए बार-बार दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होती। डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित को निर्देश दिए कि खरीफ और रबी फसलों के सटीक आंकड़ों के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे को पूर्ण गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के अंतर्गत फसलों की वास्तविक स्थिति, बोए गए रकबे एवं फसल प्रकार का डिजिटल माध्यम से सर्वे किया जाता है, जिससे नीति निर्माण एवं योजना क्रियान्वयन में सहायता मिलती है। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किस खेत में कौन सी फसल बोई गई है, ताकि आपदा के समय मुआवजे और न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ सही लाभार्थी को मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सर्वे कार्य में लापरवाही प्रकाश में आने पर सर्वे कार्य में लगे सर्वेक्षकों और तहसील स्तर के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि डेटा एंट्री में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो, इसके लिए वास्तविक समय में निगरानी करते रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री और डिजिटल सर्वे से कृषि क्षेत्र में एक डिजिटल इकोसिस्टम को इस प्रकार तैयार करें जिससे बिचैलियों की भूमिका समाप्त हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, उप कृषि निदेशक डॉ घनश्याम वर्मा सहित सभी उप जिलाधिकारी मौजूद थे।

## भागवत महापुराण कथा में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब



**बांदा।** पैलानी तहसील के अमलोर गांव के खेरापती स्थान पर चल रही सात दिवसीय संगीतमई श्रीमद् भागवत महापुराण के प्रथम दिवस की कथा में बोलते हुए आचार्य संदीप पांडे ने कलश यात्रा के पश्चात भागवत महात्म का उदाहरण देते हुए गोकर्ण तथा धुंधकारी की कथा सुनाते हुए कहा कि तुंगभद्रा नदी के किनारे आत्मदेव ब्राह्मण रहते थे जिनकी पत्नी का नाम धुंधली था धुंधली अत्यंत ही दुष्ट प्रवृत्ति की थी आत्मदेव ब्राह्मण कर्मकांडी ब्राह्मण थे उनके दो पुत्र गोकर्ण तथा धुंधकारी थे गोकर्ण अत्यंत ही ज्ञानी थे तथा धुंधकारी दुष्ट था और अपने बुरे कर्मों के कारण प्रेत योनि में भटकता रहा गोकर्ण का जन्म गाय के गर्भ से हुआ था धुंधकारी के बुरे कर्मों से माता-पिता दुखी होते थे गोकर्ण ने 7 दिनों तक धुंधकारी को श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा सुना कर प्रेत योनि से मुक्त कराया गोकर्ण एवं धुंधकारी की कथा कर्म फल और भक्त के महत्व को दशार्ती है कथा सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो गए खेड़ापति मंदिर में चल रही भागवत कथा को सुनने के लिए सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्रित हो रही है गांव के ही ग्रामीण शिव गोविंद सिंह, कृष्ण पाल परिहार, सीताराम सिंह, उदयभान सिंह, राम इत्यादि ग्रामीणों ने बताया की परीक्षित के रूप में लखन सिंह उर्फ छोटू कथा श्रवण कर रहे हैं कथा व्यास आचार्य संदीप पांडे कुंडौरा हमीरपुर भक्तों को कथा श्रवण करा रहे हैं।

# एडीएम ने शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए रैन बसेरों और अलाव का निरीक्षण किया



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वि/रा वान्या सिंह ने जनपद में ठंड और शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जनपद मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड सहित स्थाई एवं अस्थाई रैन बसेरों तथा अलाव जलाए जाने वाले मुख्य चैराहों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह ने वहां ठहरे हुए निराश्रित व्यक्तियों से बातचीत की और उपलब्ध सुविधाओं का फीडबैक भी लिया। अपर जिलाधिकारी वि/रा वान्या सिंह ने शुक्रवार की देर रात निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि रैन बसेरे में प्रवास करने व्यक्तियों के लिए सर्दी से बचाव के लिए सभी आवश्यक चीजें मौजूद रहें, रैन बसेरे में यदि कोई खिड़की, दरवाजे या शीशे टूटे हुए हों तो तत्काल उन्हें दुरूस्त कराएं ताकि ठण्ड एवं हवा का प्रवेश न हो सके। उन्होंने रैन बसेरे में जरूरत के मुताबिक लकड़ियों की उपलब्धता, ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरों के बाहर और प्रमुख चैराहों पर नियमित अलाव जलाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि रैन बसेरों में रहने वाले लोगों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाए और उनकी आवश्यकताओं का समय पर पूरा करना भी सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह के साथ आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## संगम के लिए श्रद्धालुओं की बेहतर व्यवस्था, मंडल से 280 बसें



**बांदा।** श्रद्धालुओं को संगम ले जाने के लिए योगी सरकार ने बेहतर इंतजाम किए हैं। मंडल के चार जनपदों से 280 बसों का परिवहन विभाग संचालन कर रहा है। भीषण ठण्ड और कोहरे को देखते हुए बसों में फॉग लैंप, विण्डो कैचर, हॉर्न व सीटों पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रयागराज में शुरू हुए माघ मेले में बुंदेलखण्ड के चित्रकूट मंडल से जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बांदा डिपो से 80 बसें चलाई जा रही हैं। प्रमुख स्नान पर्वों पर प्रत्येक 15 मिनट में बसें चलाई जाएंगी। महोबा डिपो से भी 80 बसें चलाई जा रही हैं। इसके अलावा हमीरपुर जनपद के राठ डिपो से 65 बसें और हमीरपुर जिला मुख्यालय डिपो से 55 बसें चलाई जा रही हैं। रास्ते में बस खराब होने पर इन्हे ठीक करने के लिए दो टेक्निकल टीमों को भी तैनात किया गया है। इनमें चालक समेत 7 सदस्य रहेंगे, यह सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर बसों को ठीक करेंगे। बांदा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश बाबू गुप्ता ने बताया कि माघ मेले को लेकर जितनी भी बसें मंडल से लगाई गयी हैं वह बेहतर हालत में हैं। श्रद्धालुओं की उपलब्धता के आधार पर बसें संचालित की जा रही हैं। उन्होने बताया कि बीते कुछ दिनों से भीषण ठंड को देखते हुए फिलहाल प्रयाग माघ मेला जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कमी है। जैसे जैसे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी उसी हिसाब से आगे बसों की उपलब्धता बढ़ाई जाएगी।

## मशहूर शायर तहजीब अबरार को रफत सरोश सम्मान से मुशायरे में सम्मानित किया



**नगीना, बिजनौर।** प्रसिद्ध शायर रफत सरोश की याद में आयोजित जिला स्तरीय मुशायरे में नामचीन शायरों ने अपने-अपने कलाम पेश किए। कार्यक्रम में मशहूर शायर तहजीब अबरार को रफत सरोश सम्मान से सम्मानित किया गया।

नगर के ।महल्ला काजी सराय में बीती रात शिक्षाविद् परवेज आदिल माही के आवास पर आयोजित मुशायरे का आगाज मुफ्ती कफील अहमद की तिलावते कलाम मजीद से हुआ। मुख्य अतिथि मनीष राणा व पत्रकार गौरव गोयल ने शमा रोशन की। ट्रस्ट के चेयरमैन परवेज आदिल माही ने रफत सरोश के जीवन संघर्ष और अदबी योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर सहसपुर निवासी मशहूर शायर तहजीब अबरार को शाल, स्मृति चिह्न आदि भेंट कर रफत सरोश सम्मान से नवाजा गया। इस मौके पर प्रसिद्ध शायर बहारुद्दीन बहार ने कहा फूल बनाने का हुनर रखता हूं, जिसमें हिम्मत हो मेरी सम्त उछाले पत्थर। तसलीम अहमद तसलीम ने कहा- पेट भूखा न कोई सो जाए, कुछ पड़ोसी की भी खबर रखिए।

अशरफ शेरकोटी ने कहा कि आए कहां से अब तेरी दुनिया में रोशनी, जुजदान में लपेट के सूरज को रख दिया। हाफिज नगीनवी ने कहा-गरीबी को वो कैसे मात देगा, कमर जिसकी कमानी हो गई है। डॉ. अहतशाम तिश्ना ने कहा कि मुझ पे इल्जाम न रख लब नहीं खोले मैंने, मुझसे टकरा के तेरे हाथ का पत्थर चीखा। तहजीब अबरार ने कहा- जरा सी मैंने उसे खुद में क्या जगह दे दी, अब अपने आप में उससे रहा नहीं जाता। डॉ. दाऊद नूर ने कहा- हम तो बढ़ेंगे उनकी जानिब जिनको अदावत हमसे है, दुश्मन को दुश्मन ही रखना अपने बस की बात नहीं। माहिर स्योहारवी ने कहा-मेरी आवाज का पत्थर निशाने से नहीं चूका, मैं जालिम को कभी जालिम बताने से नहीं चूका। शाहिद अंजुम अपना शेर इस तरह पेश किया-हम भी अब जुल्फ पे अशआर नहीं कहते हैं, वो भी जुल्फों को परेशां नहीं होने देता। इस मौके पर मास्टर शुजाउद्दीन, बहार शम्सी, डॉ. दाऊद मुल्तानी, शेख शमीम (दिल्ली), मास्टर वसीम, तनवीर अख्तर, शहजाद हुसैन, शेख नगीनवी, मास्टर फहीमुद्दीन, तनवीर आलम, अहमद जैन आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा के तहत छात्राओं को दी गयी जानकारियां




ललितपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा अभियान तथा जीरो फैटिलिटी समाधान में शनिवार को पहलवान गुरूदीन महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सितारा देवी, अध्यक्ष श्रीमती कंचन लता यादव, प्रबंध निर्देशिका डॉक्टर पूजा यादव, प्राचार्य डॉक्टर सूफिया एवं समस्त महिला स्टाफ के द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। नाटक में प्रतिभाग करने वाली छात्राएं एम ए तृतीय सेमेस्टर कीर्ति पंत, मुस्कान राजा बीए प्रथम सेमेस्टर शिवा पटेल बीए तृतीय सेमेस्टर से नीलम, कल्पना, रश्मि मुस्कान बीए 5जी सेमेस्टर से श्रद्धा निरंजन ,प्रिंशी यादव अन्य छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में एनएसएस ,एनसीसी, रोवर्स रेंजर्स,उन्नत भारत के वालंटियर एवं अन्य पाठ्यक्रमों में अध्यनरत छात्राओं ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के प्रबंधक श्रीमती सितारा देवी ने छात्राओं के इस विशेष नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति को देखकर कहा कि सड़क सुरक्षा के नियम और कानून कहते हैं कि गाड़ी चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सीटबेल्ट और हेलमेट पहनें। महाविद्यालय की प्रबंध निर्देशिका डॉक्टर पूजा यादव ने छात्राओं के द्वारा किए गए नुक्कड़ नाटक के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि बच्चों को बुनियादी सुरक्षा संकेतों और चिह्नों के बारे में पता होना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सूफिया ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा हेतु कुछ विशेष नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियम और कानून कहते हैं कि गाड़ी चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सीटबेल्ट और हेलमेट पहनें। फुटपाथों पर संभलकर चलें और जेब्रा क्रॉसिंग से ही क्रॉस करें। इस दौरान कार्यक्रम में कैप्टन डॉ.वंदना, असि.प्रो. प्रकाश खरे, असि. प्रो. प्रीति शुक्ला, बी.एड. विभागाध्यक्ष असि.प्रो. रत्ना याज्ञिक, एनएसएस द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी असि. प्रो. साधना नागल, असि. प्रो.रंजना श्रीवास्तव, असि. प्रो. सुषमा पटेल, असि. प्रो. आरती बुंदेला, श्रीमती रजनी यादव एवं समस्त छात्राएं मौजूद रहीं।

## यातायात के नियमों का पालन करें : एआरटीओ



**महोबा।** सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत उप संभागीय परिवहन अधिकारी दयाशंकर ने मोटर साइकिल एवं कार चालकों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने वाहन चालकों को नशा करके वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। एआरटीओ ने महोबा के राठ चुंगी, झलकारी बाई तिराहा, पेट्रोलपंपों सहित अन्य स्थानों पर आमजन को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने गुलाब का फूल देकर बाइक चालकों को सुरक्षित यातायात के लिए हेलमेट पहनने की अपील करते हुए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आपके अपने घर पर आपका इंतजार करते है, इसलिए यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित अपनी यात्रा पूर्ण करें। इस मौके पर यातायात प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह सहित यातायात विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा कार्यक्रम आयोजित



**नगीना, बिजनौर।** श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में गुरुद्वारा संत सभा निकट एसडीएम कोर्ट नगीना में कथा विचार, कीर्तन दरबार एवं लंगर का आयोजन हुआ। इस अवसर गुरु घर को विशेष रूप से सजाया गया।

श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में शुक्रवार को गुरुद्वारा दीवान हाल में श्री सुखमणि साहिब के पाठ सुबह लगभग 10 बजे आरंभ हुए। इसके बाद कीर्तन दरबार सजाया गया ,जिसमें भाई कल्याण सिंह ( केन्या वाले ) के रागी जत्थे द्वारा अपने रूहानी कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया। कथा वाचक भाई जोगिंदर सिंह ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया की कैसे गुरु महाराज ने अमृतपान कराकर उस समय के लोगों को सिंह बनाया और फिर खुद भी पंज प्यारों से अमृत पान कर गोविंद राय से गोविंद सिंह बने और इस प्रकार वाहो वाहो गोबिंद सिंह, आपे गुरु चेला को कृतार्थ किया। गुरू जी ने दुश्मन से लड़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि ह्लसवा लाख से एक लड़ाऊं तभे गोविंद सिंह नाम कहाहुह्ल और खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने सभी संगतों से गुरु महाराज जी द्वारा दिखाए रास्ते पर चलने का अनुरोध किया। दोपहर को सरबत दे भले की अरदास के बाद लंगर का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने लंगर को छका। लंगर की सेवा भाई राजवीर सिंह चंडीगढ़ वालो के परिवार की तरफ से की गई। गुरुसिख भाईचारा सेवा सोसाइटी के पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान गुरुद्वारा संत सभा नगीना सरदार केवल पाल सिंह, गुरु घर के ज्ञानी भाई तारा सिंह, भाई कल्याण सिंह, भाई जोगिंदर सिंह, राजवीर सिंह, हरमीत मल्होत्रा, मनमीत सिंह, एड अमीर सिंह, गुरदयाल सिंह, जगप्रीत सिंह ,करनप्रीत सिंह, तरनप्रीत सिंह, हरविंदर कौर, कुशदीप सिंह, अजीत कौर, रमिंदर कौर, चारु मल्होत्रा, रिया, अवनीत कौर आदि सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना द्वारा गुरुद्वारे आए सभी परिवारों का बहुत-बहुत धन्यवाद किया गया।

## भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई

ललितपुर। कचहरी परिसर में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारिका क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हरदयाल लोधी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले न केवल एक शिक्षिका नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की मशाल थीं। उन्होंने उस दौर में महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया जब समाज की बेडि ?ां बहुत मजबूत थीं। उनके द्वारा जलायी गई शिक्षा की ज्योति का ही परिणाम है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। अधिवक्ता जानकी बौद्ध ने सावित्रीबाई फुले के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपमान और बाधाओं को सहते हुए भी समाज के वंचित वर्गों के लिए पाठशालाएं खोलीं। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने 19वीं सदी में थे।

## सपा की बैठक, सावित्री बाई फुले को माल्यार्पण

**बांदा।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। शहर के बिजली खेड़ा स्थित पार्टी कार्यालय में देश की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जन्म जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गयी। इस दौरान वरिष्ठ नेताओं ने सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। बैठक में राष्ट्रीय सचिव हसन सिद्दीकी, लोकसभा प्रभारी उमेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता, राजा, विजयकरण यादव, प्रमोद निषाद, अशोक गौर, रामलाल प्रजापति, नीलम यादव, आमिर खान, दिनेश अनुरागी, दिवाकर खंगार व बड़ी संख्या में पदाधिकारी व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन एजाज खान ने किया।

संक्षेप

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

बांदा। ललितपुर जिले में पुलिस ने एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपी को शनिवार तड़के मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के एक पैर में गोली लग गई। ललितपुर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि बानपुर पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी अमजद खान (35) की गिरफ्तारी के लिए, शनिवार तड़के उसे करीब पौने चार बजे घेर लिया लेकिन उसने तमंचे से पुलिस दल पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि अपने बचाव में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली अमजद के बाएं पैर में लगी जिससे वह घायल हो गया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एएसपी ने बताया कि आरोपी के कब्जे से एक देशी तमंचा, कारतूस के दो खोखे और एक कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक की मौत

कुशीनगर। जिले में बिहार जा रही एक मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना हनुमानगंज थानाक्षेत्र के पनियहवा रेल पुल पर हुई हालांकि मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, गोरखपुर-नरकटियागंज रेलखंड के पनियहवा रेलवे स्टेशन से आगे गंडक नदी के उपर बने पुल पर शुक्रवार रात करीब सात बजे एक युवक मालगाड़ी की चपेट में आ गया और ट्रेन में फंसकर कुछ दूर तक घसीटता हुआ चला गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक के पास से एक पर्स मिला है लेकिन उसके पास से कोई ऐसी वस्तु नहीं मिली, जिससे उसकी पहचान हो सके। खड्डा थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि पुल पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी और उसका शव बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि युवक की पहचान नहीं हो पाई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सावित्रीबाई फुले ने समाज को बदला: अनिल

अयोध्या। देश की पहली महिला शिक्षिका व महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी द्वारा जिले में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा को सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा हथियार बनाया और महिलाओं व वंचित वर्गों को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया। अनिल प्रजापति ने कहा कि फुले के विचार आज भी सामाजिक न्याय, समान शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में मार्गदर्शक हैं, जिन्हें नीतियों में उतारने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं और वंचितों को समान अवसर दिलाना ही माता सावित्रीबाई फुले को सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में जिले के यूके द्विवेदी सैनिक प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष महासचिव सुनील मौर्य कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा लीगल सेल के अध्यक्ष सत्य प्रकाश मौर्य पंचदेव आदि लोग मौजूद थे।

# हवाला कारोबार के संदेह में एक व्यक्ति हिरासत में

जिला संवाददाता(vol)

गोरखपुर। गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पास से 50 लाख रुपये नकद बरामद होने के बाद पुलिस ने हवाला लेन-देन के संदेह में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। आरोपी की पहचान सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज के निवासी राजीव जायसवाल उर्फ राजू (52) के रूप में हुई है। उसने बताया कि राजू शुक्रवार शाम करीब पांच बजे गोरखपुर बस स्टैंड पहुंचा और वहां से रेलवे स्टेशन होते हुए पैदल धर्मशाला बाजार की ओर चल पड़ा।

उसने बताया कि तभी स्कूटर पर सवार दो लोगों ने कथित तौर पर उसे एक थैला दिया और वहां से चले गए। पुलिस की नजर जायसवाल पर पड़ी और संदेह के आधार पर थैले की तलाशी लेने पर उसमें से 50 लाख रुपये बरामद हुए।

नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि पूछताछ के दौरान जायसवाल ने दावा किया कि वह स्कूटर सवार व्यक्तियों को नहीं जानता और उसे यह राशि जिले के किसी अन्य स्थान पर पहुंचाने के लिए कहा गया था। हालांकि, वह नकदी के स्रोत के संबंध में कोई दस्तावेजी सबूत या संतोषजनक स्पष्टीकरण पेश नहीं कर सका।

उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए छावनी थाना पुलिस ने आयकर विभाग को सूचित किया। इसके बाद संयुक्त टीम ने मशीन की सहायता से नकदी की गिनती कर उसे सील किया और अपने कब्जे में ले लिया। मामले की जांच जारी है। पुलिस स्कूटर सवार युवकों की पहचान करने और जब्त की गई धनराशि के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## पुलिस मुठभेड़ में ट्रक चोरी के दो वांछित गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

सुल्तानपुर। जिले में कोतवाली देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रक चोरी के मामले में वांछित दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपी घायल हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन दोनों बदमाशों पर ट्रक चोरी का आरोप है।

अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने शनिवार को बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी छह-सात नवंबर की दरम्यानी रात को कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में हुई ट्रक चोरी के मामले से जुड़े हैं।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात को पुलिस को सूचना मिली थी कि इस मामले के दो आरोपी एक कार से पाखरौली रेलवे क्रॉसिंग की ओर जा रहे हैं। इस सूचना पर विशेष अभियान समूह (एसओजी) की टीम और थाना कोतवाली देहात पुलिस ने घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की, जिसमें दोनों अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान एहतेशाम पुत्र जुबैर (मझदिहा, शाहगंज, जौनपुर) और अनवर पुत्र लियाकत अली (पटेल, खुटहन, जौनपुर) के रूप में हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस गिरोह के पांच सदस्य ट्रक चोरी में शामिल थे, जिनमें से दो को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। ट्रक चोरी के पांच अभियुक्तों में से एक आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।



## नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ की एक अदालत ने नाबालिग का अपहरण एवं उससे दुष्कर्म करने के एक आरोपी को दोषी ठहराते हुए उसे 20 साल कारावास की सजा सुनाई और उस पर एक लाख रुपए जुर्माना लगाया।

अपर सत्र न्यायाधीश (बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम) पारुल वर्मा की अदालत ने मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी को दोषी ठहराया और उसे 20 साल कैद की सजा सुनाई।

विशेष लोक अभियोजक निर्भय सिंह ने शनिवार को बताया कि उदयपुर थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि 14 जुलाई 2024 की रात दो बजे से तीन बजे के बीच समीर अहमद 17 वर्ष किशोरी को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया। पीड़िता ने अदालत को अपने बयान में बताया कि समीर ने उससे दुष्कर्म किया और कहा कि अगर वह अपना धर्म बदल ले तो वह उससे शादी कर लेगा। पुलिस ने समीर के विरुद्ध अपहरण एवं दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोप पत्र दाखिल किया।

अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद समीर अहमद को दोषी ठहराते हुए उसे शुक्रवार को 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई और उस पर एक लाख रुपए जुर्माना भी लगाया। अदालत ने जुर्माने की राशि पीड़िता को मुहैया कराने का आदेश दिया।

## भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनी



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सभागार में शनिवार को भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले जी की 195वीं जयंती मनाई गयी। वक्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और उनके मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प दिलाया।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले उस दौर में लड़कियों की शिक्षा की नींव रखी जब समाज इसका घोर विरोध करता था, उन्हें लोगों द्वारा पत्थर मारे गए, उनका अपमान और उनके साथ भेदभाव किया गया, लेकिन उन्होंने शिक्षा को हथियार बनाकर महिला सशक्तिकरण की ऐतिहासिक शुरूआत की थी।

वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश यादव ने कहा कि सावित्रीबाई फुले एक बहादुर समाज सुधारक थीं। उन्होंने ऐसे समय में महिलाओं की शिक्षा के लिए लड़कर भारतीय इतिहास का रुख बदला, जब लड़कियों को पढ़ने का अधिकार नहीं था। उनका संघर्ष केवल शिक्षा तक सीमित नहीं था, बल्कि समानता और मानवता के लिए भी था। यही वजह थी कि कई बार समाज के लोगों ने उनका अपमान किया, पत्थर फेंके, लेकिन वह रुकी नहीं। अपना मिशन जारी रखा। लड़कियों और हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए स्कूल खोले। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट व संचालन महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर राजेश मौर्य, विजय बहादुर सिंह, सुरेश कुशवाहा, अशोक जालान, कामता यादव, टीटू गुप्ता, शांति वर्मा आकृति, निर्भया,सरस्वती, पूजा सिंह, बिंदु, शैलेन्द्र कुमार, राजकुमार पटेल,नवीन पाण्डेय,मो याकूब, यजमी बेगम आदि मौजूद रही।

## जयंती पर बांटे कम्बल

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या 3 में सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पंचायत डॉ विजय लक्ष्मी जायसवाल ने कंबल वितरण किया और महान सावित्रीबाई फुले जी का स्मृति चिन्ह समाज के वरिष्ठ जनसेवकों को दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ विजय लक्ष्मी जायसवाल ने कहाकि सावित्रीबाई फुले महिला शिक्षा और अधिकारों की एक महान प्रेरणा थीं। सावित्रीबाई फुले के आदर्शों पर चलने से समाज में महिलाओं का उत्थान हो सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सावित्रीबाई फुले के जीवन और कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अतिथि के रूप में अंकारीपुर प्रधान रामजीत मौर्य रहे और संचालन समाजसेवी राजवीर सिंह सैनी ने किया।

# अध्यक्ष पद पर 4 और अन्य पदों के लिए 12 ने लिया पर्चा



सोनभद्र बार एसोसिएशन चुनाव

सोनभद्र। बहु प्रतीक्षित सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2026-27 के लिए हो रहे मतदान के लिए नामांकन पत्र वितरण के प्रथम दिन शनिवार को अध्यक्ष पद पर 4 प्रत्याशियों समेत कुल 12 लोगों ने भिन्न-भिन्न पदों के लिए पर्चा लिया।

प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से संपर्क किया,जिससे चुनावी सरगर्मी तेज हो गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुरेश सिंह एडवोकेट ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशियों जिनमें उमेश कुमार मिश्रा, हेमनाथ द्विवेदी, शेष नारायण दीक्षित व अशोक प्रसाद श्रीवास्तव ने पर्चा लिया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी गोविंद प्रसाद मिश्र व अजय कुमार द्विवेदी, महामंत्री पद के लिए सिर्फ एक प्रत्याशी अरुण कुमार सिंघल, कोषाध्यक्ष पद पर सिर्फ एक प्रत्याशी सुधी नारायण देव पांडेय, संयुक्त मंत्री प्रशासन पद के लिए सिर्फ एक प्रत्याशी संतोष कुमार सिंह पटेल ने पर्चा लिया। वहीं सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से ऊपर के लिए एक प्रत्याशी परवेज अख्तर खां एवं सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे के लिए दो प्रत्याशी दिनेश धर दुबे व आशुतोष पाठक ने पर्चा लिया है। उन्होंने यह भी बताया कि 5 जनवरी को नामांकन पत्र के विक्रय की आखिरी तिथि नियत है। 5 एवं 6 जनवरी को प्रत्याशी अपना पर्चा दाखिल करेंगे। उधर अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों द्वारा समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से संपर्क किया गया। जिसकी वजह से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई।

# विधायक खेल महाकुंभ का सेमीफाइनल आज

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित हाइडिल मैदान में शनिवार को पहला मुकाबला अमिला स्पॉटिंग क्लब चतरा और गदर स्पॉटिंग क्लब के बीच ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता व वरिष्ठ समाज सेवी भोला सिंह के द्वारा टास कराकर मैच का शुभारंभ किया गया,गदर स्पॉटिंग क्लब की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 06 ओवर में 05 विकेट खोकर 53 रनों का स्कोर खड़ा किया, जवाब में अमिला स्पॉटिंग क्लब चतरा की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे ओवर में ही इस मुकाबले को 06 विकेट से जीत दर्ज कर आगामी मैचों में अपनी जगह पक्की कर ली ।

दूसरा कैनवास क्रिकेट मैच का मुकाबला डी ए वी स्कूल और एम वी एम स्कूल के बीच, नगवां ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह व पूर्व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श अमरेश पटेल नवल बाजपेई जी के द्वारा टास कराकर मैच का शुभारंभ किया गया , डी ए वी स्कूल की टीम टॉस जीत कर एम वी एम स्कूल की टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया एम वी एम स्कूल की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए करते हुए अपने निर्धारित 06 ओवर में ...05 विकेट खो कर 73, रनों का स्कोर खड़ा किया,,जवाब में निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी डी ए वी स्कूल की टीम, अपने निर्धारित,06 ओवर में 9 विकेट खोकर मात्र 52 रन ही बना सकी अतः एम वी एम स्कूल की टीम इस मैच को 21 रनों से जीत कर आगामी मैच में अपनी जगह पक्की कर ली । तीसरा कैनवस क्रिकेट मैच बनारस पाली व हर्ष चिल्ड्रेन और नई बाजार की टीम के बीच पूर्व विधायक तीरथ राज, बजरंग दल के नेता सत्य प्रताप सिंह व नगवा ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह व वरिष्ठ क्रिकेटर नवल बाजपेई ,के द्वारा टास कराकर मैच का शुभारंभ किया गया,.नई बाजार की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 06 ओवर में05 विकेट खोकर 8 रनों का स्कोर खड़ा किया, तहसील जवाब में बनारस पाली व हर्ष चिल्ड्रेन की टीम निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित 6 ओवर में 50 ही बना सकी अतः इस मैच को नई बाजार ने 30 रनों से इस मैच को जीत कर आगामी मैचों में अपनी जगह पक्की कर ली है।

चौथा कैनवस क्रिकेट मैच काफी रोमांचक रहा सुपर ओवर में मैच का निर्णय निकला , चौथा मुकाबला नई बाजार और विकास नगर तहसील मोहाल के बीच,नगवा ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह ने टास कराकर मैच का शुभारंभ किया नई बाजार पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 06 ओवर में 03 विकेट खोकर 54 रनों का स्कोर खड़ा किया ,जवाब में विकास नगर तहसील मोहाल की टीम निर्धारित लक्ष्य को 09 विकेट खोकर 54 रन बनाकर मैच को टाई करा दिया अतः पुनः दोनों टीमों के बीच सुपर ओवर का मैच हुआ ,सुपर ओवर में विकास नगर तहसील मोहाल की टीम 04 रन ही बना सकी पुनः लक्ष्य का पीछा करने उतरी नई बाजार की टीम 01 विकेट खोकर अंतिम बाल पर 01 रन लेकर मैच को जीत कर आगामी मैच में अपनी जगह पक्की कर ली है, कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह,जिला मंत्री भाजपा संतोष शुक्ला,पूर्व नगर अध्यक्ष बलराम सोनी,रॉबर्ट्सगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश मिश्रा,,महेवा प्रधान निशांत पटेल चुर्कमंडल के महामंत्री सुभाष पाठक , चुर्क मंडल के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र पांडे , द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया ।

# वनांचल क्षेत्र में बांटे गये कम्बल, लगा विशाल भण्डारा

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। जनपद में विकास खण्ड नगवां के बीहड़ दूरूह वनांचल क्षेत्र के खोडैला में गौ माता मंदिर परिसर में शुक्रवार को प्रख्यात समाजसेवी भिक्षु भिखारी जंगली बाबा जी द्वारा आयोजित कंबल वितरण एवं विशाल भण्डारा सम्पन्न कराया गया।

मालूम हो कि बाबा द्वारा सम्मानित समाज सेवियों के सहयोग से गत एक दशक में छः हजार कन्याओं की निःशुल्क सामुहिक विवाह संपन्न करा चुके हैं। और अब तक लगातार समाज सेवा के प्रति समर्पित हैं। इनके अथक परिश्रम और पुरुषार्थ को देखते हुए सम्मानित समाज सेवियों एवं बुद्धिजीवियों तथा अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सहयोग मिलता रहता है। लगभग पैसठ वर्षीय बाबा भिखारी जंगली दास जी गत कई वर्षों से अन्न और पादुका ग्रहण नहीं करते हैं। और तो और कडाके की ठंड में भी मात्र एक केसरिया आवरण शरीर पर धारण किए रहते हैं। इन्होंने आधा दर्जन से अधिक गौ रक्षा सेवा आश्रम सहित कई मंदिरों का भी निर्माण जन सहयोग से करा चुके हैं। सादा जीवन उच्च विचार और समाज सेवा ही इनका मूल सिद्धांत है।

कंबल वितरण के आयोजन में वनांचल क्षेत्र से जुड़े लगभग एक हजार आदिवासी,गिरिवासी एवं वनवासियों जिसमें अधिकांश वृद्ध महिलाएं एवं बुजुर्ग शामिल रहे उन्हें एक-एक मखमली कंबल वितरित किया गया और भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस मौके पर सोनभद्र के समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार भदौरिया, नशा उन्मूलन अभियान वाराणसी की डाक्टर निर्मालिका सिंह, सम्मानित शिक्षक ओमप्रकाश त्रिपाठी,समाज सेवियों में संतोष कुमार नागर, संदीप सिंह चंदेल, छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी के पदाधिकारियों सतीश तिवारी, राज कुमार यादव, कृष्ण कुमार, बलिराम यादव, गणेश तिवारी, अमित दूबे, रमेश कुमार वैश्व, आनंद सिंह,शिव पूजन विश्वकर्मा, बिजली प्रसाद निषाद,उमर अब्दुल्ला, मोहम्मद अरमान, शशि देवी, पार्वती सिंह, झब्बू सिंह,भरत सिंह कुशवाहा, संगीता देवी, विमला देवी,किरन मोदनवाल,वेद प्रकाश मौर्या, आनंद सिंह, राहुल सिंह कुशवाहा एवं भैया एस पी सिंह समेत तमाम गणमान्य लोग व पुलिस प्रशासन के साथ-साथ क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सम्मानित वक्ताओं ने वनांचल क्षेत्र से आए सैकड़ों लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, संस्कार और बेहतर स्वास्थ्य तथा नेक इंसान बनाने में सहयोग करें। वक्ताओं ने आगे कहा कि अपने जीवन में किसी भी तरह के नशे एवं अन्य क्रिया लम्पटता से सदैव बचने का प्रयास करें। कहा गया कि शासन-प्रशासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं और इसमें कहीं से कोई दिक्कतें आती है तो तुरंत शासन -प्रशासन को सूचना देकर समस्याओं का समाधान कराएं।

# एनटीपीसी स्वागत गेट के पास खुला क्लीनिक बना चर्चा का विषय

जिला संवाददाता(vol)

बीजपुर (सोनभद्र) क्षेत्र में अवैध स्वास्थ्य केंद्रों की बाढ़ के बीच एनटीपीसी स्वागत गेट के पास स्थित एक निजी क्लीनिक इन दिनों स्थानीय लोगों के बीच चर्चा और आक्रोश का केंद्र बना हुआ है। इस क्लीनिक पर लगे बड़े-बड़े बोर्ड श्समस्त बीमारियों के इलाजश का दावा कर रहे हैं लेकिन इसके पीछे चल रहा खेल अब उजागर होने लगा है। चर्चा है कि इस निजी क्लीनिक का संचालन एक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है जिसका बेटा एनटीपीसी रिहंद के प्रतिष्ठित धन्वंतरि चिकित्सालय में डॉक्टर के पद पर तैनात है। आरोप है कि डॉक्टर साहब अपने पद का दुरुपयोग करते हुए धन्वंतरि अस्पताल में आने वाले कई मरीजों को बेहतर इलाज या अन्य बहाने से अपने पिता के इस कथित निजी क्लीनिक पर भेज देते हैं।

स्थानीय ग्रामीणों और मरीजों का आरोप है कि जो सुविधाएं उन्हें एनटीपीसी अस्पताल में मिलनी चाहिए उनके लिए उन्हें इस निजी क्लीनिक पर मोटी रकम खर्च करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार और मरीजों के शोषण का मामला है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या एनटीपीसी प्रबंधन को इस बात की जानकारी है कि क्या उनका एक जिम्मेदार डॉक्टर अस्पताल को श्रेफरल सेंटरश बनाकर अपने परिवार का निजी व्यवसाय चमका रहा है। गौरतलब हो कि पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने बीजपुर क्षेत्र में कई अवैध पैथोलॉजी और क्लीनिकों पर छापेमारी कर उन्हें सील किया था और नोटिस चस्पा किया था लेकिन स्वागत गेट के पास चल रहा यह नया शिसिंडिकेटश प्रशासन की कार्रवाई को ठेंगा दिखा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि ऊंचे संपर्कों और रसूख के कारण इन केंद्रों पर कोई ठोस कार्रवाई कभी नही होती और नहीं स्वास्थ्य विभाग में ऐसे झोलाछाप क्लीनिकों का पंजीयन है बावजूद महकमा करवाई करने में असहाय बना हुआ है।

# सर्द हवाओं से जनजीवन प्रभावित

बीजपुर (सोनभद्र) जनवरी की शुरूआत के साथ ही बीजपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। शनिवार को सुबह से ही पूरा क्षेत्र घने कोहरे की सफेद चादर में लिपटा नजर आया। दृश्यता (विजिबिलिटी) कम होने के कारण सामान्य जनजीवन पर इसका गहरा असर पड़ रहा है। सुबह की शुरूआत इतने घने कोहरे के साथ हुई कि सड़कों पर चंद मीटर की दूरी भी साफ दिखाई नहीं दे रही थी। इसके चलते बीजपुर रेणुकूट मुख्य मार्ग समेत अन्य लिंक रोड पर वाहनों की रफ्तार काफी धीमी रही। वाहन चालक दिन में भी हेडलाइट जलाकर रेंगते हुए आगे बढ़ते नजर आए। भारी वाहनों और यात्री बसों के आवागमन में देरी होने से मुसाफिरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के साथ कोहरे ने केवल इंसानों को ही नहीं बल्कि बेजुबान पशु-पक्षियों को भी बेहाल कर दिया है। भीषण ठंड के कारण लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। चैक-चैराहों पर लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने का जतन करते दिखे। ठंड और कोहरे की वजह से पशु भी ठिठुरते नजर आए वहीं पक्षियों की चहचहाहट भी कोहरे के कारण मौन रही। कोहरे के कारण लगातार बढ़ रही ठंड को लेकर किसानों में मिश्रित प्रतिक्रिया है। जहाँ गेहूँ की फसल के लिए यह मौसम अच्छा माना जा रहा है वहीं दलहनी तेलहनी फसलों पर पाला गिरने की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले एक-दो दिनों तक कोहरे का यह सिलसिला जारी रह सकता है जिससे तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

## गोंगपा कार्यकर्ताओं का 5 को कलेक्ट्रेट पर होगा धरना-प्रदर्शन

सोनभद्र। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) कार्यकताओं द्वारा 5 जनवरी को आदिवासियों, मूल निवासियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा अपने मांगों का ज्ञापन डीएम के जरिए भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के पास भेजा जाएगा। यह जानकारी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष रामनरेश पोया ने एक विज्ञप्ति में दी है।

## वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड करने की सीमा बढ़ी

सोनभद्र। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शर्मा ने जनपद के समस्त मुतवल्लियों को सूचित किया है कि उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल 2025 पर पंजीकृत वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड किये जाने हेतु उ०प्र० वक्फ न्यायाधिकरण लखनऊ के आदेश 10 दिसम्बर 2025 द्वारा पुनः छः माह का समय बढ़ाया गया है। उक्त के क्रम में उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल 2025 को पुनः वक्फ सम्पत्तियों का विवरण अपलोड किये जाने हेतु खोल दिया गया है। यह भी अवगत कराना है कि बोर्ड कार्यालय द्वारा डांमत हेतु 15 फरवरी 2026, बेमबामत हेतु 15 अप्रैल 2026 तथा ।चचतवअमत हेतु 05 जून 2026 की समयावधि निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया की उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियों का विवरण निर्धारित समय-सीमा में अपलोड करना सुनिश्चित करें। वक्फ सम्पत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर सम्बन्धित द्वारा अपलोड/दर्ज नही कराया जाता है तो उक्त का सम्पूर्ण दायित्व सम्बन्धित व्यक्ति का होगा।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

सुलतानपुर। कोतवाली नगर क्षेत्र में दूबेपुर मोड़ पर शनिवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जो अस्पताल में उपचाराधीन है। उन्होंने बताया कि हादसे में मरने वाले युवक की पहचान मेकदाद मेंहदी (19) के तौर पर की गयी है। पुलिस ने बताया कि युवक अपने मित्र के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था अचानक दूबेपुर मोड़ पर बाइक फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। दुर्घटना में घायल दोनो युवकों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में घायल युवक का इलाज जारी है। कोतवाली नगर प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में ।लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पिकअप वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत, दो अन्य घायल

बलिया। जिले में शनिवार सुबह एक पिकअप वाहन ने राहगीरों को टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना सुबह करीब छह बजे रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के गढ़िया क्रॉसिंग के पास हुई, जब एक अनियंत्रित पिकअप वाहन ने राहगीरों को टक्कर मार दी। रसड़ा क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक आलोक गुप्ता ने बताया कि हादसे में शंकर खरवार (53) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अखिलेश कुमार गुप्ता (60) और अशोक कुमार (65) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दोनों घायलों को पहले रसड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। इसके बाद उनका इलाज मऊ के एक अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया है और उसके चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## नफरत का जाम मुझसे तो ढाला न जायेगा ये काम मेरे दिल से सम्भाला न जायेगा

सोनभद्र। रावर्ट्सगंज के आरटीएस क्लब मैदान में विगत छः दशकों से प्रति वर्ष आयोजित होने वाला मधुरिमा साहित्य गोष्ठी का सारस्वत महायज्ञ 64 वें सफल आयोजन को पूर्ण कर इतिहास में दर्ज हो गया लगभग 90 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे साहित्यकार पं० अजय शेखर ने आज से 64 वर्ष पूर्व 26 वर्ष की आयु में इस सारस्वत महायज्ञ के अनुष्ठान का संकल्प लेकर अपनी साहित्यिक साधना सुरु की जो रजत जयन्ती, स्वर्ण जयन्ती, हीरक जयन्ती मनाने के पश्चात अब अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का यह आयोजन 65 वें वर्ष में प्रवेश कर नीलम जयन्ती वर्ष के साथ अनवरत साधना से सिद्धि को प्राप्त कर चुका है। सर्द मौसम में बादल और घने कोहरे की चादर ओढ़े शुक्रवार की शाम को रावर्ट्सगंज का आरटीएस क्लब मैदान अपने अतीत को समेटे वर्तमान के साथ भविष्य की इबारत को लिखते हुए मधुरिमा साहित्य गोष्ठी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कविता, गीत, गजल, मुक्तक, छन्द और शेरो शायरी की शानदार प्रस्तुतियों के बीच आह-आह और वाह- वाह के दाद के साथ तालियों के गड़गड़ाहट से गुलजार रहा। मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के उप निदेशक आशुतोष पाण्डेय मुन्ना के संयोजन में आयोजित 64 वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन जाने माने गीतकार मनमोहन मिश्र के अध्यक्षता और नगर पालिका परिषद रावर्ट्सगंज की अध्यक्ष रूबी प्रसाद के मुख्यातिथ्य में सपन्न हुआ, जिसका संचालन वाराणसी से आये हास्यकवि नागेश सांडिल्य ने किया। कार्यक्रम का आगाज लोक भाषा के सुप्रसिद्ध गीतकार जगदीश पंथी द्वारा मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के स्वर्णिम अतीत पर विषय प्रवर्तन व आगन्तुकों के स्वागत सम्मान के साथ गीतकार ईश्वर विरागी के वाणी वन्दना से किया गया। हास्य व्यंग्य के कवि अजय चतुवेर्दी कक्का ने - जनम क पापी नाम धरम चन्द,मारी के पउवा देवता तारइं ,छ -छ अण्डा सांझ सबेरे, पण्डा क मेहरारू झारैं की प्रस्तुति से गुदगुदाकर श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। वाराणसी से चल के आये डॉ. धर्म प्रकाश मिश्र ने-कौन कहता कि गिद्ध भारत से लुप्त हुए, पेड़ों के बजाय कुर्सियों पर पाए जाते हैं, त्रेता वाला गिद्ध सीता माता हेतु जान दिया। कलयुग के गिद्ध सीताओं को नोच खाते हैं सुनाकर राजनीति पर करारा प्रहार किया वहीं चंदौली से चल के आये गीतकारमनोज द्विवेदी मधुर ने अपनी रचना-सबने चाहा था जैसे मैं चला ही नहीं,सबके बहकावे में ढला ही नही,मैं जमाने की नजरों में नाकाम हूँ,क्योंकि मैंने किसी को छला ही नही सुनाकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह,जिला मंत्री भाजपा संतोष शुक्ला,पूर्व नगर अध्यक्ष बलराम सोनी,रॉबर्ट्सगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश मिश्रा,,महेवा प्रधान निशांत पटेल चुर्कमंडल के महामंत्री सुभाष पाठक जी, चुर्क मंडल के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र पांडे जी, मनोज सोनकर , भैया युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष संदीप सिंह विपुल शुक्ला विकाश मिश्रा राजेश चौबे के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ ही नगर के अन्य गणमान्य गण व क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।





संक्षेप

## मारपीट मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर नाबालिग बालिका सहित महिलाओं से मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ केस दर्जकर किया है।रजपलिया गांव निवासी राघवराम का कहना है कि उसकी भतीजी दिव्या गांव के ही राममूरत की किराने की दुकान पर बिस्किट खरीदने गयी थी।आरोप है कि बिस्किट का पैसा देने के बाद बचे हुए पैसे को जब वापस मांगा तो पुरानी रंजिश को लेकर राममूरत पुत्र पतिराम,उसकी पत्नी गीता,बेटी क्रांति व पुत्र बीरू ने मिलकर अपशब्द कहने लगे।

जब उसने इसका विरोध किया तो लात घूंसा व थप्पड़ से मारने लगे।वह चिल्लाती हुई अपने घर के अंदर भागी तो हमलावरों ने घर मे घुसकर भी उसे पीटना जारी रखा।भतीजी को पिटता देख उसे बचाने उसकी पत्नी लालती व उसकी पुत्री ममता दौड़ी तो हमलावरों ने उसे भी पटक पटक कर पीट डाला।

जिससे तीनो बुरी तरह से चोटिल हो गयी।एसओ शारदेन्दु दुबे के मुताबिक चारो आरोपितों के खिलाफ केस दर्जकर मामले की पड़ताल कराई जा रही है।

## पशु चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**सोहावल-अयोध्या।** विकास खण्ड सोहावल की ग्राम पंचायत मोइया कपूरपुर में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

भाजपा के मंडल अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ अजय कुमार सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने गाय पूजन और पंडित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शिविर की शुरूआत की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मोइया कपूरपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य अशोक सिंह भी उपस्थित रहे। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सोहावल डा0 मनोज कुमार ने पशु पालकों को नई वैज्ञानिक पद्धतियों से पशुपालन करने, आय बढ़ाने और अधिक लाभ अर्जित करने का तरीका बताया। पशु चिकित्साधिकारी ड्योढ़ी डा. आशीष वर्मा ने विभिन्न बीमारियों से बचाव और उचित रख रखाव संबंधी जानकारी दी।

पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 जय सिंह ने पशु प्रजनन और प्रबंधन पर मार्गदर्शन किया। जबकि महोली के पशु चिकित्साधिकारी ने पशुओं की प्रजातियों और नस्लों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मोइया कपूरपुर, जिला पंचायत सदस्य, पशुधन प्रसार अधिकारी,राज बहादुर सिंह, ए.एन. शुक्ला और धर्मेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

शिविर में कुल 412 बड़े पशुओं और 338 छोटे पशुओं का निःशुल्क उपचार किया गया और दवाएं वितरित की गईं।

# रामनगरी को मिलेगी मंडल स्तरीय अत्याधुनिक फॉरेंसिक लैब

(करूणाकर दूबे)

**अयोध्या।** अपराध जांच के क्षेत्र में भी मनगरी अयोध्या नई ऊंचाइयों को छूने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन के तहत यहां मंडल स्तरीय अत्याधुनिक बी-ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। लगभग 47 करोड़ रुपये की लागत से बाग बिजेसी के निकट में बन रही यह पांच मंजिला इमारत अपराधियों के लिए कड़ी चुनौती साबित होगी।

- अब अयोध्या से बाहर नहीं भेजने पड़ेंगे जांच सैंपल, समय व धन दोनों की होगी बचत
- 10266 वर्ग मीटर में आकार ले रही बी ग्रेड लैब, ईपीसी मोड पर चल रहा निर्माण कार्य
- अपराध नियंत्रण और मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान को मिलेगी तकनीकी मजबूती
- 47 करोड़ की बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब को मिली रफ्तार

यह लैब 10266 वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र में फैली हुई है और ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) मोड पर इसका निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है। पहले अयोध्या और आसपास के जिलों के जांच सैंपल्स को लखनऊ, आगरा या अन्य दूरस्थ फॉरेंसिक लैबों में भेजना पड़ता था, जिससे समय और सरकारी धन दोनों की बबादी होती थी। अब यह समस्या जड़ से खत्म हो जाएगी। सैंपल जांच में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा, जिससे न्याय मिलने की प्रक्रिया तेज और प्रभावी बनेगी।इस लैब से अपराध नियंत्रण, विशेषकर मादक पदार्थों के तस्करी और नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को तकनीकी रूप से और मजबूती मिलेगी। डीएनए टेसिंटग, बैलिस्टिक जांच, केमिकल एनालिसिस, साइबर फॉरेंसिक और अन्य आधुनिक तकनीकों से लैस यह प्रयोगशाला वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को सक्षम बनाएगी।

यह परियोजना न केवल अयोध्या बल्कि आसपास के जिलों के लिए वरदान साबित होगी। समय की बचत के साथ-साथ जांच की गुणवत्ता में सुधार से निदोर्षों को जल्द राहत और दोषियों को सजा मिलना सुनिश्चित होगा। रामनगरी में बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब का निर्माण कुल



10266.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किया जा रहा है। जबकि, विभाग के पास मौजूद कुल जमीन 15220 वर्ग मी. में बाकी ओपन स्पेस रहेगा। गृह विभाग के टेक्निकल सेल तथा नियोजन विभाग के समन्वय से ईपीसी मोड पर निर्माण कार्यों को पूरा किया जा रहा हैं।यूपीपीडल्यूडी की ओर से तैयार कराये गए डीपीआर के मुताबिक इसमें दो मंजिला डॉरमेट्री एवं गेस्ट हॉउस 395.90 वर्ग मीटर में, गैरेज एन्ड एलायड बिल्डिंग 250.20 वर्ग मीटर में, मैसेंजर व गॉर्ड रूम 89 वर्ग मीटर में, वर्कशॉप 42 वर्ग मीटर में, 1000 किलोवाट से ज्यादा क्षमता का विद्युत व पंप रूम 51.50 वर्ग मीटर में निर्मित कराया जा रहा है।स

ाथ ही, 100 किलो लीटर क्षमता की उपरगामी टंकी, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग और बाउंड्रीवॉल जैसे निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने 2017 से पहले प्रदेश में मात्र चार फॉरेंसिक लैबों की स्थिति को बदलते हुए अब 12 लैबों का संचालन शुरू कर दिया है, जबकि अयोध्या सहित छह अन्य जिलों (बस्ती, बांदा, आजमगढ़, मीरजापुर और सहारनपुर) में नई लैबों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अयोध्या की यह बी-ग्रेड लैब मंडल मुख्यालयों में फॉरेंसिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग निर्माण (खण्ड-दो) उमेश चन्द्र ने बताया बी ग्रेड फॉरेंसिक साइंस लैब का 91 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। लैब की स्थापना से अपराध नियंत्रण व अन्वेषण, अनुसंधान तथा मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने में त्वरित व प्रभावी मदद हासिल हो सकेगी।

## कोई भी पात्र मतदाता सूची से न छूटे

**अयोध्या।** विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने करियप्पा व देवकाली मंडल के प्रमुख महानगर पदाधिकारियों एवं शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ अंगूरीबाग स्थित एक गेस्ट हाउस में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में पहले चरण में किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए दूसरे चरण की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने निर्देश दिया कि दूसरे चरण में बूथ स्तर तक सक्रियता और बढ़ाई जाए तथा पात्र मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने, त्रुटियों के सुधार और मृतक मतदाताओं के नाम हटाने का कार्य पूरी गंभीरता से किया जाए।

उन्होंने कहा कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए, इसके लिए कार्यकताओं को घर-घर संपर्क कर जागरूकता फैलानी होगी। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि संगठनात्मक समन्वय के साथ कार्य करते हुए दूसरे चरण को लक्ष्य आधारित बनाया जाए। शक्ति केंद्र संयोजकों की भूमिका को अहम बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक शक्ति केंद्र पर कार्ययोजना बनाकर जिम्मेदारियां तय की जाएं। उन्होंने तकनीकी संसाधनों के सही उपयोग, ऑनलाइन आवेदन की जानकारी और समयबद्ध फॉलोअप पर विशेष जोर दिया।

## श्रीराम के प्रबंधन सिद्धांतों से मिला सुशासन का संदेश

**अयोध्या।** भगवान श्रीराम की पावन जन्मभूमि अयोध्या में स्थित पार्क इन बाय रॅडिसन होटल में आयोजित द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) की उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद (एनआईआरसी) द्वारा वार्षिक क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।सम्मेलन का विषय कंपनी सचिव द्द राष्ट्र निर्माण में सहभागी: विकसित भारत एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता हेतु सुशासनह्व रखा गया, जिसमें उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों से 100 से अधिक कंपनी सचिवों एवं पेशेवरों ने सहभागिता की। उद्घाटन सत्र में सीएस हिमांशु हरबोला, अध्यक्ष, आईसीएसआई-एनआईआरसी ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुशासन को सुदृढ़ करने और पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करने में कंपनी सचिवों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने संस्थान द्वारा पेशेवरों और विद्यार्थियों के हित में किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हर्षवर्धन सिंह, प्रदेश महामंत्री, भाजपा युवा मोर्चा (उत्तर प्रदेश) ने युवा नेतृत्व, सुशासन और राष्ट्र निर्माण में पेशेवरों की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कंपनी सचिव जैसे पेशेवर निदेशक मंडलों को सही दिशा और मार्गदर्शन देकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

भारत का विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होना, मजबूत कॉरपोरेट गवर्नेंस का परिणाम है। वहीं डॉ. चंद्रांशु जी महाराज, अयोध्या ने नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति और राष्ट्र निर्माण पर प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र आज भी समाज और पेशेवर जीवन के लिए मार्गदर्शक है।उद्घाटन सत्र का कुशल संचालन सीएस देवेंद्र सुहाग, पूर्व अध्यक्ष, आईसीएसआई-एनआईआरसी ने किया। इस अवसर पर सीएस सुरेश पांडेय, काउंसिल मेंबर, आईसीएसआई ने संस्थान की विभिन्न पहलों, कंपनी सचिव विद्यार्थियों की तैयारी, विकास और पेशे की सुदृढ़ता के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन के तकनीकी सत्र में सीएस आशीष गर्ग, पूर्व अध्यक्ष, आईसीएसआई का सत्र विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने ह्लविकसित भारत, कंपनी सचिव एवं भगवान श्रीराम के जीवन से प्राप्त प्रबंधन सिद्धांतह्व विषय पर अत्यंत प्रभावशाली प्रस्तुति दी। अपने संबोधन में सीएस आशीष गर्ग ने भगवान श्रीराम के जीवन से नेतृत्व क्षमता, कर्तव्यनिष्ठा, नैतिकता, दूरदर्शी निर्णय क्षमता और सुशासन जैसे प्रबंधन सिद्धांतों को आधुनिक कॉरपोरेट एवं पेशेवर जीवन से जोड़ते हुए प्रस्तुत किया, जिसे प्रतिभागियों ने खूब सराहा।

सम्मेलन के दौरान सुशासन को मजबूत करने, नीति निर्माण में कंपनी सचिवों की भूमिका और भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने जैसे विषयों पर सार्थक्हरबोला, चेयरमैन, आईसीएसआई-एनआईआरसी ने वर्ष 2025 के दौरान उत्तरी दी।

## भाजपा नेत्री ने 225 जरूरतमंदों को बांटे कम्बल



**गोसाईंगंज अयोध्या।** इलाके के देवरा दाऊतपुर गांव की प्रधान व भाजपा नेता शशिप्रभा सिंह ने भीषण ठंड के मद्देनजर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। अपने निवास पर आयोजित कार्यक्रम में लगभग 225 असहाय और जरूरतमंद बुजुर्ग महिला और पुरुषों को कंबल बांटे गए।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ह्लकप्तान सिंहह्ल ने कहा कि कंबल वितरण से लोगों को बढ़ती शीतलहर और कड़कड़ाती ठंड से बचाव में मदद मिलेगी। उन्होंने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी पर जोर दिया कि निर्धन और असहाय लोगों की मदद की जाए। कहा कि जनप्रतिनिधियों को सरकारी सहायता के इंतजार के बगैर भी यथाशक्ति जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने शशिप्रभा के निजी प्रयास की सराहना की। प्रधान शशिप्रभा ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते उनका कर्तव्य है कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति को ठंड से राहत पहुंचाएं। उन्होंने जरूरतमंदों की सेवा को सबसे पुनीत और धार्मिक कार्य बताया। समाजसेवी रामचन्द्र यादव ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे दर्जनों बुजुर्गों और विधवा महिलाओं को इस ठंड में सहारा मिला है। कंबल वितरण के बाद लोगों के चेहरों पर खुशी साफ देखी गई।

## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन

**बहराइच।** दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के निमित्त ऐतिहासिक नगर कीर्तन जिसमें आकर्षक का केंद्र रूस, स्कॉटलैंड सहित कई देशों में अपना करतब दिखाने वाले इंटरनेशनल निशाने खालसा के गुरप्रीत सिंह का ग्रुप और इंडिया गॉट टेलेंट विजेता 4 साल के सुरखाब सिंह रहे।



गुरद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष मनदीप सिंह वालिया ने बताया की दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन पर्व के निमित्त भव्य शोभायात्रा फूलों से सजी अलौकिक पालकी में श्री गुरुग्रंथ साहब जी की अगवानी में पांच प्यारों के साथ पीपल चौराहा से घंटाघर,छावनी,अग्रसेन चौक, डिगिहा तिराहा, गुरुनानक चौक, छोटी बाजार, घंटाघर होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पीपल चौराहा पहुंची जिसमें गौरा,धनौली, डीहवा, मटेरा, हीरा सिंह पुरवा, पयागपुर,फखरपुर की संगत भी शामिल हुई। नगर कीर्तन में स्वच्छता की कमान छोटे बच्चों ने संभाली सड़क में प्रसाद वितरण के बाद सफाई करते हुए चल रहे थे। हजूरी रागी भाई फतेह सिंह जी ने शब्द कीर्तन करते संगत को निहाल किया।

छोटे-छोटे बच्चों ने केसरिया दस्तार सजा के बोले सो निहाल के जयकारे लगाए। नगर कीर्तन में जगह जगह पर सामाजिक संस्थानों और सिखों की तरफ से चाय नाश्ते का स्टॉल लगाया गया। शोभा यात्रा के समापन के बाद हेड ग्रंथी ज्ञानी विक्रम सिंह जी ने सरबत के भले की अरदास की जिसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर चला।इस दौरान संरक्षक मनजीत सिंह शंपी, जगनंदन सिंह, महामंत्री भूपेंद्र सिंह वालिया, जगजीत सिंह,उपाध्यक्ष परमजीत सिंह,देवेंद्र सिंह बेदी,आत्मजीत सिंह, मीडिया प्रभारी परविंदर सिंह सम्मी, जसपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, डा. बलमीत कौर, अर्शदीप सिंह,कुलबीर सिंह, जिक्की सिंह,हरप्रीत सिंह, बाबा अजीत सिंह, पवनप्रीत सिंह, देवेंद्र पाल सिंह, जोरावर सिंह, राजेंद्र कौर, बलजीत कौर,चरणजीत सिंह, कौर, गुरबख्श कौर ,गुरजीत कौर,कुलदीप कौर,रामेंद्र कौर,हरजीत कौर सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू महासंघ जिलाध्यक्ष ने की बैठक



**सिद्धौर, बाराबंकी।** विश्व हिन्दू महासंघ के तत्वाधान मे सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण में बांग्लादेश मे हो रहे अत्याचार के विरोध मे बैठक की गई। बैठक का शुभारम्भ ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष दीप्तांशु निगम ने समस्त हिन्दू जनमानस से एकजुट होने की अपील की। तथा बंगलादेश में हो रहे हिन्दुओं पर अत्याचार पर सरकार से रोकथाम व उनकी सुरक्षा की मांग उठाई। और जातिपाती को मिटा कर एकजुट हो कर देश व धर्म के दुश्मनों के खिलाफ युद्ध के लिए तैयारी करने की बात की। बैठक मे जिला संगठन मंत्री रामू गुप्ता, राधेश्याम मिश्रा, मंडल प्रभारी अयोध्या रवि सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक मे मंदिर महंत अनिलपुरी महराज, पंकज मौर्या, अजय राजपूत, बालक राम राजपूत, हरीश रावत, मुकेश राजपूत, मुकेश निगम, सुभाष रावत, अर्जुन सिंह, रामकिशोर रावत, अनुज गुप्ता, रामसजीवन पाठक, बालाजी मंदिर व्यवस्थापक अनुज नाग पास, अरविंद तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सावित्री बाई फूले ने छुआछूत, जातिवाद के खिलॉफ आवाज उठाईः डॉ. पी.एल पुनिया




**बाराबंकी।** सावित्री बाई फूले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं महान समाज सुधारिका और मराठी कवियित्री थी। उन्होने छुआछूत और जातिवाद के खिलॉफ मजबूती से आवाज उठाई एवं विधवाओं के साथ होने वाले शोषण के खिलॉफ उन्होने इस ग्रह की स्थापना की। उक्त उद्गार ओबरी स्थित सांसद आवास में सावित्री बाई फूले की जयन्ती पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित एवं नमन करते हुये कही। जयन्ती के जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, ज्ञानेश शुक्ला, के0सी श्रीवास्तव, इरफान कुरैशी, रामहरख रावत, विजयपाल गौतम, लल्लन शाह वारसी, सन्तराम गौतम, कमलेश गौतम, जयन्त गौतम, अरविन्द सिंह, मोहम्मद सैय्यद अरशद, अलाउद्दीन, असलम राईन मौजूद रहे।

## सावित्रीबाई फुले की जयंती पर आप ने की श्रद्धांजलि सभा और विचार संगोष्ठी का आयोजन



**बाराबंकी।** देश की पहली महिला शिक्षिका, महान समाज सुधारक और नारी मुक्ति आंदोलन की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले की जयंती पर आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह के नेतृत्व मे श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सभा से पूर्व पदाधिकारियो ने शहीद स्थल पर माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। और उनके संघर्ष, शिक्षा-दृष्टि व सामाजिक समानता के विचारों पर विस्तार से चर्चा की। श्रद्धांजलि सभा नन्हे राम यादव, अजय वर्मा, चांद बाबू, आफताब, अरविंद यादव, रवि पांडे, अफसाना बानो, नियाज अहमद, रेहान, सलाहुद्दीन, नफील खान शमीम आदि मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब ने वृद्धजनों को कंबल बांटे




**बहराइच।** नव वर्ष पर रोटरी क्लब ने कपकपाती ठंड में असहाय वृद्धजनों को राहत पहुँचाने के लिए मेगा कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। मोनी बाबा आश्रम एवं घंटाघर चौराहा पर आयोजित इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सदस्यों ने भारी संख्या में मौजूद वृद्ध जनों को कंबल बांटे।इस अवसर पर रोटेरियन डी पी सिंह, रोटेरियन अनिल सिंघर, रोटेरियन सुशील, रोटेरियन अनिल गुप्ता, रोटेरियन अध्यक्ष कैलाश जालान, सचिव रामेश्वर रस्तोगी, रोटेरियन आशीष कंसल, और रोटेरियन व गल्ला मंडल अध्यक्ष प्रमोद डालमिया जी ने विशेष रूप से भाग लिया। प्रमोद डालमिया जी ने मौनी बाबा आश्रम में कई लोगों को अपने हाथों से कंबल वितरित किए।रोटरी क्लब बहराइच के सदस्यों ने इस अवसर पर कहा कि वे समाज के असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं। क्लब ने सभी का आभार प्रकट किया और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।

# श्री गुरु गोबिन्द सिंह के प्रकाशोत्सव से पूर्व शहर में निकली शोभा यात्रा

सरदार परमजीत सिह विक्की

**बाराबंकी।** लाजपत नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा प्रबन्धक कमेटी द्वारा सिक्खों के दसवे गुरु श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में शहर मे नगर कीर्तन व शोभा यात्रा बड़े ही धूम-धाम के साथ निकाली गई। ह्यपंच प्यारोह्ल की अगुवाई में गुरु महाराज की शाही सवारी गुरुद्वारा परिसर से शुरू होकर बेगमगंज, छाया, राजकमल, ईदगाह, सट्टी बाजार, घंटाघर, धनोखर, निबलेट तिराहा, होते हुए पुनः गुरुद्वारा परिसर पहुंची। शोभा यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

शाही सवारी में इस वर्ष न्यू हालैंड टैक्टर की सेवा लालपुर करौता के सरदार अवतार सिंह, डी0जी ट्रक की सेवा पीलीभीत के प्रसिद्ध गायक कवलजीत सिंह प्रिन्स द्वारा अद्भुत प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही 50 वर्षो मे पहली बार आधुनिक सुविधाओ के युक्त सिक्ख यूथ क्लब पदाधिकारियो गोबिन्द सिंह, जसमीत सिंह व दिल्ली से आये सिंगर हैप्पी रंधावा व साथियों द्वारा शब्द कीर्तन गायन कर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। तो वही पंजाब से आये गतका पार्टी वीर खालसा दल के हेड़ कवलजीत सिंह की टीम द्वारा अद्भुत करिश्मे दिखाये गये। इसके अतिरिक्त मधुर धुन के लिए अमृतसर (पंजाब) से हालदा पाइपर बैण्ड पार्टी के हेड़ कुलदीप सिह व अमृतसर से बाज लेकर आये शास्त्रधारी कवि राजेन्द्र सिंह ने शोभा यात्रा को एक अलग रुप में प्रदर्शित किया। हजुरी रागी जत्था तीरथ सिंह व साथियों द्वारा कीर्तन-जसगायन किया गया। तो वही दूसरी तरफ शाही सवारी के आगें गुरु महिमा अनुसार सिक्खी महिलाओ द्वारा सेवा स्वरुप झाडू व पुष्प की वर्षा की जा रही थी। तो वही लैय्या मंडी स्थित श्रीमती गुरबचन कौर, पत्रकार सरदार परमजीत सिंह, अधिवक्ता सरदार भूपिन्दर पाल सिंह द्वारा शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं की सेवा व गुरु महाराज के सत्कार हेतु प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों समेत बुद्धजीवियों ने हिस्सा लिया। प्रसाद वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा, पूर्व एमएलसी हरगोबिन्द सिंह, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, नेत्र चिकित्सक डा0 विवेक वर्मा, पूर्व सांसद डा0पी0एल0पुनिया द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। इसके अलावा मुख्य सेवादारो के रुप में भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज गुप्ता पंकी, वरिष्ठ अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन, टैक्स बार अध्यक्ष पवन वैश्य, संजीव बक्शी, जिला बार एसो0 पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर, नरेश कुमार सिंह, समाजवादी पार्टी नेता ज्ञान सिंह यादव, पं0 प्रित्यूशकान्त शुक्ला, मंझपुरवा वार्ड सभासद प्रतिनिधि अवधेश आरिफ, अधिवक्ता श्याम सिंह, आसिफ अहमद खान ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



- न्यू हालैड़ ट्रैक्टर, डीजी ट्रक व सिक्ख यूथ क्लब पदाधिकारी रहे मुख्य आकर्षण
- पंजाब की गतका पार्टी बीर खालसा दल ने दिखाये अदभूत करतब
- पूरें मार्ग पर श्रद्धालुओं ने की पालकी साहब पर फूलों की वर्षा
- जनपद के जनप्रतिनिधियों ने दर्शन कर मांगी अमन-चैन की दुआ

## सुरों के सितारे सीजन 2 की चैम्पियन बनी अंजली



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर क्षेत्र के बारुन चैराहा निवासी लक्ष्मी शरण कसौधन की पुत्री अंजली कसौधन ने अवध धाम महोत्सव में ह्लसुरों के सितारे सीजन 2ह्व का प्रतिष्ठित खिताब जीतकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।अयोध्या जिले के नाका हनुमानगढ़ी के निकट नीलकंठ लान में आयोजित अवध धाम महोत्सव में देर रात फाइनल मुकाबला हुआ।

मुख्य अतिथि हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने गायिका अंजली कसौधन को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किया। अपनी सफलता का श्रेय अंजली कसौधन ने अपने माता-पिता और गुरू देव प्रसाद पाण्डेय को दिया। उन्होंने कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन और प्रेरणा के कारण ही वह यह खिताब जीत पाई हैं। अंजली की इस उपलब्धि पर बारुन चैराहा क्षेत्र में खुशी की लहर है। स्थानीय निवासी मोहम्मद अकरम ने कहा कि अंजली ने पूरे बारुन क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अजीत मौर्य, पूर्व प्रधान राजकुमार यादव, शिवराम साहू, रवि साहू, डॉ दुर्गा प्रसाद, संदीप कसौधन, शिवम साहू, संतोष साहू, सुनील पाल, प्रेम जायसवाल, हरबंस यादव, दिनेश यादव, विष्णु गुप्ता, गुड्डू यादव, राजेंद्र यादव, प्रेमचन्द, रामकुमार मोदनवाल, मोहम्मद असलम, राज कुमार गुप्ता, अवधेश कसौधन सहित कई अन्य लोगों ने अंजलि और उनके परिवार को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरूक



**बहराइच।** अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

संक्षेप

## डीसीएम लोहे की दुकान से टकराया

**जायस, अमेठी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वहाबगंज स्थित मदीना मस्जिद के पास को एक उस्ट वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी लोहे की दुकाननुमा गुमटी से जा टकराया। हादसे में गुमटी को भारी नुकसान पहुंचा, वहीं दुकान में रखा लोहे का सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन तेज गति में था और अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह दुर्घटना हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गुमटी का ढांचा क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि इस हादसे में करीब दो लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। सौभाग्यवश इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जायस पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## शिव फाउंडेशन ने कम्बल बांटे

**रायबरेली।** लालगंज के निरालानगर में शिव फाउंडेशन द्वारा भारत हॉस्पिटल में नववर्ष के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया ,जिसमे 11 लोगों ने स्वेच्छा से अपने रक्त का दान किया ताकि जरूरत मंद को ये ब्लड इस्तेमाल किया जा सके। ब्लड डोनेट करने वाले युवा साथियों को संस्था शिव फाउंडेशन द्वारा प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। शिव फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉक्टर शिवम मौर्य ने बताया कि हमारी संस्था पिछले 2वर्षों से लगातार सामाजिक कैप जैसे स्वास्थ्य शिविर, नेत्र शिविर, पौधारोपण, अस्पतालों में भर्ती मरीजों को फल वितरण जैसे कार्यक्रम को आयोजन पिछले 2 वर्षों से लगातार कर रही है। ,शिव फाउंडेशन के संरक्षक डॉक्टर कदीर अहमद द्वारा आये हुए असहाय लोगों को इस ठिठुरती ठंड से बचने के लिए गर्म कम्बलों का वितरण किया। इस मौके पर डॉक्टर इफ्तेखार अहमद, गुफरान, शिवम कुशवाहा, अनिल सोनकर , समाज सेवी राजेश फौजी, डॉक्टर कफील अहमद, महेश मौर्य, दानिश आदि लोग उपस्थित हुए ।

## युवक को लाठी-डंडों से पिटा, तीन पर केस दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** पूरे ठाकुर मजरे टीसाखानापुर गांव के एक युवक को लाठी-डंडों से पिटाई का मामला सामने आया है। घायल युवक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन लोगों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला पूरे ठाकुर मजरे टीसाखानापुर गांव का है। गांव निवासी पूनम पत्नी राजेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका पति राजेश 30 दिसम्बर को देर रात भुकवा गांव स्थित मंदिर पर हो रही भागवत कथा सुनकर घर लौट रहा था तभी गांव के पास पुलिया पर पहले से घात लगाए बैठे सुखदेव ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। राजेश किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागे और घर पहुंचे। आरोप यह भी है कि राजेश के घर पहुँचने के बाद पीछे से सुखदेव अपनी पत्नी धनावती और बेटी ललिता के साथ वहां पहुंचकर तीनों ने मिलकर फिर से राजेश को जमकर पीटा। जिससे उसका सिर फट गया और हाथ की हड्डी टूट गई। चंदापुर थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सुखदेव, उसकी पत्नी और बेटी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# बाईपास पुल बंद, टोल लिये जाने का व्यापार मंडल ने किया विरोध

## पुल निर्माण में मानक विहीन सामग्री लगाने का लगाया आरोप



**लालगंज, रायबरेली।** उपउद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज अध्यक्ष विवेक शर्मा व जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने व्यापारियों के साथ लालगंज बाईपास रेलवे ब्रिज पर पहुंचकर प्रदर्शन कर विरोध जताया है और कहा है जब रायबरेली फतेहपुर मार्ग पर दो-दो पुल बंद है तो ऐहार टोल प्लाजा को बंद कर लोगों से की जा रही टोल टैक्स की अवैध वसूली को भी बंद किया जाये। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा पूर्व में भी लालगंज फतेहपुर हाईवे चालू होने के बाद ही बाईपास का पुल टूट गया था लेकिन फिर भी टोल टैक्स की वसूली हो रही थी अब जबकि लालगंज बाईपास पुल सहित गेगासो पुल भी बंद चल रहा है तो टोल टैक्स लेना सरासर जनता के साथ नाइंसाफी है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि 3 महीने में ही पुल का फिर से एक बार क्षतिग्रस्त होना अपने आप में भ्रष्टाचार का जीता जागता नमूना है। नेशनल हाईवे के अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और उन्हें जनता की दिक्कतों से कोई लेना-देना नहीं है तभी तो लालगंज रेलवे ब्रिज निर्माण के समय नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने निरीक्षण करना उचित नहीं समझा और पुल निर्माण करने वाली कंपनी ने मानक विहीन निर्माण कर एक बार फिर सरकार को भी संदेह के घेरे में ला खड़ा किया है। जिलाध्यक्ष रोहित सोनी और व्यापार मंडल महामंत्री शिवम गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन ने कहा कि रायबरेली कहने को तो वीआईपी जिला है लेकिन जनपद के निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि रेलवे पुल की स्लैप में पांच बाई तीन की सरिया डाली गई है और साथ ही स्लैप में मसाला भी बहुत ही गड़बड़ लगाया गया है जिससे पुल के ऊपर की स्लैप डैमेज हुई है। महज साढ़े 6 इंच की ही स्लैप डाली गई है। वास्तव में जिस जगह से पुल का स्थान शुरू होता है वहां पर पूरी सड़क ही दब गई है। शनिवार को कंपनी के मजदूर धंस गई सड़क की स्लैप को तोड़ रहे थे लेकिन कोई भी इंजीनियर स्तर का अधिकारी मौजूद नहीं था। जिससे यह जाहिर होता है कि लालगंज के बाईपास पुल को अधिकारी बिल्कुल तवज्जो नहीं दे रहे हैं। अर्पित गुप्ता, शीलू त्रिवेदी, शानू बाजपेई, रणविजय सिंह, संजय सिंह, मोहनलाल गुप्ता सहित व्यापार मंडल के अन्य लोगों ने लालगंज बाईपास पुल के निर्माण में हुए भ्रष्टाचार और टोल टैक्स की वसूली को लेकर सोमवार को डीएम के तहसील दिवस में जबरदस्त विरोध जताने की बात कही है।

# अमेठी में नकली खाद व रसायन निर्माण का मामला, कॉलेज की भूमिका जांच के घेरे में

जिला संवाददाता (vol)

**अमेठी।** जनपद में नकली खाद और रसायन बनाने की फैक्ट्री के भंडाफोड़ के बाद अब शिक्षा संस्थान की भूमिका को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। किसान संगठनों की शिकायत के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए डिस्ट्रिक्ट इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल्स (उब्बर) ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। यह समिति पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसान संगठनों द्वारा यह शिकायत दर्ज कराई गई थी कि प्रमोद आलोक इंटरमीडिएट कॉलेज के परिसर अथवा उससे जुड़े क्षेत्र में मान्यता की शर्तों का उल्लंघन करते हुए अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। शिकायत में आरोप लगाया गया कि कॉलेज परिसर का उपयोग शिक्षा के बजाय संदिग्ध और गैरकानूनी कार्यों के लिए किया गया, जिससे न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए बल्कि किसानों के हितों को भी नुकसान पहुंचा। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए डीआईओएस अमेठी डॉ. राजेश द्विवेदी ने तत्काल प्रभाव से तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया। उन्होंने बताया कि गठित समिति कॉलेज परिसर में कथित अवैध गतिविधियों से जुड़े सभी आरोपों की बिंदुवार जांच करेगी। समिति को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वह विद्यालय की मान्यता से जुड़ी सभी शर्तों के अनुपालन की भी जांच करे और यह स्पष्ट करे कि कहीं मान्यता की आड़ में नियमों का उल्लंघन तो नहीं किया गया।

जांच समिति का नेतृत्व जीआईसी सोनारी कला के प्रधानाचार्य करेंगे। वहीं, जूनियर हाईस्कूल मंगरा के प्रधानाध्यापक सहित एक अन्य जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक को समिति का सदस्य बनाया गया है। समिति को निर्धारित समय के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। इस पूरे मामले ने शिक्षा विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित संस्थान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें मान्यता रद्द करने से लेकर कानूनी कार्रवाई तक शामिल हो सकती है। फिलहाल जांच समिति के गठन के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। किसान संगठनों ने भी निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब सभी की निगाहें जांच समिति की रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो इस मामले की असल सच्चाई सामने लाएगी।

# कड़ाके की सर्दी में इंडियन बाटलिंग संयंत्र अमेठी की पहल, जरूरतमंदों को कंबल बांटे



**सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए इंडियन वाटलिंग संयंत्र अमेठी के तत्वावधान में जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मानवीय पहल के तहत ठंड से जूझ रहे लोगों को कंबल भेंट कर राहत पहुंचाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य शीतलहर के प्रकोप से प्रभावित गरीब व असहाय वर्ग को संरक्षण देना रहा। कंबल वितरण के साथ-साथ आमजन को ठंड के मौसम में एलपीजी कनेक्शन के सुरक्षित उपयोग को लेकर भी जागरूक किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि सर्दियों में गैस हीटर, चूल्हा अथवा अन्य उपकरणों का प्रयोग करते समय विशेष सावधानी बरतें, रसोई में वेंटिलेशन बनाए रखें तथा गैस रिसाव की स्थिति में तुरंत संबंधित एजेंसी को सूचित करें। कार्यक्रम में कूरेभार इंडियन गैस सर्विस के प्रबंधक सुरेश चंद्र दूबे, शिवालय इंडियन गैस सर्विस के राजेश मिश्र, कंपनी की ओर से फील्ड अफसर गुफरान हसीब, परितोष, राकेश कुमार राणा, शिखा सिंह, रामेंद्र सिंह एवं नवीन कुमार की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी ने संयुक्त रूप से जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए और ठंड से बचाव के उपाय बताए। स्थानीय लोगों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से न सिर्फ जरूरतमंदों को राहत मिलती है, बल्कि समाज में सुरक्षा और जागरूकता का संदेश भी जाता है।

## कस्बे में सर्दी से हाहाकार, ग्राम प्रधान व तहसील प्रशासन की उदासीनता उजागर

**शुकुल बाजार, अमेठी ।** कस्बे में कड़ाके की ठंड और शीतलहर ने जनजीवन को पूरी तरह बेहाल कर दिया है। बावजूद इसके ग्राम प्रधान व तहसील प्रशासन की उदासीनता थमने का नाम नहीं ले रही है। कस्बे के प्रमुख चौराहों पर अलाव की कोई व्यवस्था न होने से आम नागरिकों के साथ-साथ ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी और पीआरडी जवान भी ठंड से जूझने को मजबूर हैं। स्थिति यह है कि चौराहों पर तैनात जवान ठंड से बचने के लिए निजी दुकानों पर बैठकर अलाव तापते दिखाई दे रहे हैं। प्रशासनिक व्यवस्था न होने के कारण सुरक्षा कर्मियों को भी निजी इंतजाम का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे न केवल सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष ठंड के मौसम में ग्राम पंचायत व तहसील प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाती थी, लेकिन इस बार अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मजबूरन दुकानदार और समाजसेवी अपने स्तर से राहगीरों व जवानों के लिए अलाव की व्यवस्था कर रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि ग्राम प्रधान और तहसील प्रशासन तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रमुख चौराहों पर अलाव व ठंड से बचाव की समुचित व्यवस्था कराए, ताकि शीतलहर से परेशान लोगों को राहत मिल सके।

## इमली के पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव में शनिवार सुबह इमली के पेड़ से गिरकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। भटपुरा गांव निवासी अमरजीत (30) पुत्र श्रीराम शनिवार सुबह करीब नौ बजे गांव में ही स्थित इमली के पेड़ पर उसका फल तोड़ने के लिए चढ़ा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से उसका पैर फिसल गया और वह पेड़ से नीचे गिर पड़ा। ऊंचाई से गिरने के कारण अमरजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे आनन-फानन में एंबुलेंस से कूरेभार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अमरजीत तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मौत से पिता श्रीराम, माता सीतापती सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष कूरेभार विजयन्त मिश्र ने बताया सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बीएसएफ से सेवानिवृत्त होकर लौटे इंस्पेक्टर का हुआ स्वागत



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** सीमा सुरक्षा बल में इंस्पेक्टर पद पर सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त होकर अपने पैतृक गाँव कूरेभार ब्लॉक के महमूदपुर पहुँचे सुरेंद्र प्रताप सिंह का क्षेत्र में जोरदार स्वागत किया गया। उनके आगमन पर रेलवे स्टेशन सहित गाँव में लोगों ने फूल-मालाओं और जयकारों के साथ सम्मान किया। सेवानिवृत्ति के उपरांत जैसे ही श्री सिंह अपने गृह क्षेत्र पहुँचे, ग्रामीणों और शुभचिंतकों में उत्साह देखने को मिला। स्टेशन पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सर्वेश वर्मा, सत्यवीर सिंह, दामोदर सिंह, शुभम सिंह, विनोद सिंह, आनंद सिंह, कुलश्रेष्ठ सिंह, शिवप्रसाद वर्मा, प्रमोद यादव, अजीत पाल, राम कुमार यादव, जगन्नाथ सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने श्री सिंह के अनुशासित सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वहीं, सुरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का स्नेह और सम्मान उनके लिए गर्व की बात है। गाँव में उनके आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहा और लोगों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

# तीन दिवसीय पारंपरिक और ऐतिहासिक मेले का समापन

जिला संवाददाता (vol

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के सलेथू ग्राम पंचायत अंतर्गत महराजगंज-बछरावां रोड पर स्थित सूरदास बाबा कुटी में एक जनवरी से आयोजित तीन दिवसीय पारंपरिक एवं ऐतिहासिक मेला शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। विशाल जनसमूह की मौजूदगी के बावजूद यह आयोजन मेला कमेटी, ग्राम प्रधान, उनके प्रतिनिधि, प्रशासन तथा श्रद्धालुओं के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।

मेले के दौरान सुरक्षा, साफ-सफाई एवं धार्मिक अनुष्ठानों की बेहतर व्यवस्था देखने को मिली, जो भारतीय संस्कृति, आस्था और प्रशासनिक समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण रही। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सूरदास बाबा कुटी में मत्था टेककर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मेले के प्रथम दिवस एक जनवरी को



ग्राम प्रधान एवं उनके प्रतिनिधि आरपी साहू द्वारा मेले में पधारे साधु-संतों को भोजन कराकर अंगवस्त्र एवं दक्षिणा भेंट की गई। तीनों दिनों तक लोक संगीत, नृत्य, धार्मिक प्रवचन, भजन तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। सूरदास बाबा कुटी मेला क्षेत्र का सबसे बड़ा और शांतिपूर्ण धार्मिक समागम माना जाता है। मेले के सफल आयोजन में मेला कमेटी की सक्रिय भूमिका, प्रशासनिक दक्षता और श्रद्धालुओं की अनुशासित सहभागिता अहम रही।

प्रधान प्रतिनिधि आरपी साहू ने बताया कि सूरदास बाबा कुटी का पारंपरिक तीन दिवसीय मेला इस वर्ष भी पूर्णतः शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। यह मेला धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और उत्कृष्ट व्यवस्थापन का सुंदर उदाहरण है। ग्राम एवं क्षेत्रीय लोगों की भागीदारी से आयोजन सफल हुआ, जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

# सपा कार्यालय में मनायी गयी सावित्री बाई फुले की जयंती

**गौरीगंज, अमेठी ।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक एवं भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती का आयोजन पार्टी मुख्यालय गौरीगंज में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले के शिक्षा, सामाजिक न्याय और समानता से जुड़े विचारों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा से प्रेरित होकर पारसनाथ यादव ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी पदाधिकारियों ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ह्लसमाजवादी पार्टी हमेशा से सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता की पक्षधर रही है। सावित्रीबाई फुले जैसी महान समाज सुधारक के विचार आज भी हमें नई दिशा देते हैं। पार्टी को मजबूती देने के लिए नए साथियों का जुड़ना भविष्य के संघर्ष को और सशक्त करेगा। जिला प्रवक्ता राजेश मिश्र ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक समरसता सबसे अधिक प्रभावित हुई है। समाजवादी पार्टी ही एकमात्र ऐसी ताकत है जो वंचितों, किसानों, युवाओं और शिक्षकों की आवाज मजबूती से उठा रही है। वहीं नदीम अशरफ जायसी ने कहा कि ह्लसावित्रीबाई फुले ने शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का जो सपना देखा था, समाजवादी पार्टी उसी विचारधारा को आगे बढ़ा रही है। आज जरूरत है कि हम संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट हों।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरशद अहमद एडवोकेट, नदीम अशरफ जायसी, जिला प्रवक्ता राजेश मिश्र, मनीराम वर्मा, महेंद्र यादव, सूबेदार यादव, सी.पी. यादव, मनु पाल, बृजेश, शिवकुमार यादव, दीपू तिवारी, सालिया बानो, श्याम लाल कोरी, अवधेश मिश्रा, लालजी यादव, बहरैची गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महान है सावित्रीबाई फुले का ज्ञान व संदेश

**अमेठी।** अम्बेडकर सेवा समिति की ओर से भगवानपुर में सावित्री बाई फुले की 195वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। गीत संगीत के साथ सावित्री बाई फुले के जीवन दर्शन पर विस्तार से संवाद हुआ। छात्र छात्राओं को स्टेशनरी भी वितरित की गई। बच्चों ने सावित्री बाई फुले के जीवन दर्शन पर नाटक भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत बौद्ध धम्म की परम्परा के अनुरूप सामूहिक त्रिसरण पंचशील के साथ हुई। रायबरेली से आए बौद्ध भिक्षु भंते विमल बोधि ने त्रिसरण पंचशील कराया। विशिष्ट अतिथि राम चन्द्र सरस ने सावित्री बाई फुले के जीवन दर्शन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831को महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। उनकी शादी 9वर्ष की कम आयु में ही ज्योतिबा फुले से हो गई। ससुराल आने पर अपने पति के सहयोग से उन्होंने पढ़ाई की और 1 जनवरी 1848को महाराष्ट्र के पुणे में लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला। स्कूल को चलाने के लिए सावित्रीबाई फुले को तमाम पीडा और अपमान सहने पड़े। प्रतिभा बौद्ध ने सावित्री बाई फुले के संघर्षों को नमन और प्रणाम किया, कहा कि माता सावित्री बाई फुले जब स्कूल पढ़ाने जाती थी तो असामाजिक तत्वों द्वारा उनपर गोबर, कीचड़ और पत्थर फेंके जाते थे। सावित्री बाई फुले दो साड़ियां लेकर जाती थी ।एक साड़ी पहनकर जाती थीं और दूसरी साडी झोले में रखती थीं। स्कूल पहुंचने पर गंदी साड़ी उतार देती थी। कक्षाएं समाप्त होने के बाद फिर गंदी साड़ी पहन लेती थी और घर वापस जातीं थीं। शिक्षक श्याम लाल गौतम ने बताया कि सावित्री बाई फुले ने शिक्षिका के साथ मराठी कवि और समाज सुधारक के रूप में भी काम किया। महात्मा ज्योतिबा फुले की मृत्यु के बाद सत्य शोधक समाज का काम उन्होंने ही संभाला।

## पारसपट्टी जल संकट पर प्रशासन सख्त, तकनीकी जांच शुरू, सैंपल लेकर गयी लखनऊ टीम



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पारसपट्टी गांव में चार वर्षों से लंबित ह्यहर घर नल से जल योजना को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम कुमार हर्ष ने संबंधित विभाग को नोटिस जारी किया, जिसके बाद शनिवार सुबह लखनऊ से राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार आर.के. हरदहा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार आर.के. हरदहा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट की कंस्ट्रक्शन क्वालिटी धीमी और संदिग्ध प्रतीत हो रही थी। इसी कारण तकनीकी जांच के लिए टीम के साथ मौके पर आए। उन्होंने बताया कि निर्माण स्थल से ईंट, मसाला और साइड पर मौजूद अन्य सामग्रियों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं, ताकि गुणवत्ता की पुष्टि की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि 12 पुरवों वाले इस गांव में पाइपलाइन का कार्य अभी लगभग 40 प्रतिशत अधूरा है। हालांकि अधिकांश घरों तक आपूर्ति लाइन पहुंचा दी गई है, लेकिन पानी की टंकी के अभाव में जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर, एई और जेई को कार्य में तेजी लाते हुए जल्द से जल्द परियोजना पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर अंकित उपाध्याय, जेई धर्मनाथ, साइड इंजीनियर सुधांशु गर्ग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर सुरेश यादव सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## ग्राम पंचायत पलिया गोलपुर में 14 दिवसीय आर्टिफिशल ज्वैलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**सुलतानपुर (वीओएल)।** ग्राम पंचायत पलियागोलपुर के पंचायत भवन में बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा आयोजित 14 दिवसीय आर्टिफिशल ज्वैलरी निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर ग्राम प्रधान उर्मिला पांडेय ने बताया कि इस प्रशिक्षण में 35 प्रतिभागियों को आर्टिफिशल ज्वैलरी बनाने की कला सिखाई जाएगी, जिसमें 33 महिलाएं शामिल हैं। यह दोस्तपुर विकास खंड में आरसेटी द्वारा आयोजित पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो स्वरोजगार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। इस प्रशिक्षण में महिलाएं न केवल आर्टिफिशल ज्वैलरी बनाने की प्रक्रिया को सीखेंगी, बल्कि इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने का भी अवसर मिलेगा। इस पहल को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है, और वे अपनी नई कला को सिखने के लिए प्रेरित हैं। कार्यक्रम में दोस्तपुर विकास खंड के एडीओ आइएसबी नागेश्वर शुक्ला, एडीओ कॉपरेटिव प्रदीप तिवारी, मेरठ से आए ट्रेनर दिनेश शर्मा, आरसेटी के अमरनाथ, ग्राम प्रधान उर्मिला पांडेय, बीएमएम प्रदीप और अर्जुन प्रसाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं के लिए, बल्कि पूरे समुदाय के लिए एक नई दिशा में कदम बढ़ाने का अवसर है, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा।

# महिला जिला अस्पताल का डीजी हेल्थ ने किया औचक निरीक्षण

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के निदेशक परिवार कल्याण पवन कुमार अरुण ने जिला महिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न विभागों का गहन जायजा लिया और मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया।

निरीक्षण के दौरान डीजी हेल्थ ने ओपीडी विभिन्न वार्ड, लेबर रूम और नवजात शिशु इकाई का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में मौजूद मरीजों से सीधे बातचीत की और उनसे इलाज, दवाओं की उपलब्धता तथा अन्य सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। साथ ही साफ-सफाई, दवाओं की स्टॉक स्थिति और स्टाफ की उपस्थिति की भी विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां नजर आने पर डीजी हेल्थ परिवार कल्याण पवन कुमार अरुण ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मरीजों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पाई गई कमियों को जल्द से जल्द दूर करने का भी आश्वासन अधिकारियों से लिया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) नवीन चंद्रा तथा जिला महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. निर्मला साहू के साथ अस्पताल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। मीडिया के सवालों के दौरान सीएमएस निर्मला साहू काफी घबराई और कतराती हुई नजर आईं, जिससे निरीक्षण के दौरान मिली कमियों की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा रहा है।

# समाजसेवी प्रतुल सिंह ने पेश की मानवता की मिसाल

- 1000 से अधिक गरीबों को कंबल बांटकर दी सर्दी से राहत

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** ठंड की भीषण मार झेल रहे जरूरतमंद परिवारों के लिए एक बार फिर समाजसेवी प्रतुल सिंह ने विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी नेक और पुनीत कार्य किया है। पिछले तीन दिनों में रतासों ग्रामसभा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों अतागंज, सहरी, बरियार का पुरवा, सूबेदार का पुरवा, मंगापुर, भाटन का पुरवा तथा कमालगंज में उन्होंने 1000 से अधिक नए और गर्म कंबलों का वितरण किया ।इस सराहनीय सेवा कार्य में प्रतुल सिंह की बहन व फिल्म अभिनेत्री यामिनी सिंह विशेष भूमिका निभाई । अपनी व्यस्त शेड्यूल के बावजूद उन्होंने इस पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जरूरतमंदों



तक पहुंचकर उन्हें गर्माहट प्रदान की। अभिनेत्री यामिनी सिंह, जो भोजपुरी सिनेमा में अपनी प्रतिभा के लिए जानी जाती हैं, ने इस सामाजिक कार्य के माध्यम से अपनी संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार को एक बार फिर साबित किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शीतलहर और कड़ाके की ठंड में असहाय, गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाना था। इन क्षेत्रों में जहां साधन सीमित हैं और सर्दी का प्रकोप अधिक होता है, वहां ये कंबल न केवल शारीरिक गर्मी प्रदान करने वाले हैं, बल्कि इन परिवारों के चेहरों पर मुस्कान और उम्मीद भी लेकर आए। कंबल वितरण के दौरान रतासों ग्रामसभा के अनेक सम्मानित एवं गणमान्य व्यक्तियों ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इनकी मौजूदगी ने आयोजन को और अधिक प्रेरणादायी एवं सफल बना दिया। समाज के विभिन्न वर्गों के लोग इस पुनीत कार्य में शामिल होकर प्रतुल सिंह के प्रयासों की सराहना करते नजर आए।

यह सेवा कार्य मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक सरोकार और जनकल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। समाजसेवी प्रतुल सिंह का यह प्रयास न केवल ठंड से राहत देता है, बल्कि पूरे समाज के लिए एक संदेश भी है कि सच्ची सेवा से ही समाज का उत्थान संभव है। ऐसे कार्य हमें याद दिलाते हैं कि सर्दियों की कड़वाहट को प्यार और सहानुभूति से आसानी से दूर किया जा सकता है। प्रतुल सिंह और यामिनी सिंह जैसे लोग इस दिशा में निरंतर प्रेरणा स्त्रोत बने रहें, यही कामना है।

संक्षेप

## डिवाइडर से टकरायी कार, दो घायल

**टूंडला।** मथुरा से गोर्वधन की परिक्रमा करके कार से अपने घर शिकोहाबाद परिजनों के साथ वापिस लौट रहे थे, तभी कार टोल प्लाजा के निकट डिवाइडर से टकरा गई। इसमें दो लोग गंभीर घायल हो गये सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए फिरोजाबाद भेजा है। रघुराज सिंह पुत्र महिपाल सिंह निवासी आदर्श नगर थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद अपने परिवारीजनो के साथ मथुरा से गोर्वधन की परिक्रमा करके अपनी कार से अपने घर शिकोहाबाद वापस जा रहे थे। तभी कार टोल प्लाजा पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। जिसमें निखिल पुत्र रघुराज सिंह व धर्मवीर को चोटें आई हैं। जिन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया कार को हाइड्रा से हटवा कर किनारे खड़ा कराया गया। गनीमत रही बड़ा हादसा होने से टला।

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस द्वारा दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना टूण्डला पुलिस द्वारा गैगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त करन पुत्र निर्मल निवासी नगला विष्णु थाना लाईन पार जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। वहीं एक अन्य वांछित अभियुक्त नूतेन्द्र सिंह पुत्र लाखन सिंह निवासी नगला मस्जिद थाना टूण्डला को गिरफ्तार किया गया है।उपरोक्त अभियुक्तों के विरूद्ध थाना पुलिस ने नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा है।

## घर में घुसकर युवक को पीटा, घायल

**शिकोहाबाद।** पुराने विवाद को लेकर पड़ोसी युवक ने एक युवक के घर में घुसकर उस पर हमला कर दिया। मारपीट की घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने थाने में मामले की शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ऋषि कुमार निवासी काजीटोला शुक्रवार को अपने घर पर था। तभी रात 9 बजे करीब पड़ोस में रहने वाले युवक ने अपने दो अन्य साथियों के साथ उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने घर में घुसते ही युवक के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दी। जब पीड़ित के विरोध किया तो पड़ोसी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के सिर में लोहे की सरिया से प्रहार कर दिया। जिससे युवक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। पीड़ित ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पड़ोसी पीड़ित उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

## सुदामा की थोड़ी सी चावल की पोटली भी भगवान को अमूल्य

**ऊसराहार, इटावा।** चित्तरपुरा गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा वाचक रविंद्र शास्त्री ने सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा की मित्रता, त्याग और भक्ति का विस्तार से उल्लेख किया। सुदामा की दीन अवस्था, उनकी निष्काम भक्ति और भगवान कृष्ण द्वारा उनका आदर-सम्मान सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

# मथुरा के प्रसिद्ध रूपा कचौड़ी वाले का 'लाफ्टर शेफ' शो में धमाल

### राष्ट्रीय मंच पर बृज की कचौड़ी ने बिखेरी खुशबू, मथुरा का नाम किया रोशन



**मथुरा।** स्वाद और परंपरा के लिए देशभर में पहचान बना चुकी मथुरा की प्रसिद्ध रूपा कचौड़ी विश्राम घाट अब राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अलग छाप छोड़ रहा है। मशहूर रूपा कचौड़ी वाले ने कलर्स टीवी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'लाफ्टर शेफ' में पहुंचकर न केवल अपनी खास कचौड़ी का स्वाद पेश किया बल्कि मथुरा का नाम भी रोशन किया। कार्यक्रम के दौरान जब रूपा कचौड़ी का जिक्र हुआ और उसके स्वाद से जुड़े किस्से सामने आए तो शो में मौजूद सेलिब्रिटी शेफ और कलाकार भी खुद को तारीफ करने से नहीं रोक सके। देसी स्वाद, पारंपरिक विधि और मथुरा की पहचान बनी कचौड़ी ने सभी का दिल जीत लिया। रूपा कचौड़ी वाला मथुरा में वर्षों से अपने अनोखे स्वाद के लिए जाना जाता है। सुबह-सुबह दुकान पर लगने वाली भीड़ इस बात की गवाह है कि मथुरा ही नहीं, बाहर से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक भी इसका स्वाद लेने जरूर पहुंचते हैं। अब कलर्स टीवी जैसे बड़े मंच पर पहुंचना मथुरा के छोटे व्यापारियों और स्थानीय प्रतिभाओं के लिए भी प्रेरणा बन गया है। 'लाफ्टर शेफ' शो में कचौड़ी के साथ बृज की संस्कृति, खानपान और परंपरा की भी चर्चा हुई। कलाकारों ने मथुरा के खाने की जमकर तारीफ की और कई ने मथुरा आकर खुद कचौड़ी खाने की इच्छा भी जताई। रूपा कचौड़ी वाले के टीवी पर पहुंचते ही मथुरा में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय व्यापारियों, ग्राहकों और बृजवासियों ने इसे पूरे जनपद के लिए गर्व का क्षण बताया। लोगों का कहना है कि इस तरह के मंच से मथुरा की पहचान और मजबूत होती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि टीवी शो में पहचान मिलने से मथुरा के पारंपरिक खानपान और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे छोटे दुकानदारों और स्थानीय व्यवसायों को नई पहचान मिल सकती है।

## 6-7 को होगा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, सांसद हेमा करेंगी उद्घाटन

**मथुरा।** जिला क्रीड़ा अधिकारी राकेश कुमार यादव ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 शासन / जिला प्रशासन / खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग मथुरा के तत्वाधान से 06 एवं 07 जनवरी को जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम गणेशरा मथुरा में जिला स्तरीय मा0 सांसद खेल स्पर्धा एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, बॉलीबॉल, फुटबाल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जायेगा। उक्त खेलों में जिले की 5 विधानसभाओं के प्रथम चयनित महिला/पुरुष, बालक/ बालिकायें खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जिला स्तरीय एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, बॉलीबाल, फुटबाल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिन्टन संसदीय क्षेत्र की उक्त खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन सांसद श्रीमती हेमा मालिनी के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। जिला युवा कल्याण विभाग मथुरा द्वारा विधान सभा स्तर पर चयनित कर भेजे गए प्रथम विजेता खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। जिला स्तर पर प्रतिभाग करने वाले विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

## एआरटीओ ने किया बलदेव राया के ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक

**मथुरा।** उपशासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में परिवहन विभाग मथुरा द्वारा 01.01.2026 से 31.01.2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है, उक्त के क्रम में वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश राजपूत के नेतृत्व में शनिवार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तृतीय दिवस पर यात्रीकर अधिकारी संदीप चौधरी व सुश्री पूजा सिंह ने जनपद के बल्देव तथा राया के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया, साथ ही जनपद के विभिन्न पैट्रोल पम्पों पर नो हेल्मेट, नो फ्यूल कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एआरटीओ राजेश राजपूत ने पैट्रोल पम्प स्वामियों को निर्देशित किया है कि वे किसी भी दशा में जो लोग हेल्मेट वसीट बैल्ट का प्रयोग न कर रहे हों, उन्हें पैट्रोल व डीजल न दें, साथ ही प्रतिष्ठान के सीसीटीवी कैमरों को भी चालू रखें, एआरटीओ ने ग्रामीण जनों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे गाँव की जनता को हेल्मेट की उपयोगिता के बारे में बतलाएँ एवं अपने ट्रैक्टर-ट्रालियों को बिना रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के मार्ग पर संचालित न करें।

## चौमुहा के बाजार मैं दुकान में हुआ अचानक धमाका, सहमे राहगीर



**चौमुहां।** कस्बा के बाजार में दुकान में आग के गुबार के साथ अचानक धमाका हो गया। दुकानदार धमाके के साथ दुकान से बाहर आ कर गिरा। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। धमाके की आवाज सुनकर बाजार में खड़े लोगों में भगदड़ मच गई। परिजन घायल को आननफानन में इलाज के अस्पताल लेकर गए।

कस्बा निवासी अंकुर की बाजार में चैराहे पर परचून व बेकरी की दुकान है। शनिवार शाम को उसने दुकान खोली। आधे घंटे बाद जैसे ही लाइटर जलाया। दुकान में अचानक आग के गुबार के साथ धमाका हो गया। धमाके में दुकानदार घायल हो गया। धमाके की आवाज सुनकर बाजार के दुकानदार सहम गए। परिजन ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

● दुकानदार धमाके के साथ दुकान से बाहर आ कर गिरा, गंभीर घायल हो गया

# चौमुंहा में हुआ एकदिवसीय मैत्री मैच प्रतियोगिता का आयोजन



**चौमुहां।** छाता विधान सभा क्षेत्र के कस्बा चैमुहा स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज के मैदान पर भव्य क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व मंत्री ठाकुर तेजपाल सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक व्यायाम का माध्यम हैं, बल्कि इनसे गांवों में छिपी हुई प्रतिभाएं भी निखरकर सामने आती हैं। ?प्रतियोगिता का मुख्य मुकाबला लायंस क्लब क्रिकेट टीम (ब्रह्म नगर) और बीसीसीआई क्रिकेट टीम (मनी थोक) के बीच खेला गया। बीसीसीआई टीम द्वारा दिए गए लक्ष्य का पीछा करते हुए लायंस क्लब ने शानदार प्रदर्शन किया और 8 विकेट से जीत दर्ज की। राहुल को उनके बेहतरीन प्रदर्शन (2 विकेट और 27 रन) के लिए "मैन ऑफ द मैच" चुना गया। विजेता टीम के कप्तान अजय पहलवान को गोल्ड ट्रॉफी व खिलाड़ियों को गोल्ड कॉइन दिए गए। उप-विजेता टीम के कप्तान डिंपी व खिलाड़ियों को सिल्वर ट्रॉफी और कॉइन प्रदान किए गए।

?खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा, "मेजर ध्यानचंद जैसे महान खिलाड़ियों की जड़ें भी ग्रामीण परिवेश से जुड़ी थीं। गांवों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस उन्हें सही अवसर और मंच की आवश्यकता है" उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से खेल भावना को बढ़ावा मिलता है।

?कार्यक्रम का सफल आयोजन मुख्य आयोजक ध्रुव सिसौदिया व दीनदयाल उर्फ चीचू द्वारा किया गया। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि कारे बाबा, गिर्राज सिंह, कुलदीप सिसोदिया, देवा पहलवान, नरेश उर्फ चैंचू पहलवान, दिनेश सिकरवार, ध्रुव कुमार, विष्णु पहलवान, कान्हा ठाकुर, समाजसेवी कल्याण सिंह, सचिव प्रताप सिंह, और कृष्णा सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग और सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# संस्कृति विवि के 29 विद्यार्थियों को साटा विकास समूह ने दी नौकरी



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के 30 विद्यार्थियों को मशीनिंग उत्पाद डिजाइनिंग के क्षेत्र में विश्वविख्यात कंपनी साटा विकास समूह ने कैंपस प्लेसमेंट के दौरान अपने यहां नौकरी के लिए चयनित किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी है। कंपनी से आए एचआर विभाग के प्रमुख नरेश देशवाल ने बताया कि उभरते भारतीय और एशियाई ऑटोमोटिव बाजारों पर कब्जा करने की दृष्टि से 2007 में स्थापित, साटा विकास, विकास समूह और इटली के साटा स्पा (जिसे पहले मार्टिनेली कहा जाता था) के बीच एक संयुक्त उद्यम है, जो सटीक मशीनिंग के विशिष्ट परिदृश्य में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी है। मोटर वाहन. फिक्स्चर, सटीक मशीनिंग और उच्च तकनीक और उच्च गुणवत्ता वाले घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला के संयोजन को डिजाइन करने में इसकी क्षमताएं मुख्य रूप से यात्री कार, उपयोगिता वाहन में ओईएम के लिए इंजन, ट्रांसमिशन और कंप्रेसर घटकों में तब्दील हो जाती हैं।

संस्कृति प्लेसमेंट सेल के अधिकारी आनंद कुमार तिवारी ने बताया कि कंपनी द्वारा संस्कृति विवि मैकेनिकल डिप्लोमा के छात्र शाहिद, मोहन, योगेश, नरेंद्र, गुड्डू, हेमंत, शिवप्रकाश, भोला, आकाश कुमार, मोहित, प्रेमचंद्र, नरेश कुमार, गौरव सिंह, भूदेव सिंह, भरत, कृष्ण गोपाल, जयकेश, मोहित कुमार, विवेक, ओमप्रकाश, मनोज, सत्यम, आकाश, राहुल राजपूत, भविष्य, नवीन, हेमराज, प्रदीप व दीपक को आफर लेटर दिए हैं। विद्यार्थियों के इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए विवि की सीईओ डी.मीनाक्षी शर्मा और कुलपति प्रो.एमबी चेट्टी ने बधाई दी है। साथ ही उनको कंपनी के साथ मन लगाकर काम करने और विवि का नाम रौशन करने की नसीहत भी दी।

## एसएसपी ने किये सीओ के कार्यक्षेत्रों में परिवर्तन

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस उपाधीक्षकों के कार्यक्षेत्र का पुनर्विभाजन किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार पुलिस उपाधीक्षकों के क्षेत्र बदले गए हैं जबकि शेष अधिकारी अपने पूर्व दायित्वों का निर्वहन यथावत करते रहेंगे। आदेश के अनुसार सुश्री श्वेता वर्मा को क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी से स्थानांतरित कर क्षेत्राधिकारी महावन बनाया गया है। उनके पर्यवेक्षण में महावन व बलदेव थाना रहेंगे। वहीं पीतमपाल सिंह को क्षेत्राधिकारी यातायात से क्षेत्राधिकारी सदर की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिनके अंतर्गत वृंदावन, जैत, जमुनापार एवं राया थाना क्षेत्र आएंगे जबकि संदीप कुमार सिंह को क्षेत्राधिकारी सदर से क्षेत्राधिकारी मांट नियुक्त किया गया है। उनके कार्यक्षेत्र में अब मांट, सुरीर एवं नौहझील थाना शामिल रहेंगे। इसके अलावा अनिल कपरवान को क्षेत्राधिकारी केजेएस (अपराध) से क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी बनाया गया है जिनके अधीन रिफाइनरी, फरह व हाईवे थाना क्षेत्र रहेगा। वहीं आशीष शर्मा को क्षेत्राधिकारी मांट से क्षेत्राधिकारी यातायात तथा संजीव कुमार राय को क्षेत्राधिकारी महावन से क्षेत्राधिकारी केजेएस (अपराध) का दायित्व सौंपा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

## करणी सेना ने यूपी पुलिस भर्ती में सवर्ण अभ्यर्थियों की आयु में छूट की मांग की




**टूंडला।** राजपूत करणी सेना की एक बैठक स्टेशन रोड कार्यालय पर हुई जिसमें जिला अध्यक्ष संजय सिंह परमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा यू पी पुलिस की 32679 भर्ती का जो विज्ञापन जारी किया गया है इसमें सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की आयु सीमा 22 वर्ष है, जबकि ओबीसी और एस सी में 5 वर्ष की छूट के साथ आयुसीमा 27 वर्ष रखी गई है। करणी सेना आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण समाज के छात्र छात्राओं के भविष्य को लेकर चिंतनिय है। संजय सिंह परमार ने मुख्यमंत्री को भेजे प्रार्थना पत्र में पुनः इस भर्ती पर पुर्विचार करने का निवेदन किया है, जिसमें मांग की है कि सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की आयुसीमा भी कम से कम 27 वर्ष होनी चाहिए भले ओबीसी एससी के लिए आप जो सुविधाएं देते रहो हम किसी के खिलाफ नहीं है मगर सवर्ण छात्रों की 22 साल के स्टूडेंट्स को अपना कैरियर चुनने की अच्छे से समझ भी नहीं होती। अतः सवर्ण छात्रों के उज्जवल भविष्य को लेकर राजपूत करणी सेना सवर्ण समाज के हक की लड़ाई लड़ने को तैयार है मुख्यमंत्री आरक्षण पर पुनः विचार करें बैठक में रूपेश शुक्ला सुशील पौनिया दुष्यंत जादौन हरी ओम शर्मा आदित्य सिंह अजीत जूरैल सुरजीत सिंह लोकैश जादौन आदि मौजूद रहे।

## खेत पर परिवार पर हमला आधा दर्जन घायल

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी क्षेत्र के गांव नया बांस में खेत पर काम कर रहे एक परिवार पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में महिलाओं और बच्चों सहित लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कीर्तराम का भाई अपने खेत में पानी लगा रहा था। इसी दौरान गांव के कुछ व्यक्ति लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आईं महिलाओं और बच्चों को भी नहीं बख्शा जिसमें वे भी घायल हो गए। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग घायल हो गए, जिन्हें बाद में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर नारखी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार गिरी ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया गया है। पीड़ित पक्ष से तहरीर मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जुआ खेलते 20 जुआरी गिरफ्तार, 2 लाख 89 हजार रुपये, 3 कार, 2 बाइक बरामद

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा जुआ खेलते हुए 20 अभियुक्तगणों को दो लाख नवासी हजार छः सौ दस रुपए सहित घटना में प्रयुक्त पांच वाहन जिसमें तीन वाहन चार पहिया व दो दोपहिया वाहन व 20 मोबाइलों सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में जुआरियों सटोरियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनुज चौधरी के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आमरी नहर पटरी के पास ग्राम ऊबटी के खेतों में मुन्नालाल पुत्र बाबूराम निवासी ऊवटी थाना शिकोहाबाद की ट्यूबवैल की कोठरी के अंदर कुछ स्थानीय एवं बाहर के लोग जुआ खेल रहे हैं। और सनोज पंडित पुत्र लज्जाराम निवासी नगला जवाहर थाना शिकोहाबाद जुंआ करवाता है। जो जल्द ही जुआ खेलकर उस ट्यूबवैल से निकलने वाले हैं। मुखबिर की सूचना पर थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा 20 जुआरियों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से दो लाख नवासी हजार छः सौ दस रुपए, 165 ताश के खुले पत्ते व दो ताश की गड्डी, 20 मोबाइल, तीन कार, दो मोटरसाईकिल बरामद किये गये। घटना के सम्बन्ध मे थाना पुलिस ने सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तगणो के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गई है।

## 21 लाख से बनने वाले ईंट खड़ंजा निर्माण कार्य का जिपंअ प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन



**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी के प्रतिनिधि देवी सिंह व सुपुत्र पार्थ चैधरी ने ग्राम पंचायत सोन के मौजा नगरिया में पंचायत निधि से 21लाख की लागत से बनने वाले ईंट खरंजा निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। यहां ग्राम प्रधान व सम्मानित सरदारी एवं ग्रामवासियों और ग्रामीणों ने जिपंअ के सुपुत्र पार्थ चैधरी, प्रतिनिधि देवी सिंह का फूलमाला, पटुका एवं स्वाफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। जिपंअ प्रतिनिधि देवी सिंह (डीएम) ने कहा कि लम्बे समय से लोगों को खरंजा न होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ईंट खरंजा निर्माण होने से गांव की बहन-बेटियां सुरक्षित और पक्के रास्ते से आ-जा सकेंगी और कीचड़युक्त रास्तों की समस्या दूर होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बम्बे की पटरियों सहित अन्य गांव की सड़कों को सीसी रोड में विकसित किया जाएगा। आज ग्राम पंचायत सोन के मौजा नगरिया में जिला पंचायत निधि से स्वीकृत रामलाल जाटव के मकान से सैहा की ओर लगभग 21 लाख रुपये की लागत से ईंट-खरंजा निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी के आदेशानुसार किया गया है। यह जनहितकारी विकास कार्य क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करेगा तथा ग्रामीण विकास को नई गति देगा। इस अवसर पर मौजूद विनोद प्रमुख ने बताया इससे पहले भी कई गांव में नाला, पुलिया सहित अन्य विकास कार्यों से लोग जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी की काफी सराहना हो रही है। इस दौरान ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। उक्त विकास कार्य की सभी द्वारा सराहना की गई और सहयोग एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया।

## केएम स्वास्थ्य टीम दे रही है गांव-गांव निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाः किशन चौधरी

**मथुरा।** केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने नये साल के शुभारंभ पर ब्रजवासियों के अच्छे स्वास्थ्य मुहैय्या कराने के लिए अपने केएम हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम को गांव-गांव भेज रहे है, ताकि अधिक ठंड के चलते लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, उन्हें उनके ही गांव व घर पर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा मिल सके। इसी कड़ी में केएम हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम ने पहले दिन गांव अड़ूकी, तारसी में निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प लगाया, जिसमें केएम मेडिकल एंड कालेज के डा. विशेष मोहन सक्सैना, डॉ. मनन, डॉ. श्रीचन्दना, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. अनुज शर्मा, डॉ. तन्मय, डा. गीते जैन, डॉ. दीपक, डा. आंकाक्षा ने मेडीसन, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, बाल रोग व बीपी शुगर एवं हीमोग्लोबिन से ग्रस्त ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क परामर्श दिया। इस दौरान फार्मेसी विभाग ने निःशुल्क दवाएं भी वितरित की। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर बीमार लोगों को स्वस्थ कराना ही मेरी शुभकामना रही है, इस कैंप का मकसद जरूरतमंदों और परेशान मरीजों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाते हुए उन्हें निःशुल्क दवाई आदि देना है और भविष्य में भी आगे भी इसी तरह के कैम्पों का आयोजन किया जाता रहेगा। कैम्प आयोजन में केएम की प्रचार-प्रसार टीम के मैनेजर आमीन खांन, दीपक कंसल सहित ग्राम प्रधानों का विशेष सहयोग रहा है।

## सुरीर पुलिस ने पकड़े दो शातिर, फर्जी आधार कार्ड सिम, एक दर्जन से अधिक एटीएम कार्ड बरामद

**मथुरा।** जनपद के थाना सुरीर पुलिस ने बडी कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेजों के सहारे आर्थिक अपराध की तैयारी कर रहे दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शातिरों के कब्जे से 3 कूटरचित आधार कार्ड, 7 सिम कार्ड और कुल 14 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। थाना सुरोर पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान तेहरा अंडरपास से ओहावा की ओर जाने वाली सर्विस रोड पर कस्बा सुरीर के पास संदिग्ध अवस्था में दो युवकों को रोका। तउनके पास से भारी मात्रा में फर्जी और संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए जिसके बाद दोनों को मौके से जुबेर पुत्र जब्बार निवासी बुद्धा एन्क्लेव लोहिया नगर मेरठ एवं आकिब पुत्र एहसान निवासी भमरा थाना गुलावठी बुलंदशहर को पकड़ा है। आरोपितों के पास से बरामद कूटरचित आधार कार्ड, सिम कार्ड और एटीएम कार्ड का उपयोग साइबर ठगी, बैंक फ्रॉड और अन्य आर्थिक अपराधों में किया जा सकता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभिन्न बैंकों और दूरसंचार कंपनियों से संपर्क कर जांच कर रही है। पुलिस अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास को भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह गिरफ्तारी किसी बडे गिरोह की ओर इशारा कर सकती है। अभियुक्तों से पूछताछ के आधार पर फर्जी दस्तावेज तैयार करने और इनके जरिए

लेन देन करने वाले नेटवर्क की कडियां खंगाली जा रही हैं। इनकी गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अमित कुमार, नितिन तेवतिया, सुनीत कुमार, मनोज कुमार तथा हेड कांस्टेबल महेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# महोत्सव का चतुर्थ दिवसः बैकुंठोत्सव में धनुर्भंग लीला के दर्शन



**वृंदावन।** वृन्दावन रंगनाथ मंदिर में 11 दिवसीय पावन धनुर्मास के अवसर पर भगवान बैकुंठनाथ भक्तों को निज सानिध्य और मुक्ति के मार्ग का अवलंबन कराते हैं। इस दौरान वे माता गोदा जी के साथ विविध लीलाओं का समयोजन कर श्रद्धालु भक्तों की आध्यात्मिक पिपासा को अभिसिंचित करते हुए उनपर कृपा का वर्षण करते हैं। बैकुंठ एकादशी से शुरू गोदारंगमन्नार भगवान के इन दर्शनों को करने के लिए भक्तों में खासा उत्साह रहता है। शुक्रवार को महोत्सव के चतुर्थ दिवस भगवान ने जानकीवल्लभ श्री राम के रूप में दर्शन देकर भक्तों को कृतार्थ किया। चांदी की पालकी पर विराजमान श्री राम अपने हाथों से धनुष की प्रत्यंचा खींच मानो अपने भक्तों के सभी दोषों और संतापों पर प्रहार कर उन्हें निर्भय करने को तत्पर दिखे। उनकी धनुर्भंग लीला के दर्शन भक्तों को हुए।

वहीं जानकी रूपा मां गोदाजी हाथों में वरमाला लिए अपने प्रियतम की प्रतीक्षा में तत्पर दिखीं। धनुर्मास के 11 दिवसीय महोत्सव के दर्शनों में भगवान गोदारंगमन्नार 5 दिन राम चरित्र की लीलाओं और 5 दिन श्री कृष्ण चरित्र की लीलाओं का दर्शन भक्तों को देते है। जबकि एक दिन वे बैकुंठपति नारायण के रूप में दर्शन देते हैं।

## गौशाला ट्रस्टी को मिली धमकी पुलिस से की शिकायत

चैमुहां। मथुरा-वृन्दावन मार्ग स्थित ऐतिहासिक "हासानन्द गोचर भूमि ट्रस्ट" के सदस्य को फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित ने स्थानीय जैंत थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। ?प्राप्त जानकारी के अनुसार, मदन मोहन मालवीय जी द्वारा स्थापित इस प्रतिष्ठित गौशाला के पीड़ित विश्वनाथ को एक जनवरी बृहस्पतिवार की दोपहर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को "श्याम सुंदर फौजी" बताते हुए पीड़ित के साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज की। ?शिकायतकर्ता के मुताबिक, फोन करने वाले व्यक्ति ने आरोप लगाया कि पीड़ित ने उसका मकान तुड़वाया है, जिसका अंजाम उसे भुगतना होगा। पीड़ित ने स्पष्ट किया कि उक्त निर्माण मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के अंतर्गत हटाया गया था, क्योंकि वह जमीन ट्रस्ट की मिल्कियत थी। ?घटना के बाद से प्रार्थी और उनका परिवार भयभीत है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है और कॉल डिटेल्स के आधार पर आरोपी की पहचान पुख्ता करने में जुटी है।

# मालवीय, वाजपेयी सही मायने में थे राजनेता

## राजनाथ सिंह ने दिल्ली विधानसभा में दोनों नेताओं के चित्रों का किया अनावरण

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और शिक्षाविद मदनमोहन मालवीय के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए उन्हें सही मायने में राजनेता बताया।

सिंह दिल्ली विधानसभा में दोनों नेताओं के चित्रों का अनावरण करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने भारत माता विषय पर एक कॉफी टेबल बुक का भी लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौजूद थीं। सिंह ने कहा कि वाजपेयी और मालवीय के चित्रों का अनावरण उनके शब्दों और कार्यों की एक मौन स्मृति है। उन्होंने लोगों से शिक्षा को राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाने का एक साधन मानने का आह्वान किया, जैसा कि मालवीय ने किया था और राजनीति को वाजपेयी की तरह लोक सेवा के रूप में लेने का आग्रह किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि मालवीय और वाजपेयी




सही मायने में राजनेता थे। सिंह ने कहा कि वाजपेयी ने स्वतंत्र भारत में शिक्षा को राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि उनका (वाजपेयी) मानना था कि संकीर्ण मानसिकता से कोई महान नहीं बन सकता और उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि राजनीतिक मतभेद कभी भी कलह में तब्दील न हों। उन्होंने कहा वाजपेयी ने हमें सिखाया कि सत्ता में रहते हुए विनम्र रहना चाहिए और विपक्ष में रहते हुए राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखना चाहिए।

# कश्मीर में पहली बर्फबारी के बाद खिली धूप

## गुलदंडा में उमड़ी पर्यटकों की भीड़, मौसम का लिया आनंद

एजेंसी

भद्रवाह/जम्मू। मौसम की पहली बर्फबारी और उसके बाद खिलती धूप ने जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गुलदंडा को एक मनमोहक शीतकालीन पर्यटन स्थल में बदल दिया है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता से बड़ी संख्या में पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को आकर्षित कर रहा है।

नववर्ष के दिन हुई बर्फबारी ने पिछले साल अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले से बुरी तरह प्रभावित पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को काफी राहत दी है। इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। स्थानीय निवासियों और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि ढाई महीने के बाद मौसम की पहली बर्फबारी होने पर गुलदंडा में 200 से अधिक पर्यटक वाहन पहुंचे। गुलदंडा जम्मू प्रांत में



भद्रवाह-पठानकोट राजमार्ग पर समुद्र तल से 9,555 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। पर्यटकों की अचानक आई भीड़ से पर्यटन कारोबारियों और होटल मालिकों के चेहरों पर खुशी देखी जा सकती है। सभी होटल और होमस्टे पूरी तरह से भरे हुए हैं, जो शीतकालीन पर्यटन के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है। नल्थी-भद्रवाह के होटल मालिक मनीष कोटवाल ने कहा, पहलगाम हमले और भारत-पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के बाद के युद्ध जैसी स्थिति में पर्यटन उद्योग सचमुच नुकसान का सामना कर रहा था।

## संक्षेप

### उर्वरक के दुरुपयोग को रोकेगी सरकार : नड्डा

नयी दिल्ली। केंद्रीय उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को कहा कि सरकार विभिन्न विभागों के समन्वय से संतुलित उर्वरक उपयोग और गैर-कृषि उद्देश्यों के लिए उर्वरकों के उपयोग से संबंधित मुद्दों का समाधान करेगी। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक दिवसीय चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा किसानों को शासन के केंद्र में रखा है और नीतियों का उद्देश्य किसानों के जीवन को आसान बनाना होना चाहिए। उन्होंने कहा विभिन्न चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद विभाग ने किसानों की उर्वरक जरूरतों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। उन्होंने बताया कि किसान हितैषी नीतियों के कारण इस वर्ष रिकॉर्ड उत्पादन हुआ और आवश्यकतानुसार आयात भी किया गया। उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि यह विचार-मंथन सत्र वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में उपयोगी सुझाव देने में सहायक होगा। उर्वरक सचिव रजत कुमार मिश्रा ने कहा कि सरकार ने विचार-विमर्श में किसानों को केंद्र में रखा है।

### आयातित चाय की 100 प्रतिशत होगी जांच

कोलकाता। चाय बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन सी मुरुगन ने शनिवार को भरोसा दिलाया कि देश में सस्ती और निम्न गुणवत्ता वाली चाय के आयात को रोकने के लिए आयात की गुणवत्ता का 100 प्रतिशत परीक्षण किया जाएगा। चाय उद्योग ने शिकायत की है कि नेपाल और वियतनाम जैसे देशों से सस्ती और खराब गुणवत्ता वाली चाय देश में आ रही है, जिससे उद्योग को नुकसान हो रहा है। चाय एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीएआई) की द्विवार्षिक बैठक में मुरुगन ने कहा कि बोर्ड आयात की गुणवत्ता का 100 प्रतिशत परीक्षण करने की प्रक्रिया को औपचारिक रूप दे रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना तैयार की जा रही है, जिसमें 1520 दिन लगेंगे। इसके बाद कानूनी सलाह और वाणिज्य मंत्रालय की मंजूरी ली जाएगी।

### गिग व्यवस्था से डिलीवरी कर्मियों पर दबाव नहीं

नयी दिल्ली। गिग कर्मचारियों की कमाई और कामकाजी परिस्थितियों को लेकर जारी बहस के बीच एटरनल के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपिंदर गोयल ने कहा कि यह व्यवस्था डिलीवरी करने वाले कर्मियों पर दबाव नहीं डालती तथा लचीले कार्य घंटे और कल्याणकारी सुविधाएं गिग कार्य को अनेक लोगों के लिए आय का भरोसेमंद साधन बनाती हैं। एटर्नल के पास खाद्य आपूर्ति कंपनी जोमैटो और क्विक-कॉमर्स फर्म ब्लिंकिट का स्वामित्व है। गोयल ने सामाजिक माध्यम एक्स पर लिखा, वर्ष 2025 में जोमैटो और ब्लिंकिट ने डिलीवरी करने वाले सहयोगियों के लिए बीमा सुरक्षा पर 100 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए।

# अरावली पर्वतमाला का एक तिहाई हिस्सा पारिस्थितिकी जोखिम में

एजेंसी

जयपुर। एक गैर-राजनीतिक पर्यावरण संरक्षण समूह ने अरावली पर्वतमाला पर उपग्रह-आधारित एक विस्तृत अध्ययन रिपोर्ट शनिवार को जारी की जिसमें दावा किया गया है कि इस पर्वत शृंखला का लगभग एक तिहाई हिस्सा गंभीर पारिस्थितिकी जोखिम में है।

वीआर अरावली नाम के समूह ने पूरे क्षेत्र में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। समूह का दावा है कि यह स्वतंत्र विश्लेषण जीआईएस वैज्ञानिकों की एक टीम द्वारा ब्रिस्टल एफएबीडीईएम (बेयर अर्थ मॉडल) के आधार पर किया गया है। ब्रिस्टल एफएबीडीईएम एक उन्नत उपग्रह-आधारित मॉडल है जिसका उपयोग धरती की वास्तविक सतह (पेड़-पौधों, इमारतों आदि को हटाकर) की ऊंचाई मापने के लिए किया जाता है, इसमें एक ऐसा थ्री-डी नक्शा है जो दिखाता है कि जमीन वास्तव में कहां कितनी ऊंची या नीची है-बिना जंगल, मकान या किसी भी मानवीय संरचना के। अध्ययन के अनुसार अरावली की कुल पहाड़ी भूमि का 31.8 प्रतिशत हिस्सा 100 मीटर से कम ऊंचाई का है, जिसे मौजूदा सरकारी मानकों के तहत कानूनी संरक्षण से बाहर कर दिया गया है।

# इंदौर में दूषित पेयजल त्रासदी को लेकर भिड़े भाजपा-कांग्रेस समर्थक

एजेंसी

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर में दूषित पेयजल के कारण उल्टी-दस्त के प्रकोप से लोगों की मौत के बाद सुर्खियों में आए भागीरथपुरा इलाके में कांग्रेस के 45 नेताओं को पुलिस ने शनिवार को एहतियातन गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

देश के सबसे स्वच्छ शहर में सामने आई दूषित पेयजल त्रासदी को लेकर कांग्रेस ने सूबे के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की अगुवाई में जांच समिति बनाई है जिसमें कांग्रेस के दो विधायक महेश परमार और प्रताप ग्रेवाल शामिल हैं। जांच समिति के सदस्य जब कांग्रेस के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ भागीरथपुरा में पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे थे तभी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता वहां जमा हो गए। चश्मदीदों ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने



कांग्रेस के दल को काले झंडे दिखाए और वापस जाओ-वापस जाओ के नारे लगाने शुरू कर दिए। जवाब में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी नारेबाजी शुरू कर दी जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। उन्होंने बताया कि दोनों धुर प्रतिद्वंद्वी दलों के कार्यकर्ता आपस में गुत्थम-गुत्था हो गए और उन्होंने एक-दूसरे पर चप्पलें भी फेंकीं। भारी हंगामे के बीच पुलिस ने कांग्रेस की जांच समिति के सदस्यों और पार्टी के अन्य नेताओं को भागीरथपुरा से बाहर निकाला और केंद्रीय कारागार ले गई। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजेश व्यास ने बताया भागीरथपुरा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बरकरार रखने के लिए 10 महिलाओं समेत 45 लोगों को एहतियातन गिरफ्तार किया गया और बाद में मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर पुलिस ने उन्हें भागीरथपुरा के पीड़ित परिवारों से मिलने से रोका। उधर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस पेयजल त्रासदी पर ओछी राजनीति कर रही है। जिला प्रशासन ने भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप में अब तक छह लोगों की मौत की पुष्टि की है।

# न्यायिक अवसंरचना की दक्षता बढ़ाना जरूरी

एजेंसी

पटना। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका के बुनियादी ढांचे का विकास बेहद जरूरी है ताकि बढ़ती आबादी, बढ़ते मुकदमों और जटिल होते विवादों से संबंधित आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। बिहार के दो-दिवसीय दौरे पर आए सीजएआई पटना उच्च न्यायालय परिसर में बुनियादी ढांचों से जुड़ीं सात परियोजनाओं का शिलान्यास करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे सात परियोजनाओं में एक एडीआर भवन एवं सभागार, एक आईटी भवन, एक प्रशासनिक भवन, बहु-स्तरीय कार पार्किंग, एक अस्पताल, पटना उच्च न्यायालय के कर्मचारियों के लिए एक आवासीय भवन तथा



महाधिवक्ता कार्यालय का एक सौध भवन शामिल हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अपने संबोधन में कहा पटना उच्च न्यायालय के प्रशासनिक ब्लॉक, आईटी ब्लॉक और अन्य सुविधाओं के लिए शिलान्यास अत्यंत महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि इस अवसर का बिहार में और भी गहरा महत्व है, जो भारत की सभ्यतागत स्मृति में एक विशिष्ट स्थान रखता है।

उन्होंने कहा कि न्याय प्रणाली के दक्षता विकास का मतलब है कि उसे बढ़ती आबादी, ज्यादा मुकदमों और जटिल विवादों का सामना करने के लिए तैयार किया जाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि बिहार में हमेशा से यह समझ रही है कि न्याय कई तरह से हो सकता है, और यहां न्याय का मतलब एक ऐसा सही व नैतिक तरीका अपनाना है जो दूसरों के प्रति सहानुभूति, जिम्मेदारी व समाज की सहमति पर आधारित हो। उन्होंने कहा कि अदालतों के पास ऐसे संसाधान होने चाहिए जो न्यायिक शक्तियों का सही व प्रभावी तरीके से उपयोग करने में मदद करें। सीजेआई ने कहा इस प्रयास का पहला आयाम संस्थागत क्षमता है। एक आधुनिक प्रशासनिक भवन न्यायालय के लिए तंत्रिका तंत्र की तरह कार्य करता है।

# उमर खालिद, शरजील व अन्य की जमानत पर पांच को होगी सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले में आरोपी उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं पर पांच जनवरी को फैसला सुनाएगा। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ इन याचिकाओं पर आदेश पारित करेगी। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 10 दिसंबर को दिल्ली पुलिस की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू तथा आरोपियों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, सिद्धार्थ दवे, सलमान खुर्शीद और सिद्धार्थ लूथरा की दलीलें सुनने के बाद आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# अभिषेक बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर कसा तंज

एजेंसी

अलीपुरद्वार (पश्चिम बंगाल)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कथित अवैध मतदाताओं के नाम हटाने को लेकर शनिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 'वैनिश कुमार' कहा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसदों की तुलना 'सांपों' से की, जो अंततः उन लोगों पर हमला करेंगे, जिन्होंने उन्हें वोट दिया था।

बनर्जी ने उत्तर बंगाल में भाजपा का गढ़ कहे जाने वाले अलीपुरद्वार में एक रैली को संबोधित किया। बनर्जी ने अपने 19 दिवसीय राज्यव्यापी अभियान अबार जीतबे बांग्ला (बंगाल फिर जीतेगा) के दौरान



निर्धारित 26 रैलियों में से दूसरी रैली को संबोधित किया। राज्य में 2026 के विधानसभा चुनाव की घड़ी नजदीक आने के मद्देनजर टीएमसी ने निर्वाचन आयोग और भाजपा दोनों पर अपना हमला तेज कर दिया है। बनर्जी ने मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर निर्वाचन आयोग पर सीधा निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पात्र मतदाताओं को मनमाने ढंग से सूची से हटाया जा रहा है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी ने कहा क्या आप ज्ञानेश कुमार को जानते हैं? वह एक जादूगर हैं। वह मतदाता सूची से जीवित प्राणियों को गायब कर सकते हैं और मुर्दों को चला सकते हैं। अब वह वैनिश कुमार हैं। उन्होंने दावा किया कि टीएमसी नेता चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग करते हुए दिल्ली स्थित निर्वाचन आयोग के कार्यालय गए थे। उन्होंने आरोप लगाया, हमने उनसे जानकारी उपलब्ध कराने, सब कुछ सार्वजनिक करने को कहा था। लेकिन अब जादू हो रहा है। जीवित नागरिक गायब हो रहे हैं। बनर्जी ने एसआईआर प्रक्रिया की तुलना नोटबंदी से करते हुए नरेन्द्र मोदी सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

## पेज एक का शेष

### पौष पूर्णिमा

मेले में करीब पांच लाख कल्पवासियों का आज से कल्पवास प्रारंभ हो गया जिसके तहत वे दिन में दो बार गंगा स्नान और एक पहर भोजन लेते हैं और बाकी समय अपने आराध्य देवता का ध्यान, पूजन आदि करते हैं।

उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड पड़ने के कारण सुबह स्नानार्थियों की भीड़ थोड़ी कम थी, लेकिन दिन निकलने के साथ उनकी संख्या तेजी से बढ़ी। पौष पूर्णिमा स्नान के लिए दिनभर लोग आते रहे। मेला प्रशासन के मुताबिक सुबह 10 बजे तक नौ लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया था। प्रयाग धाम संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल ने बताया कि सुबह से ही कोहरा होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक नहीं थी, लेकिन यदि कल्पवासियों की संख्या को जोड़ दें तो शाम तक 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पौष पूर्णिमा का स्नान किया। उन्होंने बताया कि आज शाम चार बजे तक पौष पूर्णिमा स्नान मुहूर्त था। वहीं, कल्पवासियों ने आज स्नान करने के बाद अपने पुरोहित से एक माह के कल्पवास का संकल्प लिया और उसी के अनुसार वे यहां मेले में प्रवास करेंगे। प्रयागराज की मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने पौष पूर्णिमा पर 20 से 30 लाख श्रद्धालुओं के गंगा और संगम में स्नान करने की उम्मीद जताई थी। माघ मेले में 10 हजार फुट क्षेत्र के 10 स्नान घाट बनाए गए हैं और नौ पांटून पुल बनाए गए हैं। कोलकाता से सपरिवार स्नान करने आईं पूजा झा ने कहा कि माघ मेला में आकर बहुत अच्छा लग रहा है। स्नान का पहला दिन होने के कारण भीड़ थोड़ी कम है। हालांकि भीड़ कम होने से लोग आराम से स्नान कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के रीवा से लड्डू गोपाल को लेकर आईं शिवानी मिश्रा ने कहा कि वह महाकुंभ में तीन बार स्नान करने आई थीं और माघ मेले में भीड़ कम होने से अच्छे से स्नान हुआ। एडीएम (माघ मेला) दयानंद प्रसाद ने बताया कि पहली बार माघ मेला क्षेत्र में कल्पवासियों के लिए एक अलग से नगर बसाया गया है। 950 बीघे में बसाए गए इस नगर को प्रयागवाल नाम दिया गया है। नागवासुकी मंदिर के सामने गंगा नदी के पार इसे बसाया गया है। माघ मेला 2026 के प्रमुख स्नान पर्वों में पौष पूर्णिमा (तीन जनवरी), मकर संक्रांति (14 जनवरी), मौनी अमावस्या (18 जनवरी), बसंत पंचमी (23 जनवरी), माघी पूर्णिमा (एक फरवरी) और महाशिवरात्रि (15 फरवरी) शामिल हैं।

### बेहतर कानून

अर्थव्यवस्था बनाने के विजन में उद्यमी सहयोग करना चाह रहे हैं। सीएम योगी के साथ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बढ़ाने के लिए भी विचार विमर्श किया गया। उत्तर प्रदेश में डिक्रिमिनलाइजेशन विधेयक लागू होने के बाद इंडस्ट्री का भरोसा और बढ़ा है। इसके साथ ही प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों और प्रोत्साहन के कारण ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर प्रतिनिधिमंड ने स्पष्ट रूप से कहा कि सख्त कानून-व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश का औद्योगिक वातावरण पूरी तरह बदल दिया है। निवेश निर्णयों के लिए आवश्यक सुरक्षा और प्रशासनिक स्थिरता प्रदेश में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। एक्सप्रेसवे, औद्योगिक कॉरिडोर, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स हब तथा बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के तेज विकास ने राज्य के औद्योगिक इकोसिस्टम को नई मजबूती प्रदान की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुए विचार-विमर्श में यह भी सामने आया कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस अब केवल नीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह जमीन पर प्रभावी रूप से लागू हो रहा है। प्रदेश सरकार की सिंगल-विंडो सिस्टम सेवा निवेश मित्र जहां वर्तमान में 43 विभागों की 525 से अधिक सेवाएं उपलब्ध है, जहा भौतिक हस्तक्षेप के बिना समयबद्ध डिजिटल स्वीकृतियों के चलते प्रदेश में उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया है। राज्य सरकार की प्रो-इंडस्ट्री नीति और त्वरित निर्णय क्षमता निवेश को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। इसी क्रम में उच्चीकृत निवेश मित्र 3.0 को जल्द लांच किया जायेगा जिसमें एआई व चैटबाट जैसी सुविधाओं से निवेशकों की निवेश यात्रा और आसान होगी।

प्रतिनिधियों ने कहा कि समग्र रूप से बेहतर कानून व्यवस्था, सशक्त इंफ्रास्ट्रक्चर, पारदर्शी प्रशासन और उद्योगों को मिल रहे सहयोग के चलते उत्तर प्रदेश एक विश्वसनीय और स्थिर निवेश राज्य के रूप में उभर रहा है। यही कारण है कि देशभर के विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगपति आने वाले समय में यूपी में नए निवेश और विस्तार योजनाओं को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इसके साथ ही प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि तय मानी जा रही है।

### सीएम योगी ने

भी निर्देश दिए। उन्होंने नाविकों से लगातार संवाद बढ़ाये जाने पर जोर दिया ताकि श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि घाट श्रद्धालुओं के लिए है, वहां किसी भी तरह का धरना प्रदर्शन तथा अराजकता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी हर कार्य की मॉनिटरिंग करें तथा किसी भी स्तर पर यदि बाधा होती है तो उसका अविलंब निस्तारण कराएं, ताकि अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि सीवरेज तथा पेयजल के लिए नगर निगम तथा जलनिगम अपनी कार्यप्रणाली पर गंभीरता से नजर रखें और सुनिश्चित करें कि नागरिकों को हर हाल में शुद्ध पेयजलापूर्ति सुनिश्चित हो। सड़कों पर अनावश्यक जाम रोकने हेतु वेडिंग जोन बनाकर रिक्शे तथा ठेले को व्यवस्थित करें तथा उपयुक्त स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाकर अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, रिक्शा स्टैंड को वहां व्यवस्थित करें।

### वेनेजुएला पर

पदार्थ ले जाने वाली नौकाओं पर हमला करने के बाद वह जल्द वेनेजुएला की धरती पर स्थित इस तरह के (मादक पदार्थ) ठिकानों पर हमले का आदेश दे सकते हैं। मादुरो ने अमेरिकी सैन्य अभियानों की निंदा करते हुए उन्हें सत्ता से बेदखल करने का एक छिपा हुआ प्रयास बताया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन से जब इस मामले में टिप्पणी करने का अनुरोध किया गया तो उसने यह अनुरोध व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) से करने को कहा। व्हाइट हाउस ने इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### छत्तीसगढ़ : दो

से 12 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार, मारे गए अधिकांश नक्सली माओवादियों की कोंटा क्षेत्र समिति के थे। अधिकारी के अनुसार, मारे गए नक्सलियों में से एक मंगडू बताया जा रहा है, जो उसी संगठन का सचिव था। चव्हाण ने बताया कि मंगडू इलाके में सक्रिय एक प्रमुख कैडर था और वह कई माओवादी घटनाओं में लिप्त था, जिसमें पिछले साल जून में कोंटा इलाके में एक बारूदी सुरंग विस्फोट की घटना भी शामिल है। इस घटना में तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (कोंटा) आकाश राव गिरेपुंजे की जान चली गई थी। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि बीजापुर में एक अलग अभियान के दौरान, जिले के दक्षिणी इलाके के एक जंगल में सुबह करीब पांच बजे मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से दो नक्सलियों के शव, एके-47, इंसास और एसएलआर राइफल सहित हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक, मारे गए नक्सलियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

### केकेआर ने

की है। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, कोलकाता नाइट राइडर्स पुष्टि करता है कि आईपीएल के नियामक बीसीसीआई-आईपीएल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र से पहले मुस्तफिजुर रहमान को टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया है। केकेआर ने कहा, भारतीय क्रिकेट बोर्ड के निर्देश पर उचित प्रक्रिया और परामर्श के बाद (खिलाड़ी को) रिलीज कर दिया गया है। बांग्लादेश में हाल ही में एक हिंदू व्यक्ति की हत्या और वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंता के मद्देनजर बांग्लादेशी क्रिकेटर की भागीदारी को लेकर बीसीसीआई पर दबाव बढ़ता जा रहा था। रहमान को टीम में रखने के कारण केकेआर के सह-मालिक और बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को भी आलोचना का सामना करना पड़ रहा था। सत्तारूढ़ भाजपा के कुछ नेताओं ने मौजूदा परिदृश्य में गेंदबाज को टीम में शामिल करने के फैसले पर सवाल उठाए थे। रहमान 2016 से आठ बार आईपीएल में खेल चुके हैं। उन्होंने केवल 2019 और 2020 में टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया था। वह सनराइजर्स हैदराबाद, मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स जैसी टीमों के लिए खेल चुके हैं। तीन बार के चैंपियन केकेआर ने पहली बार उन्हें अपनी टीम से जोड़ा था।

### लविवि के

को कार्यवाहक कुलपति बनाया गया था। फिलहाल अब पांच महीने बाद विश्वविद्यालय को पूर्णकालिक कुलपति मिल गया है।

### धामी ने

का संचार होता है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि माल्टा केवल एक फल नहीं, बल्कि उत्तराखंड की संस्कृति, परंपरा और पर्वतीय जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में बागवानी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी सोच के तहत राज्य सरकार द्वारा एप्पल मिशन और कीवी मिशन जैसी योजनाएं प्रारंभ की गईं, जिनके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। उसी क्रम में अब माल्टा मिशन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और बागवानी क्षेत्र को और सशक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि माल्टा की ब्रांडिंग और किसानों को बेहतर विपणन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।

प्रत्येक जिले में माल्टा महोत्सव आयोजित किया जाना इसी दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। दिल्ली में प्रस्तावित महोत्सव के माध्यम से उत्तराखंड के माल्टा को देश के बड़े बाजारों तक पहुंचाया जाएगा, जिससे किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार सेब, नाशपाती, कीवी, अखरोट, आडू तथा नींबू वर्गीय फलों के बागानों के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है। फसल आधारित क्लस्टर विकसित कर उत्पादन और विपणन की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। सरकार द्वारा माल्टा एवं गलगल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है।

### विराज सागर

कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते नजर आए। सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय पिलाने की व्यवस्था भी की गई।

बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी होती हैं। उनकी कोशिश किसी भी तरह सर्दी से बचने की होती है। बहुत से गरीबों को सर्दी में खुले आसमान के नीचे कांपते- ठिठुरते हुए रात बिताने को मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा ही हमारा संकल्प है। हमारी कोशिश है कि जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को असहज स्थिति में रात न बितानी पड़े। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही उनका उद्देश्य है।




# विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली की बड़ी जीत

## पंत के अर्धशतक से दिल्ली जीता, अक्षर ने गुजरात के लिए जड़ा शतक

एजेंसी



बेंगलुरु। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने खराब लय से उबरते हुए नाबाद अर्धशतक जड़ा जिससे दिल्ली ने शनिवार को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप डी के पांचवें दौर के मैच में सेना को आठ विकेट से हराकर जीत की राह पर वापसी की। दिल्ली ने सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (45 गेंदों पर 72 रन नाबाद) और पंत (37 गेंदों पर 67 रन नाबाद) के आक्रामक अर्धशतकों की बदौलत महज 19.4 ओवर में जीत के लिए मिले महज 178 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया।

इस जीत के साथ पंत की अगुवाई वाली टीम ने अपने नेट रन रेट (एनआरआर) में जबरदस्त सुधार किया जो पिछले दौर में अलूर में ओडिशा से मिली करारी हार के बाद बुरी तरह प्रभावित हुआ था। दिल्ली की टीम 16 अंकों और 0.803 के शानदार नेट रन रेट के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। इसके बाद हरियाणा (16 अंक, 0.460) दूसरे स्थान पर है। ओडिशा, रेलवे और सौराष्ट्र के 12-12 अंक हैं, जबकि गुजरात के आठ अंक हैं। पंत का पांच मैचों में यह दूसरा अर्धशतक था जो दो निराशाजनक प्रदर्शनों के बाद आया। यह नाबाद अर्धशतक उस दिन आया जब पंत को 11 जनवरी से शुरू होने वाली न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा (47 रन पर चार विकेट) और उभरते हुए दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव (28 रन पर तीन विकेट) ने सेना के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त किया। अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा (16 रन पर एक विकेट) ने भी एक विकेट लिया। सेना की टीम 26वें ओवर में 82 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद 42.5 ओवर में ऑल आउट हो गई। सार्थक रंजन (चार) के आउट होने के बाद दिल्ली के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने नीतीश राणा (33 गेंदों पर 32 रन) के साथ 93 रन की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने पंत के साथ 85 रन की अटूट साझेदारी करके 20 ओवर से पहले ही जीत की औपचारिकताएं पूरी कर दी। पंत ने अपनी बेबाक बल्लेबाजी शैली से चार चौके और छह छक्के लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 182 तक पहुंच गया, वहीं आर्य ने भी कप्तान साथ देते हुए नौ चौके और तीन छक्के जड़े। भारतीय हरफनमौला अक्षर पटेल की लिस्ट ए क्रिकेट में पहली शतकीय पारी से गुजरात ने अलूर में आंध्र को सात रन से हराया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के बाद विजय हजारे ट्रॉफी में अपना पहला मैच खेल रहे अक्षर ने 111 गेंद में 130 रन की पारी के साथ गुजरात को संकट की स्थिति से बाहर निकला।

गुजरात की टीम 99 रन पर पांचवां विकेट गंवाने के बाद संघर्ष कर रही थी लेकिन अक्षर ने अपनी पारी में 10 चौके और पांच छक्के लगाने के अलावा विशाल जायसवाल (60 गेंद में 70 रन) के साथ 142 रन की साझेदारी कर टीम को नौ विकेट पर 318 रन तक पहुंचाया। आंध्र की टीम सात विकेट पर 311 रन ही बना सकी। अक्षर ने गेंद से भी कमाल करते हुए दो विकेट लिये। रवि बिश्नोई को तीन सफलता मिली। युवा पार्थ वत्स के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन (60 रन पर तीन विकेट और 157 नाबाद) की बदौलत हरियाणा ने ओडिशा के खिलाफ 306 रनों के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए आसानी से जीत हासिल कर ली। इक्कीस साल के वत्स ने इस सत्र में रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया। उन्होंने 13 चौकों और पांच छक्कों की मदद से अपना दूसरा घरेलू शतक और पहला लिस्ट ए शतक शानदार अंदाज में जड़ा। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने पहले तीन विकेट लेकर ओडिशा को नौ विकेट पर 305 रन पर रोकने में अहम भूमिका अदा की। हरियाणा ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 14 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे लेकिन वत्स की शानदार पारी से टीम परेशानी में नहीं आई। ग्रुप एक अन्य मैच में आठ विकेट पर 294 रन बनाने के बाद रेलवे को 263 रन पर आउट कर 31 रन से जीत दर्ज की।

# हार्दिक पंड्या ने एक ओवर में पांच छक्के जड़े और 133 रन बनाये



राजकोट। हार्दिक पंड्या की 92 गेंद में 133 रन की आक्रामक पारी के बावजूद बड़ौदा को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में शनिवार को यहां विदर्भ के खिलाफ नौ विकेट की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। हार्दिक ने अपनी पारी में आठ छक्के और 11 चौके जड़े। उन्होंने इस दौरान पारी के 39वें ओवर में लगातार पांच छक्के और एक चौका भी लगाया। बड़ौदा का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 71 रन था लेकिन इसके बाद हार्दिक ने अपना कमाल दिखाते हुए टीम को नौ विकेट पर 293 रन तक पहुंचा दिया।

विदर्भ ने हालांकि लक्ष्य का पीछा करते हुए आसानी से जीत हासिल कर ली। अमन मोखाडे ने 121 गेंदों में 150 रन बनाकर नाबाद रहे और ध्रुव शोरे ने 76 गेंदों में 65 रन का योगदान दिया। टीम ने 294 रनों का लक्ष्य 41.4 ओवरों में ही हासिल कर लिया। विदर्भ की यह पांच मैचों में चौथी जीत थी, जबकि बड़ौदा को पांच मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा। इस प्रतियोगिता में अपना पहला मैच खेल रहे हार्दिक ने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तूफानी पारी खेली। इस तरह से वह अपने 119 वें मैच में लिस्ट ए में अपना पहला शतक जमाने में सफल रहे। हार्दिक ने 39वें ओवर में विदर्भ के स्पिनर पार्थ रेखाडे को निशाना बनाया। उन्होंने इस ओवर में कुल 34 रन बटोरे, जिसमें पांच छक्के और एक चौका शामिल था। उन्होंने पहली पांच गेंदों पर छक्के लगाए लेकिन आखिरी गेंद पर चौका ही लगा सके। हार्दिक के दबदबे का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि बड़ौदा की तरफ से दूसरा सर्वोच्च स्कोर विष्णु सोलंकी का था जिन्होंने 26 रन बनाए। ग्रुप के अन्य मैच में हैदराबाद ने राजकोट में तिलक वर्मा की 109 गेंद में 118 रन की पारी के बूते नौ विकेट पर 286 रन बनाने के बाद चंडीगढ़ की पारी को 150 रन पर समेट कर 136 रन की बड़ी जीत दर्ज की। भारतीय वनडे टीम में वापसी करने वाले मोहम्मद सिराज ने इस दौरान आठ ओवर में सिर्फ 19 रन देकर एक सफलता हासिल की। उत्तर प्रदेश ने 48 ओवर के मैच में समीर रिजवी की 45 गेंद में नाबाद 80 रन की पारी से पांच विकेट पर 322 रन बनाने के बाद जम्मू कश्मीर को आठ विकेट पर 264 रन पर रोक दिया।

टीम की 58 रन की जीत में जीशान अंसारी (49 रन पर तीन विकेट), कुलदीप यादव (47 रन पर दो विकेट), प्रशांत वीर (33 रन पर एक विकेट) और विप्रज निगम (51 रन पर एक विकेट) की स्पिन गेंदबाजों की चौकड़ी ने अहम योगदान दिया। ग्रुप के अन्य मैच में बंगाल ने असम को 85 रन से हराया। वहीं दूसरी ओर सिडनी के बॉडी बीच में हुई गोलीबारी की घटना को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच रविवार से यहां शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट मैच के लिए सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इस मैच के दौरान लंबी राइफलों से लैस पुलिस गश्त करेगी। ऑस्ट्रेलिया में किसी खेल प्रतियोगिता के दौरान अमूमन इस तरह की सुरक्षा नहीं देखी जाती है।

संक्षेप

## कर्नाटक ने त्रिपुरा को हराया

अहमदाबाद। भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने विजय हजारे ट्रॉफी में सत्र का अपना चौथा शतक लगाया जिससे सितारों से सजी कर्नाटक की टीम ने शनिवार को यहां ग्रुप ए में त्रिपुरा को 80 रन से हराकर अपनी पांचवीं जीत हासिल की। घरेलू क्रिकेट के दिग्गज पडिक्कल ने 120 गेंद में 108 रन बनाए और कर्नाटक ने सात विकेट पर 332 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर टीम ने त्रिपुरा को एक ओवर रहते 252 रन पर समेटकर आसान जीत हासिल की। अभी दो और लीग मैच खेले जाने हैं। कर्नाटक 20 अंक से शीर्ष पर है, उसके बाद मध्य प्रदेश (16), झारखंड (12) और केरल (12) की टीम हैं। त्रिपुरा के आठ अंक हैं। तमिलनाडु और राजस्थान के चार-चार अंक हैं। पडिक्कल ने सिर्फ 10 दिन में पांच मैच में 500 से अधिक रन बना लिए हैं।

## फुटबाल : रॉबर्टो कार्लोस को अस्पताल से छुट्टी मिली

साओ पाउलो। ब्राजील और रियाल मैड्रिड के पूर्व स्टार फुटबॉलर रॉबर्टो कार्लोस को इस सप्ताह के शुरू में की गई हृदय शल्यक्रिया के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अस्पताल विला नोवा स्टार ने शुक्रवार को यह घोषणा की लेकिन उसने इस बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी। रॉबर्टो कार्लोस को सोमवार को हृदय में कुछ परेशानी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस 52 वर्षीय खिलाड़ी को उसी दिन कोरोनरी एंजियोप्लास्टी कराने की सलाह दी गई। यह प्रक्रिया न्यूनतम चीर-फाड़ वाली होती है। इसमें दिल की अवरुद्ध या संकुचित धमनियों को चौड़ा किया जाता है। इस पूर्व डिफेंडर को चिकित्सा प्रोटोकॉल के कारण शुरू में गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था। रॉबर्टो कार्लोस एक जमाने में ब्राजील की टीम के अहम सदस्य थे। उन्होंने ब्राजील की तरफ से 125 मैच खेले। वह विश्व कप 1998 में उपविजेता और 2002 में चैंपियन रही ब्राजील की टीम के सदस्य थे। वह रियाल मैड्रिड की तरफ से 11 साल तक खेले।

## एसजी पाइपर्स ने सूरमा हॉकी को 3-1 से हराया

रांची। एसजी पाइपर्स ने शनिवार को यहां महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 3-1 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। एसजी पाइपर्स के लिए लोला रीरा (13वें मिनट), ज्योति सिंह (18वें मिनट) और सुनेलिता टोप्पो (58वें मिनट) ने गोल किए जबकि सूरमा के लिए पेनी स्क्विब (12वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया।

# सिराज न्यूजीलैंड श्रृंखला से करेंगे वनडे में वापसी

एजेंसी



नयी दिल्ली। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला के लिए शुक्रवार को चुनी गयी 15 सदस्यीय भारतीय टीम में वापसी की जबकि श्रेयस अय्यर भी फिटनेस मंजूरी मिलने पर इस टीम का हिस्सा होंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में नजरअंदाज किए गए सिराज की वनडे टीम में वापसी हुई है। नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में वनडे श्रृंखला के दौरान स्प्लीन (तिल्ली) में चोट लगने के कारण अस्पताल में भर्ती हुए अय्यर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) से फिटनेस मंजूरी पाने के लिए इस महीने विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी मैच फिटनेस साबित करनी होगी। दिग्गज हरफनमौला हार्दिक पंड्या को सीओई से मैच में 10 ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति नहीं मिली इसलिए चयनकर्ताओं ने उन्हें 11 जनवरी से वडोदरा में शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किया।

## एमआई एमिरेट्स ने आईएलटी 20 के फाइनल में बनाई जगह

शारजाह। एमआई एमिरेट्स ने अपने ऑलराउंड खेल का शानदार नजारा पेश करते हुए एक कम स्कोर वाले मैच में अबूधाबी नाइट राइडर्स को सात विकेट से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को एमआई एमिरेट्स का सामना डेजर्ट वाइपर्स से होगा। एमआई एमिरेट्स ने नाइट राइडर्स को केवल आठ विकेट पर 120 रन पर रोक दिया और फिर 16.1 ओवर में तीन विकेट पर 122 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। नाइट राइडर्स के लिए अलीशान शरफू ने 40 गेंदों में 50 रन बनाए, लेकिन एमआई एमिरेट्स ने नियमित अंतराल में विकेट लेकर उस पर दबाव बनाए रखा। एमआई एमिरेट्स की तरफ से एएम ग़ज़नफ़र ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मुहम्मद रोहिद और फजलहक फारुकी ने दो-दो विकेट हासिल किए।

# यूनाइटेड कप में स्टैन वावरिंका की जीत से शुरुआत

एजेंसी



पर्थ। इस सत्र के बाद संन्यास लेने की पहले ही घोषणा कर चुके स्टेन वावरिंका ने 40 वर्ष की उम्र में भी अपने दमखम का शानदार नमूना पेश करते हुए शनिवार को यहां यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट में जीत के साथ नए साल की शुरुआत की। तीन बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वावरिंका ने फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच को 5-7, 7-6 (5), 7-6 (5) से हराया। रिंडरकनेच की विश्व रैंकिंग 29 जबकि वावरिंका की 157 है। यह मैच तीन घंटे 16 मिनट तक चला। वावरिंका ने दिसंबर में घोषणा की थी कि यह वर्ष एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल होगा। वावरिंका ने मैच के बाद कहा आज का मुकाबला काफी कड़ा था। मैं पहली बार यहां आया हूं और इतना समर्थन मिलना अद्भुत है। मुझे एटीपी टूर में 20 साल हो गए हैं। आप लगभग हमेशा एक ही जगह और एक ही टूर्नामेंट में खेलते हैं। इसलिए मेरे लिए इस साल पर्थ में खेलने का यह अवसर मिलना बहुत ही शानदार है।

उन्होंने कहा मैं संन्यास के अपने फैसले से खुश हूं और इससे अधिक सहज महसूस कर रहा हूं। स्विट्जरलैंड की उनकी साथी खिलाड़ी बेलिंडा बेनसिच ने इस मिश्रित टीम प्रतियोगिता में इससे पहले फ्रांस की लियोलिया जीनजेन को 6-2, 6-4 से हराया था। इस तरह से स्विस टीम को 2-0 से अजेय बढ़त मिल गई। वहीं दूसरी ओर चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नाओमी ओसाका यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के दौरान अस्वस्थ महसूस कर रही हैं लेकिन उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन तक पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। ओसाका शुक्रवार को यूनान की मारिया सकारी से 6-4, 6-2 से हार गई थी। उन्होंने मैच के बाद कहा कि वह क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान वास्तव में बीमार हो गई थीं और इसलिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई। मैच के दौरान ओसाका को बीच-बीच में खांसी आ रही थी और वह थकी हुई लग रही थीं। उन्होंने कहा मैं कुछ स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी, इसलिए अभी यहां आकर खुशी हो रही है।

यह गंभीर नहीं है, लेकिन मैं उस स्तर का प्रदर्शन नहीं कर पा रही हूं जिस स्तर पर मैं करना चाहती हूं, जो थोड़ा निराशाजनक है। पिछले साल अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली ओसाका ने कहा मैं अब ठीक होने के करीब हूं, लेकिन अभी भी पूरी तरह ठीक नहीं हूं। मैं बस हर दिन बेहतर होने की कोशिश कर रही हूं। मुझे खांसी, नाक बहना और इस तरह की कई परेशानियां थीं, इसलिए उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले ये सब ठीक हो जाएगा।

## श्रेयस अय्यर खेलेंगे विजय हजारे ट्रॉफी

मुंबई। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पिछले साल अक्टूबर में लगी तिल्ली (स्पलीन) की चोट से उबरने के बाद अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं। वह विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई और हिमाचल प्रदेश के बीच छह जनवरी को होने वाले मैच में खेलेंगे लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला में उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर करेगी। सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मैच के दौरान अय्यर को चोट लगी थी। उन्हें तिल्ली में घाव और आंतरिक रक्तस्राव के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नवंबर की शुरुआत में अय्यर को टीम से रिलीज कर दिया था। इसके बाद दाएं हाथ का यह बल्लेबाज अब वापसी करने के करीब है। बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के एक सूत्र के अनुसार यह 31 वर्षीय खिलाड़ी अपनी घरेलू टीम मुंबई के लिए 50 ओवरों की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में खेलेगा। सूत्र ने पीटीआई से कहा श्रेयस दो जनवरी, 2026 को अपना पहला 50 ओवर का आरटीपी (रिटर्न टू प्ले) मैच खेलने में सफल रहे। वह पूरी तरह फिट होने की मंजूरी मिलने से पहले छह जनवरी को विजय हजारे ट्रॉफी के मैच के रूप में अपना दूसरा आरटीपी मैच खेलेंगे। इस प्रकार अय्यर एक अन्य भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के साथ खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# नीरज चोपड़ा रिहैबिलिटेशन पर दे रहे ध्यान

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने शनिवार को कहा कि स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा पिछले सितंबर में विश्व चैंपियनशिप से ठीक पहले लगी अपनी पीठ की चोट के रिहैबिलिटेशन पर ध्यान दे रहे हैं और उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि सत्र कब और कहां से शुरू करना है। चोपड़ा ने सितंबर 2025 में तोक्यो में विश्व चैंपियनशिप में पीठ की चोट के साथ हिस्सा लिया था और वह 84.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ आठवें स्थान पर रहे जो पिछले साल मई में उनके सत्र और व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 90.23 मीटर के प्रयास से काफी कम था। यह पूछने पर कि चोपड़ा का सत्र का पहला संभावित टूर्नामेंट कौन सा होगा तो एएफआई के प्रवक्ता आदिल सुमरिवाला ने कहा, वह (चोपड़ा) ब्रेक ले रहे हैं। वह अपनी चोटों से उबर रहे हैं। उन्हें दो चोटें लगी थीं। ध्यान रिहैबिलिटेशन पर है, मुझे लगता है कि यह सबसे अहम यही है, ना कि पहला टूर्नामेंट कौन सा होगा। सुमरिवाला ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लिया, उन्हें सलाम है। मैंने उनकी चोट, सूजन देखी है, फिर भी उन्होंने हिस्सा लिया। हमने उनसे कहा था, ऐसा मत करो। उन्होंने कहा नहीं सर, मैं कोशिश करूंगा। उन्होंने कभी ऐसा एक शब्द भी नहीं कहा कि मैं अपनी चोट की वजह से थ्रो नहीं कर पाया। एएफआई के पूर्व अध्यक्ष ने दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियनशिप खिताब विजेता चोपड़ा के रवैये की तारीफ करते हुए कहा, नीरज चोपड़ा जैसा कोई दूसरा नहीं है। मैंने ऐसे लोगों को देखा है जिन्होंने नीरज चोपड़ा के प्रदर्शन का हजारवां हिस्सा भी नहीं किया है, वे इतनी बातें करते हैं कि उन्हें यह चाहिए, उन्हें वह चाहिए। लेकिन यह लड़का (नीरज) कुछ नहीं कहता। उन्हें सलाम है। पिछले साल चोपड़ा ने मई में दोहा में डायमंड लीग प्रतियोगिता से पहले अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका में एक छोटे से टूर्नामेंट में सत्र की शुरुआत की थी जहां उन्होंने 90 मीटर का थ्रो किया था। 2024 में उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग से शुरुआत की थी। हाल में चोपड़ा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने गृह राज्य में दी गई शादी की रिसेप्शन की तस्वीरें शेयर की थीं। उन्होंने 2025 की शुरुआत में एक निजी कार्यक्रम में पूर्व टेनिस खिलाड़ी हिमानी मोर से शादी की थी। विश्व एथलेटिक्स द्वारा स्थापित एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) द्वारा जारी डोप जांच के लिए ताजा परीक्षण पूल में चोपड़ा और एक और भाला फेंक एथलीट सचिन यादव शामिल होने वाले भारतीय थे। यह पूछे जाने पर कि क्या आगे चलकर सूची में और भारतीय हो सकते हैं तो उन्होंने कहा, एआईयू एक स्वतंत्र संस्था है। वे विश्व एथलेटिक्स को रिपोर्ट नहीं करते हैं और ना ही किसी और को। इसलिए हमें नहीं पता कि उनकी सालाना योजना क्या है। आम तौर पर जब ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप की बात आती है तो जांच बढ़ जाती है। जिन्हें वे जानते हैं कि वे अल्टीमेट चैंपियनशिप (इस साल के आखिर में बुडापेस्ट में) के लिए क्वालीफाई करने वाले हैं तो एआईयू निश्चित रूप से उन लोगों को ट्रैक करेगा। उन्होंने कहा, एआईयू ने नीरज और सचिन को ही फिलहाल भारत से अल्टीमेट चैंपियनशिप में शामिल होने वाले दो एथलीट माना है। इसलिए वे उन्हें ट्रैक कर रहे हैं।

## पाक ने आईसीसी को विश्व कप की संभावित टीम सौंपी

लाहौर। पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय संभावित टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सौंप दी है, लेकिन अभी तक इसे सार्वजनिक नहीं किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वसनीय सूत्र ने यह जानकारी दी। आईसीसी ने इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए सभी टीमों से एक जनवरी तक अपनी संभावित टीम सौंपने के लिए कहा था और पीसीबी ने निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी कर ली थी। सभी टीमों को 31 जनवरी तक अपनी संभावित टीम में बदलाव करने की अनुमति है।

# एक गेंदबाज को 5 ओवर फेंकने की मिले अनुमति

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व अंपायर साइमन टॉफेल ने टी20 क्रिकेट में बल्ले और गेंद के बीच बेहतर संतुलन बनाने की अपील करते हुए सुझाव दिया है कि एक गेंदबाज को मौजूदा चार ओवर के कोटे के बजाय पांच ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति दी जानी चाहिए। अभी क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में प्रत्येक गेंदबाज को अधिकतम चार ओवर फेंकने की अनुमति है लेकिन टॉफेल का मानना है कि एक गेंदबाज को पांचवा ओवर करने की अनुमति देने से इस खेल में नया रणनीतिक आयाम जुड़ सकता है। ऑस्ट्रेलिया के इस 54 वर्षीय अंपायर ने क्रिकबज से कहा, मैंने कुछ अलग-अलग लीग को कुछ सुझाव दिए हैं, जिन पर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। लेकिन मैं सीमित ओवरों के क्रिकेट में बल्ले और गेंद के बीच संतुलन देखना चाहता हूं। उन्होंने कहा मैं चाहता हूं कि टी20 क्रिकेट में एक गेंदबाज पांचवां ओवर भी फेंके। अगर कोई बल्लेबाज पहली गेंद से लेकर आखिरी गेंद तक पूरी पारी में क्रीज पर रह सकता है तो फिर हम सभी गेंदबाजों को चार ओवर तक क्यों सीमित कर रहे हैं।


टी-20 क्रिकेट : साइमन टॉफेल

टॉफेल ने कहा क्या हम किसी एक गेंदबाज को एक अतिरिक्त ओवर दे सकते हैं, ताकि बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच कुछ संतुलन पैदा किया जा सके। मैं केवल इस बात पर गौर कर रहा हूं कि किस तरह से संतुलन पैदा किया जाए। टॉफेल ने 2004 और 2008 के बीच लगातार पांच बार आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर का पुरस्कार हासिल किया था।

# पार्ल रॉयल्स की एमआई केपटाउन पर जीत

एजेंसी



पार्ल (दक्षिण अफ्रीका)। लुआन ड्रे प्रिटोरियस 98 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे पार्ल रॉयल्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक रोमांचक मैच में एमआई केपटाउन को एक रन से हराया।

प्रिटोरियस शतक बनाने से चूक गए, लेकिन उनकी 69 गेंद पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से खेली गई शानदार पारी और आसा ट्राइब (34 गेंदों में 51 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की मदद से रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 181 रन बनाए। इसके जवाब में एमआई केपटाउन ने आठ विकेट 180 रन बनाए। रयान रिकेलटन (36) और रासी वैन डेर डुसेन (42 गेंदों में 59 रन) ने पहले विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी करके एमआई केपटाउन को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए और 15 ओवर तक उसका स्कोर छह विकेट पर 118 रन हो गया।

एमआई केपटाउन के कप्तान राशिद खान (18 गेंदों में 35 रन) ने जॉर्ज लिंडे (नाबाद 20) के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी करके टीम को संभाला। उसे अंतिम ओवर में 15 रन की जरूरत थी, लेकिन राशिद और कागिसो रबाडा के आउट होने से उसकी टीम लक्ष्य तक पहुंचने में नाकाम रही। रॉयल्स की तरफ से ओटनील बार्टमैन ने 51 रन देकर चार और सिकंदर रजा ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए।

## मयंक यादव फिटनेस हासिल करने के करीब

नयी दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज मयंक यादव पीठ के निचले हिस्से में ऐंठन के कारण लगभग एक साल तक मैदान से बाहर रहने के बाद अब अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी करने के लिए फिट होने के करीब हैं। इस 23 वर्षीय तेज गेंदबाज ने आईपीएल 2024 में अपनी तूफानी गेंदबाजी से सबका ध्यान खींचा था। इसके बाद वह सबसे छोटे प्रारूप में भारत के लिए भी खेले। हालांकि पीठ की चोट के कारण वह 2025 में केवल दो प्रतिस्पर्धी मैच ही खेल पाए।


# बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत की वंदनीय विरासत का अटूट हिस्सा

## पवित्र पिपरहवा अवशेष वियतनाम, थाईलैंड और रूस समेत उन विभिन्न देशों की यात्रा कर चुके हैं जहां बौद्धों की आबादी अधिक : पीएम मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को बुद्ध से जुड़ी वस्तुओं की एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और कहा कि ये केवल वस्तुएं नहीं हैं बल्कि भारत की वंदनीय विरासत का अटूट हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पवित्र पिपरहवा अवशेष वियतनाम, थाईलैंड और रूस समेत उन विभिन्न देशों की यात्रा कर चुके हैं जहां बौद्धों की आबादी अधिक है। उन्होंने कहा कि इन देशों में आस्था और भक्ति की लहरें उठीं तथा लोग बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पहुंचे। प्रधानमंत्री ने कहा भगवान बुद्ध की यह साझा विरासत इस बात का प्रमाण है कि भारत केवल राजनीति, कूटनीति और अर्थव्यवस्था के माध्यम से ही नहीं, बल्कि भावनाओं, आस्था और आध्यात्मिकता के गहरे बंधनों के माध्यम से भी जुड़ा हुआ है।

मोदी दक्षिण दिल्ली के किला राय पिथोरा सांस्कृतिक परिसर में लाइट एंड लोटसः रेलिक्स ऑफ द अवेकंड वंस नामक प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने याद दिलाया कि सरकार और गोदरेज समूह के हस्तक्षेप से ये पवित्र अवशेष 125 वर्षों से अधिक समय बाद भारत लाए गए हैं। मोदी ने कहा कि दोनों ने मिलकर पिछले साल मई में हांगकांग में इनकी नीलामी रोकी थी। प्रधानमंत्री ने बौद्ध विद्वानों, राजनयिकों और अन्य अतिथियों की



उपस्थिति में कहा, भारत के लिए, बुद्ध के पवित्र अवशेष केवल अवशेष नहीं हैं, बल्कि हमारी वंदनीय विरासत व सभ्यता का एक अटूट हिस्सा हैं। मोदी ने कहा भारत न केवल भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का संरक्षक है, बल्कि उनकी परंपरा का जीवंत वाहक भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका जन्मस्थान गुजरात का वडनगर बौद्ध अध्ययन का एक बहुत बड़ा केंद्र रहा है और वाराणसी के पास स्थित सारनाथ, जहां भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था, उनकी कर्मभूमि है। मोदी संसद में वाराणसी लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनने से पहले, उन्होंने एक तीर्थयात्री के रूप में बौद्ध स्थलों की यात्रा की थी, और प्रधानमंत्री के रूप में, उन्हें दुनिया भर के बौद्ध तीर्थ केंद्रों का दौरा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

मोदी ने कहा कि नेपाल के लुम्बिनी, जापान के तो-जी मंदिर और किंकाकु-जी, चीन के शीआन में स्थित जायंट वाइल्ड गूज पैगोडा तथा मंगोलिया के गांडन मठ की अपनी यात्राओं को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रीलंका के अनुराधापुरा में स्थित जया श्री महाबोधि की उनकी यात्रा सम्राट अशोक, भिक्षु महिंदा और संघमित्रा द्वारा स्थापित परंपरा से जुड़ने का एक अनुभव था। उन्होंने कहा कि थाईलैंड के वाट फो और सिंगापुर के बुद्ध टूथ रेलिक मंदिर की यात्राओं ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के प्रभाव के बारे में उनकी समझ को और गहरा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने बोधिवृक्ष के पौधे विश्व भर के बौद्ध तीर्थ स्थलों तक पहुंचाने का विशेष प्रयास किया। उन्होंने कहा, मानवता के लिए उस गहरे संदेश की कल्पना की जा सकती है जब परमाणु बम से तबाह हुए शहर हिरोशिमा के वनस्पति उद्यान में एक बोधि वृक्ष खड़ा होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है कि बौद्ध विरासत स्वाभाविक रूप से अगली पीढ़ियों तक पहुंचे।

# दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज, वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से 1.2 डिग्री अधिक है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, तीन से छह जनवरी के बीच शहर में कुछ स्थानों पर शीतलहर चलने की संभावना है। न्यूनतम तापमान जब औसत तापमान से 4.5 डिग्री सेल्सियस से 6.5 डिग्री सेल्सियस तक कम हो जाता है, तो शीतलहर की घोषणा की जाती है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पालम में न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक है।

इसी तरह लोधी रोड में तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक यानी आठ डिग्री सेल्सियस, रिज में तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक यानी नौ डिग्री सेल्सियस और आयानगर में न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.1 डिग्री कम है। सुबह नौ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 95 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 240 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

## संक्षेप

### यमन के अलगाववादियों ने स्वतंत्र दक्षिणी क्षेत्र के लिए संविधान की घोषणा की

अदन (यमन)। यमन के अलगाववादियों ने शुक्रवार को दक्षिण में एक स्वतंत्र राष्ट्र के लिए संविधान की घोषणा की और युद्धग्रस्त देश के अन्य गुटों से इसे स्वीकार करने को कहा। यह कदम खाड़ी के शक्तिशाली देशों सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच टकराव को और बढ़ा सकता है। संयुक्त अरब अमीरात समर्थित सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल (एसटीसी) ने इस घोषणा को दक्षिण की स्वतंत्रता की घोषणा के रूप में चित्रित किया लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस कदम को वास्तव में लागू किया जा सकेगा या यह केवल प्रतीकात्मक होगा। इसी बीच, संयुक्त अरब अमीरात ने शनिवार तड़के घोषणा की कि उसने यमन से अपने सभी सैनिकों को पूरी तरह से वापस बुला लिया है। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार सुबह घोषणा की कि यमन से उसके सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मंत्रालय ने स्थानांतरित किए गए सैनिकों और उपकरणों की संख्या के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। इससे पहले, एसटीसी से जुड़े लड़ाकों ने सऊदी समर्थित बलों से दक्षिण के दो प्रांतों का नियंत्रण पिछले महीने अपने हाथ में ले लिया था और दक्षिण के प्रमुख शहर अदन में राष्ट्रपति भवन पर भी कब्जा कर लिया था।

# बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी को लेकर, 13 नेताओं ने दिया इस्तीफा

ढाका। बांग्लादेश में फरवरी में होने वाले चुनाव से पहले जमात-ए-इस्लामी के साथ गठबंधन को लेकर पिछले आठ दिन में छात्रों के नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के 13 केंद्रीय नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

वेब पोर्टल द बिजनेस स्टैंडर्ड ने शनिवार को खबर दी कि जमात के साथ गठबंधन के अलावा, इन नेताओं ने एनसीपी के खिलाफ कई आरोप भी लगाए हैं, जिनमें निर्णय लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और राजनीतिक समझौते शामिल हैं। खबर के अनुसार, आपत्तियों के बावजूद जमात के प्रमुख शफीकुर रहमान ने पिछले सप्ताह ढाका के नेशनल प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एनसीपी के साथ गठबंधन की औपचारिक घोषणा कर दी।

गठबंधन की औपचारिक घोषणा से पहले ही एनसीपी के 30 केंद्रीय नेताओं ने पार्टी संयोजक नाहिद इस्लाम को एक ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित समझौते पर आपत्ति जताई थी।

# नये आपराधिक कानूनों पर 3 दिवसीय प्रदर्शनी शुरू

एजेंसी

श्री विजय पुरम। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के श्री विजयपुरम (पहले पोर्ट ब्लेयर) स्थित आईटीएफ मैदान में नये आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी का शनिवार को उद्घाटन किया। तीन दिन की इस प्रदर्शनी का मकसद लोगों को तीन नयी न्याय संहिता और सुधारों के प्रमुख बिंदुओं से अवगत कराना है।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हरगोबिंदर सिंह धालीवाल ने नवीन न्याय संहिता प्रदर्शनी में शाह का स्वागत किया और उन्हें आयोजन को



सफल बनाने की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के तहत किए गए सुधारों पर प्रकाश डालने वाले पोस्टर से सजे 10 कियोस्क और स्टॉल लगाए गए हैं। अधिकारी के मुताबिक, अंडमान और निकोबार पुलिस तीनों नये कानूनों पर एक संवाद सत्र का भी आयोजन कर रही है।

उन्होंने कहा, यह नागरिकों पर केंद्रित प्रदर्शनी है, जिसमें जांच में फॉरेंसिक तकनीक और अन्य प्रौद्योगिकियों को अनिवार्य रूप से शामिल किए जाने की पहल पर विशेष ध्यान दिया गया है। हमने नागरिकों के लिए विशेष कियोस्क भी स्थापित किए हैं, जिनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए लागू नये प्रावधानों की जानकारी दी गई है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश को मैकाले की मानसिकता से निकालेगी बाहर : प्रधान

नागपुर। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) देश की नयी पीढ़ी को मैकाले मानसिकता से बाहर निकालने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को लागू करने का माध्यम होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 29 जुलाई, 2020 को घोषित की गई थी। इसमें स्कूली शिक्षा के साथ-साथ उच्च और तकनीकी शिक्षा में भी कई सुधारों का प्रस्ताव है। प्रधान एक कार्यक्रम के लिए यहां आये थे और उन्होंने इस दौरान पीटीआई-वीडियो से बात करते हुए कहा कि एनईपी अब अपने छठे वर्ष में है, यह एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि देश को मैकाले मानसिकता से बाहर निकलने की जरूरत है। एनईपी 2020 देश की नयी पीढ़ी को मैकाले मानसिकता से बाहर निकालने का माध्यम बनेगी। प्रधान ने कहा भारत युवाओं का देश है और शिक्षा विभाग की यह जिम्मेदारी है कि वह मातृभाषा में शिक्षा, योग्यता और कौशल आधारित अध्ययन के माध्यम से युवाओं और भावी पीढ़ियों को तैयार करे।

# शहरी विकास को लेकर महाराष्ट्र सरकार का दृष्टिकोण दीर्घकालिक

एजेंसी



सांगली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि शहरी विकास को लेकर उनकी सरकार का दृष्टिकोण दीर्घकालिक है जो आधुनिक शहर सुनिश्चित करता है। फडणवीस 88 सदस्यीय सांगली-मिराज-कुपवाड नगर निगम चुनाव के सिलसिले में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोगों से 15 जनवरी को होने वाले चुनाव में भाजपा नीत गठबंधन को बहुमत देने का आग्रह किया ताकि विकास प्रक्रिया में कोई रुकावट न आए। उन्होंने कहा हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सांगली आधुनिक सुविधाओं से लैस एक स्वच्छ शहर बने। सांगली में हवाई अड्डा के लिए पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट पर काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने सांगली में एक ट्रक टर्मिनल तथा मिराज में संगीत विरासत पार्क और वाद्य यंत्र संग्रहालय बनाने का भी वादा किया। फडणवीस ने रैली में कहा कि उनकी सरकार ने अतिक्रमणों को नियमित करने का फैसला किया है ताकि झुग्गीवासियों को पुनर्विकास में स्वामित्व अधिकार मिल सकें। उन्होंने कहा, सांगली और कोल्हापुर के लिए बाढ़ जल निकासी परियोजना पर काम चल रहा है। इसके तहत बाढ़ के पानी को पश्चिमी महाराष्ट्र और मराठवाड़ा के सूखाग्रस्त क्षेत्रों की ओर मोड़ा जाएगा।

# ईरान में मृतको की संख्या दस हुई

दुबई। ईरान के सर्वोच्च नेता ने शनिवार को देश में अशांति उत्पन्न करने वाले विरोध प्रदर्शनों पर कहा कि दंगाइयों पर सख्ती करनी होगी। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की ये टिप्पणियां एक सप्ताह से जारी प्रदर्शनों के प्रति अधिकारियों को अधिक आक्रामक रुख अपनाने की अनुमति देने का संकेत प्रतीत होती है। ईरान की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के कारण भड़के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में कम से कम 10 लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसे में 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की यह पहली टिप्पणी सामने आई है।

# एनसीसी के एक लाख कैडेट को मिलेगा प्रशिक्षण

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने शनिवार को कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान त्वरित सहायता के लिए एक लाख कैडेट को प्रशिक्षित करने की योजना बना बनाई जा रही है। दिल्ली कैंट में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए

**प्राकृतिक आपदा की स्थिति में सबसे पहले देंगे प्रतिकिया**

वत्स ने कहा कि इन कैडेट को युवा आपदा मित्र के रूप में जाना जाएगा, उन्हें प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय डाटाबेस से जोड़ा जाएगा, ताकि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर देश उनकी सेवाओं का उपयोग कर सके। उन्होंने बताया कि एनसीसी ने देशभर में चार से पांच केंद्र स्थापित करने पर भी काम शुरू कर दिया है, जहां चयनित कैडेट को ड्रोन और काउंटर-ड्रोन से



संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा, 10,000 कैडेट को साइबर योद्धा के रूप में तैयार करने की योजना पर भी काम जारी है। लेफ्टिनेंट जनरल वत्स ने कहा ये कैडेट डिजिटल सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, क्योंकि आज साइबर क्षेत्र का तेजी से सैन्यकरण हो रहा है।

उन्होंने बताया कि इन्हें भी राष्ट्रीय डाटाबेस से जोड़ा जाएगा। वत्स ने यह घोषणा भी की कि एनसीसी के इतिहास में वर्ष 2026 की गणतंत्र दिवस परेड में इसके परेड और दल कमांडर तलवार लेकर मार्च करेंगे।

## इंटरटेनमेंट...

# धुरंधर 2, रामायण, किंग व बैटल आफ गलवान से उम्मीद

मुंबई। सिनेमाघरों में मिले-जुले प्रदर्शन वाले साल के बाद हिंदी फिल्म उद्योग को उम्मीद है कि वर्ष 2026 बॉक्स ऑफिस पर बेहतर साबित होगा। इस साल कई बड़े बजट और चर्चित फिल्मों की रिलीज से कारोबार में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है।

इस साल कई बड़ी फिल्मों के रिलीज होंगी जिनमें सलमान खान की बैटल ऑफ गलवान, शाहरुख खान की किंग भी शामिल है। साथ ही, बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने वाली फिल्म धुरंधर का दूसरा भाग 20 मार्च को सिनेमाघरों में आएगा। फिल्म एनिमल के अभिनेता रणबीर कपूर रामायण के जरिए बड़े पर्दे पर जोरदार वापसी करेंगे। यह फिल्म भारत में बनी अब तक की सबसे महंगी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। इसके अलावा संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया भट्ट और अभिनेता विक्की कौशल के साथ नजर आएंगे। हिंदी फिल्म उद्योग के लिए साल की शुरुआत भी सकारात्मक संकेतों के साथ हुई है। श्रीराम राघवन की 1971 भारत पाकिस्तान के युद्ध पर आधारित बायोपिक इक्कीस को समीक्षकों से अच्छी प्रतिक्रियाएं मिली हैं। इक्कीस के बाद दर्शकों को सनी देओल अभिनीत फिल्म बॉर्डर 2 देखने को मिलेगी। यह फिल्म भी उक्त युद्ध की पृष्ठभूमि पर

**बालीवुड को 2026 की फिल्में**

आधारित है। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। आदित्य धर की





फिल्म धुरंधर रिलीज के चौथे सप्ताह में भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने भारत में 700 करोड़ रुपये से अधिक और वैश्विक स्तर पर 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। सलमान खान की बैटल ऑफ गलवान का हाल ही में पहला ट्रेलर जारी किया गया है।

वास्तविक घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म 17 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में सिनेमाघरों के मालिक वितरक-प्रदर्शक अक्षय राठी को उम्मीद है कि 2026 में हर महीने एक ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म होगी। राठी ने बताया, यह फिल्मों की एक बेहद रोमांचक सूची है। हमारे पास भारी कमाई करने वाली बड़ी फिल्में हैं और 2026 भारतीय सिनेमा के इतिहास के सबसे ऐतिहासिक वर्षों में से एक साबित हो सकता है। धुरंधर को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह के बाद इस बात की पूरी संभावना है कि धुरंधर 2 पहले दिन बेहतरीन कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनेगी।

# नूपुर सेनन ने स्टेबिन बेन के साथ सगाई की

नयी दिल्ली। अभिनेत्री और गायिका नूपुर सेनन ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सगाई की कई तस्वीरें साझा कीं। अभिनेत्री ने साहिबो फेम स्टेबिन बेन से सगाई की है। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर प्रपोजल की कई तस्वीरें अपलोड कीं। पहली तस्वीर में बेन घुटनों के बल बैठकर शादी का प्रस्ताव रखते नजर आ रहे हैं और पीछे खड़े लोग क्या तुम मुझसे शादी करोगी? लिखे चार्ट पकड़े हुए थे। साथ ही अंगूठी की भी कुछ क्लोज-अप तस्वीरें थीं। बेन ने गहरे नीले रंग के फॉर्मल कपड़े पहने थे, जबकि सेनन ने गुलाबी फूलों से सजी हल्के नीले रंग की हॉल्टर ड्रेस पहनी थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, संभावनाओं से भरी दुनिया में, मुझे अब तक का सबसे आसान हां कहने का मौका मिला।

# मामूली बदलावों के बाद धुरंधर पुनः रिलीज

मुंबई। हिंदी सिनेमा की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्मों में शुमार रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म धुरंधर को मामूली बदलावों के बाद दोबारा रिलीज किया गया है, जिसमें कुछ शब्द और एक डायलॉग सुनाई नहीं पड़ेंगे। अधिकारियों ने बताया कि आदित्य धर फिल्म्स ने ये बदलाव स्वयं ही करने का निर्णय लिया और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से इस संबंध में कोई निर्देश नहीं था। उन्होंने बताया कि फिल्म निर्माताओं ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से इन बदलावों के बारे में संपर्क किया था, जिनमें बलोच और इंटेलिजेंस जैसे शब्दों वाले संवाद सुनाई नहीं पड़ेंगे।

# भारत-पाक बॉर्डर के पास 'बॉर्डर 2' का गीत लॉन्च

मुंबई। राजस्थान के जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर सनी देओल स्टारर फिल्म बॉर्डर 2 का गीत घर कब आओगे इरऋ जवानों के बीच लॉन्च हुआ। इस खास कार्यक्रम में एक्टर सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी, गायक सोनू निगम और फिल्म के को-प्रोड्यूसर भूषण कुमार और निधि दत्ता समेत कई लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सनी ने कहा कि उन्होंने फिल्म बॉर्डर अपने पिता धर्मेंद्र की वजह से की थी।





इवेंट के दौरान सनी देओल ने बताया कि उन्होंने कहा कि बचपन में उन्होंने अपने पिता की फिल्म हकीकत देखी थी, जो उन्हें बहुत पसंद आई थी। उस वक्त वह काफी छोटे थे। जब सनी देओल एक्टर बने, तो उन्होंने सोचा कि वह भी अपने पिता की तरह देशभक्ति पर आधारित फिल्म करेंगे। इसी सोच के साथ उन्होंने जे.पी. दत्ता से बात की और फिर फिल्म बॉर्डर बनी। चिट्ठी आने पर जवान खुले मैदान में मुस्कुराते हुए साथियों के बीच खुशी जताते हैं। गाने

**जवानों के बीच 'घर कब आओगे' रिलीज**

के भावुक सीन्स में नजर आए दिलजीत दोसांझ-सोनम बाजवा और अहान शेट्टीझआन्या सिंह। गाने के लॉन्च इवेंट में सनी देओल-वरुण धवन मंच से जवानों का अभिवादन करते हुए। जैसलमेर में भारतझपाक बॉर्डर के पास जवानों के साथ उनके परिवार भी मौजूद रहे। फिल्म बॉर्डर 2 के कलाकारों ने जवानों के साथ डांस भी किया। लॉन्च इवेंट में बड़ी संख्या में इरऋ जवान और अधिकारी मौजूद रह। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान के पारंपरिक लोक नृत्य का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान लोक नृत्य देखते हुए अहान शेट्टी और वरुण धवन। एयरपोर्ट पर अहान शेट्टी ऑफ-व्हाइट रिब्ड स्वेटर, ब्लू जींस और डार्क सनग्लासिस में नजर आए। एयरपोर्ट में निधि दत्ता-भूषण कुमार तस्वीरें क्लिक करवाते हुए। 1997 की फिल्म बॉर्डर का गीत घर कब आओगे हिंदी सिनेमा के सबसे लोकप्रिय देशभक्ति गीतों में गिना जाता है। बता दें कि गाने के नए वर्जन में सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ के अलावा अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और दिलजीत दोसांझ की आवाजें शामिल हैं।





Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com